# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**आज अमृत स्नान**

श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं

## महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार

# माघ पूर्णिमा पर आज बन सकता है 'नया रिकॉर्ड'

*महा शिवरात्रि तक स्नानार्थियों की संख्या 50 से 55 करोड़ के ऊपर जा सकती है*

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी।

**»** *मंगलवार से ही मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित*

**»** *रेलवे ने फंसे श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने विशेष ट्रेनें चलाईं*

### भीड़-भाड़ को कम करने डिजिटल टोकन प्रणाली शुरू

*प्रशासन ने भीड़-भाड़ को कम करने के लिए स्नान घाटों तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के लिए एक डिजिटल टोकन प्रणाली भी शुरू की। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि कुंभ एक समावेशी आध्यात्मिक अनुभव बना रहे।*



## अंबानी परिवार की 4 पीढ़ियां एक साथ पहुंची महाकुंभ

मां कोकिलाबेन भी प्रयागराज में

दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी अपने परिवार की 4 पीढ़ियों के साथ महाकुंभ पहुंचे। मां कोकिलाबेन अंबानी भी प्रयागराज आई हैं। अंबानी अपने परिवार के साथ प्रयागराज के अरैल घाट पहुंचे हैं। उनके साथ मां कोकिलाबेन अंबानी, बेटे अनंत और आकाश अंबानी, आकाश की पत्नी श्लोका मेहता और उनके दोनों बच्चे पृथ्वी और वेदा को भी कड़ी सुरक्षा के बीच अरैल घाट पर नाव की ओर ले जाया गया है। कोकिलाबेन अंबानी अपनी दोनों बेटियों के साथ महाकुंभ में शामिल होने के लिए त्रिवेणी संगम पहुंचीं व डुबकी लगाई।

### वाराणसी में फिर बढाई गईं स्कूलों की छुट्टियां

वाराणसी जिला प्रशासन ने एक बार फिर स्कूलों को 14 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया है। वाराणसी शहरी क्षेत्र में कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है और तब तक ऑनलाइन शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### औसत कर 15.8% से घटकर 11.3% हुआ



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) के तहत अप्रत्यक्ष कर इसके लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में काफी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछली अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के तहत औसत कर 15.8 प्रतिशत था, जीएसटी के तहत यह अब घटकर 11.3 प्रतिशत हो गया है।

### आईआईटी कानपुर में छात्र ने दी जान



**कानपुर।** आईआईटी से केमिस्ट्री से पीएचडी कर रहे छात्र अंकित यादव ने अपने हॉस्टल के कमरे में सोमवार को सुसाइड कर लिया। इस घटना की जानकारी तब लगी, जब छात्र की फ्रेंड उससे मिलने गई और दरवाजा बंद पाया। इसके बाद फ्रेंड ने खिड़की से देखा तो शव फंदे से लटक रहा था। छात्र नोएडा का रहने वाला था।

### 5 दिन में 18.64 लाख करोड़ रु.का नुकसान



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों के बीच डर गहराता जा रहा है। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स 2.82% या 2215 अंक टूट चुका है, जबकि निफ्टी 50 2.91 फीसदी या 692 अंक गिर चुका है। पिछले पांच दिन के दौरान बीएसई के मार्केट कैपिटलाइजेशन से 18,63,747 करोड़ रुपए घट गए हैं। निफ्टी 926.50 अंक या 1.84% टूट चुके हैं।

**मोहन कैबिनेट में अभूतपूर्व फैसले**

## मप्र में पहली बार एक साथ 7 पॉलिसी को कैबिनेट से मिली मंजूरी

# 20 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार 25 लाख करोड़ रु.का होगा निवेश

24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में 21 पॉलिसी लांच की जाएंगी

प्रधानमंत्री करेंगे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ, गृहमंत्री मंत्री शाह समिट के समापन सत्र में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की करीब पौने दो घंटे तक चली बैठक में मंगलवार को अभूतपूर्व निर्णय हुए। पहली बार एक साथ 7 औद्योगिक, अधोसंरचना विकास, व्यापार सरलीकरण, उद्योगों को आगे बढ़ाने वाली पॉलिसी मंजूर की गई, जिससे मप्र के 20 लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। करीब 25 लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा।

**ये भी फैसले**

1. जीआईएस को लेकर 17 सदस्यीय कमेटी गठित
2. निवेशकों की सहूलियतों के लिए 30 अनुमतियों को 12 किया गया
3. पहली बार एफडीआई को बढ़ावा देने डायरेक्ट पॉलिसी बनाई
4. मप्र के युवाओं को 75 फीसदी रोजगार देने वाले उद्योगों को सब्सिडी की राशि दी जाएगी



**ये हैं 7 पॉलिसी**

- उद्योग संवर्धन पॉलिसी
- सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी
- एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी
- लॉजिस्टिक पॉलिसी
- पर्यटन व फिल्म पॉलिसी
- सोलर व हाइड्रो पॉलिसी
- पंप स्टोरेज

### सभी अनुमतियों को समय-सीमा में देने का नियम बनाया

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इसमें कई मंत्री, स्थानीय विधायक, महापौर के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है। कमेटी सभी विभागों के साथ समन्वयन स्थापित कर जीआईएस को बेहतर ढंग से संपन्न कराने में मदद करेगा। निवेशकों, उद्योगपतियों को सहूलियत देने के लिए सरकार ने निवेश करने व उद्योग लगाने के लिए जरूरी 30 अनुमतियों को कम करके 12 कर दिया है। सभी अनुमतियों को समय-सीमा में देने का नियम बनाया गया है।

### अब वेयर हाउस की जगह लॉजिस्टिक पार्क बनेगा

सरकार ने पहली बार एफडीआई को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इसके लिए अलग से पॉलिसी बनाई गई है। अब वेयर हाउस की जगह लॉजिस्टिक पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है। हाल में ही मप्र को मोस्ट फ्रेंडली स्टेट के लिए सम्मानित किया गया है। सरकार ने फिल्म प्रमोशन के लिए फिल्म के साथ ही कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा।

### जनजातीय भाषाओं में फिल्म बनाने पर 10% अतिरिक्त अनुदान

कैबिनेट ने फिल्म पर्यटन अनुकूल राज्य बनाने और राज्य में फिल्म उद्योग के माध्यम से अधिकाधिक निवेश एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के उद्धेश्य से मप्र फिल्म पर्यटन नीति 2025 की स्वीकृति दी हैं। जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए मालवी, बुंदेलखंडी, बघेलखंडी, निमाडी, गोंडी, भीली, कोरकू जैसी स्थानीय भाषाओं पर आधारित फिल्मों के लिए 10% अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा।

### 100 करोड़ की योजनाओं के लिए भूमि का सीधा आवंटन

कैबिनेट ने प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गंतव्य के रूप मे स्थापित करने के लिए पर्यटन नीति 2025 की स्वीकृति दी है। नीति के तहत गोल्फ, कन्वेंशन सेंटर, वेलनेस रिसोर्ट, क्रूज, अंतर्प्रदेशीय वायु सेवा, हेरिटेज होटल, रोप-वे, म्यूजियम, लाइट एंड साउंड शो आदि के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जाएगा। अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं (निवेश 100 करोड़ रुपए से अधिक) को कलेक्टर गाइडलाइन दर पर 90 वर्षों के लिए उपलब्ध विभागीय भूमि का सीधा आवंटन किया जाएगा।

### मप्र में फिल्म बनाने पर इतना मिलेगा अनुदान

फीचर फिल्म के लिए अनुदान अधिकतम 2 करोड़ रुपए तक, वेब सीरीज के लिए अनुदान अधिकतम एक करोड़ 50 लाख रुपए, टीवी शो-सीरियल्स के लिए अनुदान अधिकतम एक करोड़, डॉक्युमेंट्री के लिए अनुदान अधिकतम 40 लाख रुपए, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म के लिए अनुदान अधिकतम 1.3 मिलियन यूएस डॉलर (10 करोड़ रुपए तक), शॉर्ट फिल्मों के लिए अधिकतम अनुदान 15 लाख रुपए तक प्रदान किया जागा। वित्तीय अनुदान तब दिया जाएगा, जब कुल शूटिंग दिवसों में 75% शूटिंग दिवस मप्र में किया गया हो।

### विदेशी उद्योग समूहों और वाणिज्यिक दूतावासों के साथ दिल्ली में आज बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समिट में विदेशों से आने वाले उद्योग और व्यापार समूहों तथा विभिन्न देशों के वाणिज्यिक दूतावासों से बेहतर तालमेल और समन्वय के लिए 12 फरवरी को नई दिल्ली में विशेष बैठक होने जा रही है।

**संसद में भाजपा सांसद ने नदियों में रेत खनन पर जताई चिंता**

## अवैध रेत खनन से नर्मदा पर खतरा इससे नदी का मूल स्वरूप बदल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन और औद्योगिक ईकाइयों का वेस्ट नर्मदा में मिलने का मामला संसद में भाजपा के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उठाया है। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी तरीके से अत्यधिक रेत खनन के कारण नर्मदा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। नर्मदापुरम से भाजपा सांसद चौधरी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान पहले नर्मदा मैया का जयकारा लगाया और कहा- जीवनदायिनी मां नर्मदा के संरक्षण की आज अति आवश्यकता है। नर्मदा नदी न केवल मध्य प्रदेश बल्कि गुजरात की जीवन रेखा है। देश की अधिकतम नदियां फ्रेश वाटर बॉडी, औद्योगिक प्रदूषण, अति उपभोग व संरक्षण के अभाव में ह्यूमन कंजप्शन के लिए अनफिट होती जा रही हैं। मां नर्मदा के संरक्षण के लिए मैं जल मंत्रालय से निवेदन करता हूं।



नेता प्रतिपक्ष सिंघार बोले- 20 साल से भाजपा की सरकार

### साबरमती की तर्ज पर रिवर फ्रंट बनाया जाए

सांसद चौधरी ने कहा- साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर नर्मदा पुरम में विश्व स्तरीय नर्मदा रिवर फ्रंट का विकास किया जाए। नर्मदा नदी विकास प्राधिकरण डेट बढ़ाकर इन संरक्षण के उपाय को करने के लिए एक इंस्टीट्यूशनल मेकेनिज्म बनाया जाए।

मॉब लिंचिंग पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## दिल्ली में बैठकर सभी मामलों की कतई निगरानी संभव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग से जुड़ी एक जनहित याचिका का मंगलवार को निपटारा किया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बैठकर मॉब लिंचिंग के मामलों का प्रबंधन नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 2018 के फैसले का हवाला दिया। इसमें भीड़ और गोरक्षकों द्वारा की जाने वाली हिंसा जैसे अपराधों से निपटने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। पीठ ने कहा कि दिल्ली में बैठकर हम देश के विभिन्न राज्यों में होने वाली घटनाओं की निगरानी नहीं कर सकते। जनहित याचिका में राज्यों को 2018 के फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि लिंचिंग और भीड़ हिंसा की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

पीड़ित व्यक्ति सक्षम अदालतों का दरवाजा खटखटा सकता है



### पर्याप्त व उचित मुआवजा एक समान संभव नहीं

लिंचिंग पीड़ितों को लगी चोटों के लिए मुआवजे के रूप में न्यूनतम एक समान राशि प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने के लिए एक अन्य प्रार्थना पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि पर्याप्त और उचित मुआवजा क्या हो सकता है, क्योंकि यह हर मामले में अलग-अलग होगा। यदि ऐसी घटना में किसी व्यक्ति को साधारण चोट लगी है और दूसरे को गंभीर चोटें आई हैं, तो एक समान मुआवजा देने का निर्देश अन्यायपूर्ण होगा।

**डबरा में एक युवक की प्यार में गई जान**

## रात को प्रेमिका से मिलने पहुंचा घर परिजनों ने पीट-पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबरा

**एक युवक को प्यार करना भारी पड़ गया और उसे अपनी जान गवानी पड़ी। यह पूरा मामला ग्वालियर जिले के भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम सर्वा है। युवक की गलती इतनी थी की वो देर रात अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए घर चला गया।**

इस दौरान घर में दाखिल होते जब लड़की के परिजनों ने देखा तो उसकी लाठी डंडों से बेरहमी से पीट पीटकर हत्या कर दी। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के बरउआ निवासी गवेद्र बघेल (25) साल दो दिन पहले अपनी बहन के यहां आया हुआ था। बताया जा रहा है कि बहन के घर के पास ही युवक की प्रेमिका रहती थी। जिससे मिलने के लिए प्रेमी देर रात उसके घर चला गया। इस दौरान घर में घुसते परिजनों ने देख लिया तो उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिसकी वजह से वो गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



### 3 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज

इधर मौत के बाद युवक के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक युवक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच में जुट गई हैं।

**पूर्व में लोकायुक्त तीनों को रिमांड पर लेकर कर चुकी है पूछताछ**

ईडी की रिमांड पूरी होने के बाद फिर होंगे कोर्ट में पेश

## राज उगलवाने ईडी की फिर कवायद...सौरभ, सहयोगी चेतन, पार्टनर शरद को 17 तक 'रिमांड' पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद तीनों को 17 फरवरी तक की रिमांड पर सौंप दिया गया है। ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत तीनों से पूछताछ करेगी। इसके अलावा छापे में मिली बेहिसाब प्रॉपर्टी, इनोवा में मिले गोल्ड और कैश के संबंध में भी पूछताछ की जानी है।

### *जेल में हुई पूछताछ से नहीं निकला था कोई निष्कर्ष*



4 फरवरी को सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर को लोकायुक्त पुलिस ने कोर्ट में पेश किया गया था। यहां कोर्ट ने तीनों को 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए थे। ज्युडिशियल रिमांड के दौरान ईडी ने 5, 6 और 7 फरवरी तक लगातार सौरभ, चेतन और शरद से अलग-अलग और आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की थी लेकिन ईडी को सही जबाब नहीं मिलने पर किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाई थी।

### 5 पेज के आवेदन में ईडी ने गिनाई रिमांड की वजह

मंगलवार को कोर्ट में पेश रिमांड आवेदन में ईडी की तरफ से बताया गया कि छापों के दौरान बरामद हुई प्रॉपर्टी सहित अन्य बिंदुओं पर तीनों से पूछताछ करनी है। वहीं जेल में आरोपियों से तीन दिन तक जो पूछताछ की है उसमें आए ब्यौरे के बाद अब अन्य बिंदुओं पर भी पड़ताल करनी है। कोर्ट में ईडी के अधिवक्ता के तर्कों का विरोध करते हुए सौरभ, चेतन और शरद के अधिवक्ताओं ने कहा कि इस संबंध में लोकायुक्त पुलिस तीनों को सात दिन तक रिमांड पर ले चुकी है और तीन दिन तक ईडी ने भी पूछताछ की है, लिहाजा अब रिमांड देने की जरूरत नहीं है।

**भरोसा** और
**निवेशकों को पहला स्थान**
मूल्यों की नींव पर
**मध्यप्रदेश की उड़ान**




**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री
**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

**इन्वेस्ट मध्यप्रदेश**
अनंत संभावनाएं
**24-25 फरवरी 2025, भोपाल**

होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली
12 फरवरी, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे



## असीमित संभावनाएं एवं निवेश का समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार है

**आकर्षक नीतियां**
पारदर्शी नीतियों के साथ
कस्टमाइज्ड पैकेज

**ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस**
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य

**आधुनिक आधारभूत संरचना**
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़

**पावर सरप्लस**
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा

**स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी**
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक**
1 लाख + एकड़

**विस्तृत रोड नेटवर्क**
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग

**पर्याप्त जल आपूर्ति**
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

www.investmp.in

D-11179/24
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

**सीधा प्रसारण** @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP | #InvestInMP | #MPGIS2025

जबलपुर
बुधवार, 12 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -14
■ वर्ष : 19, अंक : 280
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम
अधि. 32
न्यून. 12

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



04 अमेरिकी यात्रा के अनुभव होंगे महत्त्वपूर्ण





मैट्रो
14 नायब तहसीलदार ने किस आधार पर..


◆ बड़ी कंपनियां और छोटे उद्यम दोनों इस क्षेत्र में अपना विस्तार कर पाएंगे

◆ भोपाल देश के केंद्र में स्थित होने से लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्थान

पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल के एडवाइजर आरजी द्विवेदी ने 'हरिभूमि' से कहा

# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट मध्यप्रदेश और भोपाल के लिए 'स्वर्णिम' अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार का द्विवार्षिक प्रमुख निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम यानी दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 जो 24 और 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित किया जा रहा है, न केवल एक औद्योगिक सम्मेलन होगा, बल्कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक स्वर्णिम अवसर साबित होगा। समिट से भोपाल को प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने की संभावना है। यह बात पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल के एडवाइजर आरजी द्विवेदी ने 'हरिभूमि' से कही। द्विवेदी ने कहा कि भोपाल भौगोलिक रूप से भी एक आदर्श औद्योगिक हब बनने की पूरी क्षमता रखता है।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट
24, 25 फरवरी 2025
भोपाल



## आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी

द्विवेदी ने कहा कि जीआईएस 2025 उद्यमियों और व्यापारियों के लिए वरदान साबित होगी। इसके जरिए औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी। बड़ी कंपनियां और छोटे उद्यम दोनों इस क्षेत्र में अपना विस्तार कर पाएंगे। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन की कीमतों में वृद्धि होगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण निवेशक नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित होंगे। रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ स्थानीय युवाओं को इन उद्योगों में नौकरी पाने का मौका मिलेगा।

### भोपाल जिला एक औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरेगा

द्विवेदी ने कहा कि नए उद्योगों की स्थापना से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी योगदान होगा, आने वाले वर्षों में भोपाल जिला एक औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरेगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी औद्योगिक विकास का लाभ मिलेगा। प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर सकता है। जिससे लॉजिस्टिक्स कंपनियां इस क्षेत्र में अपनी सेवाओं का विस्तार करेंगी।

इंपैक्ट फीचर

---

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस के ग्रैंड पैलेस में एआई एक्शन समिट में कहा

# एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा, नौकरियां जाने की बात 'भ्रम'



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा पर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद दिया।*


एजेंसी ▶▶ पेरिस

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस के ग्रैंड पैलेस में एआई एक्शन समिट को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि एआई लाखों जिंदगियां बदल सकता है। भारत का एआई मिशन काफी कारगर है। इससे नौकरियां जाने की बात भ्रम है। एआई आज वक्त की जरूरत है। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट है। हम लोगों ने डेटा को सुरक्षित रखने की व्यवस्था की है।

**यह भी संबोधन**

- भारत अपने एआई के अनुभव को बांटने को है तैयार
- अभूतपूर्व स्केल और स्पीड से डेवलप हो रहा है एआई
- एआई अर्थव्यवस्था सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा
- हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए

### इतिहास गवाह है तकनीक नौकरियां नहीं लेती



समिट में पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से गले मिलते हुए

### प्रौद्योगिकी से नई तरह की नौकरियां सृजित होंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है (

### एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत

पीएम मोदी कहा कि मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक

---

महाकुंभ से लौट रहे 10 श्रद्धालुओं की मौत

# जबलपुर में 7, मैहर में दो और पन्ना में 1 की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/ मैहर

मप्र में मंगलवार रात से सुबह तक तीन सड़क हादसों में 10 कुंभ यात्रियों की मौत हो गई। जबलपुर और मैहर में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए लोग प्रयागराज से स्नान कर लौट रहे थे। तीसरा हादसा पन्ना में हुआ, इसमें गुजरात के अहमदाबाद से प्रयागराज जा रहे एक श्रद्धालु की मौत हो गई। सबसे बड़ा हादसा जबलपुर में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे हुआ।

**सीएम डॉ. यादव ने घटना पर जताया दुख**



मरने वालों में 7 तेलंगाना 1 गुजरात, 2 इंदौर के

सीहोरा के पास ट्रक, ट्रैवलर और मैहर में कार टकराई

### मुख्यमंत्री ने की अपील- यात्रा में तेज वाहन न चलाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीर्थयात्रियों की भीषण सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि घायलों के समुचित उपचार और सभी मृतकों के परिजन से संपर्क कर पार्थिव देह पहुंचाने की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज की यात्रा लंबी है, इसलिए वाहन चालकों के पर्याप्त आराम और नींद का ध्यान रखना आवश्यक है।

## मैहर में इंदौर के संघ पदाधिकारी समेत 2 की मौत

प्रयागराज से इंदौर लौट रहे कुंभ यात्रियों की एक स्कॉर्पियो मैहर में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, दो घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे 30 पर ड्राइवर की झपकी लगने के कारण हुआ। नादन देहात थाना प्रभारी एन बंजारे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी मनोज विश्वकर्मा और मंजू शर्मा की मौत हो गई। गाड़ी में 7 लोग सवार थे। 5 घायलों को अमरपाटन अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें गंभीर घायल अक्षय, नरेंद्र और राजेंद्र शर्मा को सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल मुकेश नायक ने बताया, सुबह करीब 4 बजे सभी लोग नींद में थे। गाड़ी मैं चला रहा था। मैहर में नेशनल हाईवे 30 पर मेरी भी झपकी लग गई।






---

नरसिंहपुर में आधी रात को घर में घुसकर दुष्कर्म

# दुष्कर्म के बाद छत से गिरी युवती आरोप- गलत काम के बाद फेंका




एक आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

जिले में 19 साल की युवती से रेप का मामला सामने आया है। बचने के लिए भागने के दौरान वह 15 फीट ऊंची छत से नीचे आ गिरी। आरोप पड़ोसी के रिश्तेदार पर है।वारदात करेली थाना इलाके में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पहले सूचना आई थी कि चार आरोपियों ने गैंगरेप के बाद युवती को छत से फेंक दिया। इसके बाद एएसपी संदीप भूरिया ने बताया- पीड़िता के मुताबिक, रात 10 से 11 बजे के बीच आरोपी उसके घर में घुसा।

यूट्यूबर की विवादित टिप्पणी पर गुस्सा

# रणवीर इलाहाबादिया की जीभ काटकर लाने पर 5 लाख इनाम



कहा इलाहाबादिया ने घिनौना काम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया पर देश भर में एफआईआर भी दर्ज हो चुकी हैं। लोग उनसे बुरी तरह नाराज हैं। इस सब के बीच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने रणवीर इलाहाबादिया को लेकर एक विवादास्पद बयान दे दिया है।अंसारी ने रणवीर इलाहाबादिया की जीभ काटने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। अंसारी ने एक वीडियो बनाकर यह ऐलान किया है। अंसारी ने कहा कि यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने इतना घिनौना काम किया है कि अगर मैं वहां होता तो उसकी जीभ काट देता।

---

सुप्रीम कोर्ट ने क्रिमिनल केस में दोषी नेताओं की संसद में वापसी पर उठाया सवाल

दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग

# *अपराधी सरकारी नौकरी नहीं कर सकता तो दोषी नेता चुनाव कैसे लड़ सकता है?*

बड़ी खबर


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति के अपराधीकरण को बड़ा मुद्दा बताते हुए इस बात पर आश्चर्य जताया कि दोषी ठहराए गए राजनेता अपनी सजा पूरी करने के बाद विधायिका में कैसे लौट सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट ने दोषी राजनेताओं की संसद में वापसी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे कानून कैसे बना सकते हैं? दो जजों की बेंच की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि एक बार जब उन्हें दोषी करार दे दिया जाता है और दोषसिद्धि बरकरार रखी जाती है तो लोग संसद और विधानमंडल में कैसे वापस आ सकते हैं? उन्हें जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि इसमें हितों का टकराव भी स्पष्ट है क्योंकि ये राजनेता कानूनों की जांच करेंगे। पीठ में जस्टिस मनमोहन भी शामिल थे, जो अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की पेंडिंग जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।



### सांसदों-विधायकों से संबंधित लगभग 5000 आपराधिक मामले पेंडिंग

वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने पीठ को बताया कि समय-समय पर दिए गए निर्देशों के बावजूद, सांसदों/विधायकों से संबंधित लगभग 5,000 आपराधिक मामले पेंडिंग हैं। उन्होंने देरी के लिए जिम्मेदार कारकों को भी गिनाते हुए कहा कि विशेष अदालतें अक्सर सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों के अलावा अन्य मामलों की सुनवाई करती हैं, ऐसे में केस बार-बार स्थगित कर दिया जाता है जिसकी वजह से आरोपी सुनवाई से बचते हैं और गवाहों को समन भेजने में समस्या होती है।



# 'डीडीएलजे' थीम पर रिलीज होगा 'कम फॉल इन लव'

**मुंबई।** यश राज फिल्म कंपनी के बैनर तले बनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे'के 30 साल पूरे हो रहे हैं। इस फिल्म के कई सीन यूके में शूट किए गए थे, जिसमें रेल यात्रा वाले रोमांस को भी दिखाया गया था। इसी से संबंधित ब्रिटेन रेलवे और यशराज फिल्म ने हाथ मिलाया है। वैलेंटाइन डे के मौके पर ब्रिटेन रेलवे और यशराज फिल्म ने सांस्कृतिक सहयोग की घोषणा की, जिसमें यश राज फिल्म्स 'डीडीएलजे' फिल्म का एक संगीत रूपांतरण कर रहा है, जिसका शीर्षक है- 'कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल'। इसे 29 मई 2025 को मैनचेस्टर ओपेरा हाउस में रिलीज किया जाएगा और 21 जून तक चलाया जाएगा।

लाइफ Style



# आलिया
## नया फिटनेस वीडियो हुआ वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस आलिया भट्ट फिटनेस फ्रीक हैं और उन्हें खुद को फिट रखना बहुत पसंद है। अक्सर एक्ट्रेस को जिम के बाहर देखा गया है और उन्होंने फैंस को मोटिवेट करने के लिए फिटनेस वीडियो भी शेयर किए हैं। एक बार फिर आलिया ने कुछ ऐसा ही किया है जब उन्होंने एक टफ वर्कआउट का वीडियो शेयर किया। इसमें हम उन्हें जमकर पसीना बहाते हुए देख सकते हैं।

फैंस के रिएक्शन के साथ यह वीडियो जमकर वायरल हो गया है। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें हम उन्हें जिम में वर्कआउट करते हुए देख सकते हैं। कैप्शन में लिखा है, 'संघर्ष जरूरी है।' कई फैंस ने दिल वाले इमोजी बनाए। एक ने लिखा- अब फिटनेस पर वापस आ गए हैं। एक ने कहा- सबसे मेहनती एक्ट्रेस। एक ने तो कह दिया- आप लगती ही नहीं कि एक बच्ची की मां हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार 'जिगरा' में वेदांग रैना के साथ नजर आई थीं। उन्होंने 'लव एंड वॉर' के अलावा किसी भी नए प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं की है। आलिया भट्ट इन दिनों रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ अपनी अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में पिंकविला से बातचीत में विक्की ने आलिया और रणबीर के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा था, 'मुझे उन दोनों के साथ बहुत कंफर्टेबल फील होता है। मैं रणबीर के साथ अपनी दूसरी फिल्म कर रहा हूं। मैंने उनके साथ संजू की। आलिया के साथ मैंने राज़ी की, इसलिए दोनों टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम करना बहुत आसान है। मुझे यह कहने की ज़रूरत भी नहीं है।'

हॉलीवुड मसाला




# स्टंट के दौरान हुए थे बेहोश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे फिल्म 'मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग' में एक उल्टे विमान से लटके हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी इस साहसिक स्टंट को फिल्मा रहे हैं। क्लिप के कैप्शन में टॉम ने लिखा, 'हैंग ऑन...'। बाद में उन्होंने खुलासा किया कि स्टंट करते समय वे बेहोश हो गए थे। उन्होंने बताया, 'जब आप अपना चेहरा बाहर निकालते हैं, 120 से 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलते हैं तो आपको ऑक्सीजन नहीं मिल पाती।'




# शिल्पा राव के साथ शीरन ने मचाया धमाल

**मुंबई।** जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा'का गाना चुट्टामल्ले, जो शिल्पा राव द्वारा गाया गया है। इस गाने को अनिरूद्ध रविचंदन ने संगीतबद्ध किया है। यह गाना चर्चा में तब आया, जब अपने भारत दौरे के समय ब्रिटिश पॉप गायक एड शीरन ने बैंगलुरू के कॉन्सर्ट में इसे गाया। इस तेलुगु गाने को गाकर, शीरन ने लोगों को चौंका दिया। हालांकि, इस गीत को गाने में शीरन का साथ गायिका शिल्पा राव ने दिया। एड शीरन के तेलुगु में गाए 'चुट्टामल्ले'गाने ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है, जो प्रशंसकों द्वारा शेयर किया गया है। हाल ही में एड शीरन का एआर रहमान के साथ भी एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वह, रहमान के साथ 'उर्वशी-उर्वशी' गाना गाते दिख रहे था।



# अब छोटे पर्दे पर धमाल मचाएगी कल्कि

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों और ओटीटी पर धमाल मचाने के बाद अब छोटे पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। जी सिनेमा ने आधिकारिक तौर पर इस बात की घोषणा की है। इस फिल्म का हिंदी संस्करण 16 फरवरी को रात 8 बजे टेलीविजन पर प्रसारित होगा। कल्कि 2898 एडी ने अपनी शानदार कास्ट, भव्य विजुअल्स और दमदार कहानी की वजह से सिनेमाघरों में जबर्दस्त सफलता प्राप्त की थी। फिल्म के प्रभावशाली किरदार, विशेषकर प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण की जबर्दस्त एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीता लिया था। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी फिल्म को बड़े पैमाने पर देखा गया। अब यह फिल्म छोटे पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है।




# 'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' का टीजर जारी

**मुंबई।** शो 'वेकिंग ऑफ ए नेशन' का टीजर जारी हो गया है। इस शो में जलियांवाला बाग हत्याकांड से जुड़े कई पहलुओं को दिखाया जाने वाला है। इस शो का निर्देशन नेशनल और इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटेड फिल्ममेकर राम माधवानी ने किया है। सीरीज को सोनी लिव एप पर 7 मार्च से देखा जा सकेगा। 'वेकिंग ऑफ ए नेशन' की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। शो की कहानी एक कोर्ट रूम और जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान हुए दंगों और भारत की स्थिति की झलक दिखा रहा है। तारुक रैना, निकिता दत्ता, साहिल मेहता, भावशील सिंह, एलेक्स रीस और पॉल मैकइवान जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। शांतनु श्रीवास्तव और शत्रुजीत नाथ और राम माधवानी ने मिलकर इस शो को लिखा है।

टीवी मसाला



# तेजस्वी से हारे चंदन, आयशा की वाइल्ड कार्ड एंट्री ...

**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' जनवरी 2025 में शुरू हुआ है। इस शो का पहला एविक्शन हुआ। कपिल शर्मा के शो से फेमसे हुए कॉमेडियन चंदन प्रभाकर को शुक्रवार को एविक्ट कर दिया गया। वो एविक्शन चैलेंज में तेजस्वी प्रकाश से हार गए थे। अब शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस आयशा जुल्का ने वाइल्ड कार्ड एंट्री ली है। शो के कई प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोनी टीवी पर टेलीकास्ट हो रहे 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में पिछले हफ्ते दर्शकों को खूब सारा ड्रामा देखने को मिला। किचन में कंटेस्टेंट्स के बीच लड़ाई से लेकर टीमों के बीच तनाव तक, काफी कुछ हुआ। सभी टास्क पार करते हुए गौरव खन्ना और निक्की तंबोली खुद को बॉटम 2 में आने से बचाने में कामयाब रहे, लेकिन तेजस्वी प्रकाश और चंदन प्रभाकर पीछे रह गए। इस शो में चंदन प्रभाकर पहले हफ्ते में सभी को इंप्रेस करने में विफल रहे। उन्हें शेफ ने सेफ खेलने की कोशिश करने के लिए फटकारा भी था। दूसरे हफ्ते चंदन में अच्छा परफॉर्म किया। हफ्ते की शुरुआत में सबसे बेहतरीन डिश बनाई, लेकिन टीम चैलेंज के दौरान वो एक बार फिर खतरे में आ गए। किचन में आखिरी टास्क के लिए चंदन को दुनिया की सबसे तीखी मिर्च के साथ कुछ बनाना था और दुर्भाग्य से वो सक्सेसफुल नहीं हो सके। इस कारण उन्हें शो से बाहर होना पड़ा। अब इस शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री होने वाली है। 90 के दशक की फेमस एक्ट्रेस आयशा जुल्का सोमवार से कुकिंग शो में नजर आएंगी।

## कोई सफाई नहीं दूंगा, मुझे मजाक करना नहीं आता

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' में परिवार पर विवादित टिप्पणी की। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। रणवीर के अलावा कॉमेडियन समय रैना व अपूर्व मखीजा के खिलाफ भी शिकायत दर्ज हुई है। उन पर 'इंडिया गॉट लेटेंट' में विवादित टिप्पणी का आरोप है। अपनी कथित अश्लील टिप्पणी पर विवाद बढ़ता देख रणवीर ने अब माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। इसमें माफी भी वे पूरी अकड़ के साथ मांगते दिख रहे हैं। रणवीर इलाहाबादिया ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से एक वीडियो जारी किया है। इसमें वे माफी तो मांगते दिख रहे हैं, लेकिन उनका अंदाज ऐसा है, जैसे उन्होंने जो कहा उसका उन्हें कोई अपराधबोध नहीं। वीडियो में वे कह रहे हैं, 'शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' में मैंने जो कुछ भी कहा, वह नहीं कहना चाहिए था। आई एम सॉरी'।



# 64 साल के हीरो की फिल्म बनी 2025 की पहली ब्लॉकबस्टर

*नई दिल्ली। 64 साल का फिल्म का हीरो. फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। यही नहीं, इस हीरो की ये फिल्म भारतीय सिनेमा की साल 2025 की पहली ऐसी फिल्म रही है*



*जो ब्लॉकबस्टर कहलाई। ये फिल्म बॉलीवुड से तो कतई नहीं है। और तो और, इस फिल्म के जो हीरो हैं, ये फिल्म उनके कॅरियर की सबसे कामयाब फिल्म भी बन गई है। ये फिल्म है संक्रांतिकी वस्तुनम। जो संक्रांति के मौके पर रिलीज हुई थी।*

***लीड रोल में हैं वेंकटेश :*** *संक्रांतिकी वस्तुनम में वेंकटेश लीड रोल में हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुडी ने किया है। इस तेलुगू फिल्म में वेंकटेश के अलावा मीनाक्षी चौधरी, ऐश्वर्या राजेश, श्रीनिवास रेड्डी और साई कुमार हैं। संक्रांतिकी वस्तुनम एक मिड बजट फिल्म थी, लेकिन यह 2025 की भारतीय सिनेमा की पहली ऐसी ब्लॉकबस्टर बनी जिसने 250 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया। फिल्म को देश और विदेश दोनों ही जगह अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।*

***मैरिड कपल की है कहानी :*** *संक्रांतिकी वस्तुनम की कहानी एक मैरिड कपल की कहानी है। जिनकी लाइफ में एक्स की एंट्री से उथल पुथल मच जाती है। जो हीरो से एक किडनेपिंग केस को सॉल्व करने में मदद मांगती है। फिल्म में वेंकटेश और ऐश्वर्या राजेश मैरिड कपल हैं। जबकि एक्स के रोल में मीनाक्षी चौधरी हैं। बता दें कि वेंकटेश की पिछली फिल्म सैंधव बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी और असफल रही थी. लेकिन ये उनके करियर की सबसे कामयाबी फिल्मों में से एक बन गई है।*

# 'हम आपके हैं कौन' में माधुरी नहीं यह मशहूर एक्ट्रेस थी पहली पसंद

**नई दिल्ली।** सलमान खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म हम आपके हैं कौन हिंदी सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है। आज तक फिल्म के गाने, इसकी कहानी और प्रेम और निशा का किरदार दोनों के बीच की केमिस्ट्री फैंस को पसंद करते हैं। हाल ही में निर्देशक सूरजआर. बड़जात्या ने इंडियन आइडल पर पुरानी यादें ताजा कीं और इस सदाबहार फिल्म के बारे में कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि माधुरी दीक्षित 'निशा' के रोल के लिए पसंद नहीं थीं। उन्होंने पहले इस रोल के लिए करिश्मा कपूर पर विचार किया था।

***काफी छोटी दिखती थी करिश्मा कपूर :*** प्रेम कैदी में करिश्मा के अभिनय को देखने के बाद बड़जात्या उनसे इतने प्रभावित हुए कि वे उन्हें 'हम आपके हैं कौन' में लेना चाहते थे। घर लौटते समय उन्होंने अपने पिता से इस बारे में बात की और कहा, 'उनमें बहुत क्षमता है। हम अभी 'हम आपके हैं कौन' की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं और हमें निशा की भूमिका के लिए किसी को कास्ट करने की जरूरत है।' हालांकि, उनके पिता राजकुमार बड़जात्या इस बारे में निश्चित नहीं थे और उन्हें लगा कि करिश्मा इस भूमिका के लिए बहुत छोटी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें मोहनीश बहल के बच्चों को ऑन-स्क्रीन देखना होगा, जो उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी हो सकती है। वह काफी छोटी दिखती हैं। उन्होंने कहा, 'चलो किसी ऐसे व्यक्ति को लेते हैं जो अपने कंधों पर यह भार उठा सके।'



### माधुरी की झोली में आई फिल्म

आखिरकार, निशा का रोल माधुरी दीक्षित की झोली में आ गई और यह फिल्म उनके कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक बन गई। सालों बाद, करिश्मा ने भी स्वीकार किया कि अगर वह सही उम्र की होतीं, तो वह हम आपके हैं कौन में निशा का रोल करना पसंद करतीं।

## अभी भी कहे-सुने जाते हैं अमिताभ-रेखा के संबंधों के बारे में किस्से

# क्या रेखा के कारण खराब हुआ था अमिताभ और शत्रुघ्न सिन्हा का रिश्ता?

*नई दिल्ली। शत्रुघ्न ने एक बार रेखा को अपने और अमिताभ के बीच दरार पैदा करने के लिए जिम्मेदार ठहराया था। अमिताभ और शत्रुघ्न ने 70 के दशक में सिल्वर स्क्रीन पर राज किया था, लेकिन बाद में दोनों के बीच दूरियां आ गईं। दोनों ने एक-दूसरे से बात करना तक बंद कर दिया। अपनी बायोग्राफी एनीथिंग बट खामोशः द शत्रुघ्न सिन्हा में उन्होंने अमिताभ के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की और कहा कि अमिताभ शत्रुघ्न को मिल रहे प्यार को पचा नहीं पा रहे थे। शत्रुघ्न ने रेखा पर एक कटाक्ष किया और उन्हें उनके और अमिताभ के बीच दरार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए दोषी ठहराया. इस बारे में लिखते हुए उन्होंने कहा,'काला पत्थर के दौरान एक हीरोइन जो उनके साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करने के लिए जानी जाती थी, उनसे मिलने आती थी। वह दोस्ताना के दौरान भी आती थी, लेकिन एक बार भी वह उसे बाहर नहीं लाते थे और न ही हम में से किसी से मिलवाते थे। शोबिज में हर कोई जानता था कि कौन किससे मिलने आ रहा है। मीडिया को तुरंत पता चल जाता था कि रीना मेरे मेकअप रूम में है। ऐसी चीजें हमारी दुनिया में कभी नहीं छिप सकतीं।'*

*अमिताभ बच्चन और रेखा के संबंधों ने लोगों को चौंका दिया था। अभी भी उनके संबंधों के बारे में किस्से कहे सुने जाते हैं। लोग अभी भी मानते हैं कि वह अमिताभ बच्चन से बेहद प्यार करती हैं। उनके अफेयर की अटकलें फिल्म दो अनजाने के सेट पर शुरू हुईं। अमिताभ पहले से ही शादीशुदा थे और रेखा उनकी जिंदगी में 'दूसरी महिला' बन कर आ गईं। अमिताभ बच्चन ने*



*बार-बार इन खबरों को निराधार बताया है और हमेशा रेखा से उनके किसी भी तरह के रोमांटिक संबंध होने से इनकार किया। हालांकि, रेखा ने अमिताभ बच्चन के प्रति अपने प्यार के बारे में संकेत दिए। कई दिग्गज सितारों ने भी कहा है कि उन्होंने अमिताभ और रेखा को एक साथ देखा है, और उनमें से एक शत्रुघ्न सिन्हा हैं।*

### रेखा के साथ होती थी बहस

एक बातचीत में शत्रुघ्न सिन्हा ने रेखा के साथ अपने मनमुटाव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि रेखा के साथ उनका रिश्ता कभी भी सामंजस्यपूर्ण नहीं रहा, और उनके बीच लगातार बहस होती थी। ऐसा हुआ कि शत्रुघ्न और रेखा के बीच मतभेद हो गया, जिसके कारण दोनों के बीच दो दशकों से अधिक समय तक लंबी चुप्पी रही। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे बीच किसी मूर्खतापूर्ण मुद्दे पर मतभेद हो गया था। उसके बाद हमने बीस साल से ज़्यादा समय तक एक-दूसरे से बात नहीं की। मैंने उनके बारे में मजाक उड़ाया। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था। रेखा ने कभी भी उनका बदला नहीं लिया। वह बहुत ही उदार दिल वाली महिला हैं।'

### पूनम और रेखा की दोस्ती भी हो गई थी मुश्किल

शत्रुघ्न सिन्हा ने खुलासा किया कि उनकी पत्नी पूनम सिन्हा के हस्तक्षेप से रेखा के साथ सुलह करने में उन्हें मदद मिली। चूंकि पूनम और रेखा सबसे अच्छी दोस्त हुआ करती थीं और उनकी दोस्ती को खराब हो रही थी। इसलिए पूनम ने हमारे बीच की चीजों को सुलझाने में मदद की। इस बारे में बात करते हुए शत्रुघ्न ने कहा,'यह कोई और नहीं बल्कि मेरी पत्नी पूनम सिन्हा थीं।आप देखिए, रेखा और वह बहुत अच्छी दोस्त थीं. और रेखा के साथ मेरा तथाकथित शीत युद्ध मेरी पत्नी और रेखा की दोस्ती में मुश्किलें पैदा कर रहा था। उसने अपने स्वार्थ के लिए हमारे बीच समझौता करा दिया। और मैं खुशी-खुशी बीती बातों को भूलने के लिए तैयार हो गया।

## सिहोरा के आगे नेशनल हाईवे पर दर्दनाक दुर्घटना, 2 घायल

# महाकुंभ से लौट रहे टेंपो ट्रेवलर को ट्रक ने टक्कर मारी, 7 लोगों की मौत





**हरिभूमि, जबलपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर सिहोरा थाना अतंर्गत मोहला गांव में नहर के पास नेशनल हाईवे पर मंगलवार की सुबह 9 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। यहां प्रयागराज महाकुंभ से लौट रही टेंपो ट्रेवलर को कटनी जा रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में हैदराबाद के रहने वाले सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों को सिहोरा अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य प्रारंभ कराया।**

जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और वे तेलंगाना के हैदराबाद शहर से रवाना हो चुके हैं। घटना स्थल के बाद कलेक्टर व एसपी सिविल अस्पताल सिहोरा पहुंचे और घायलों के इलाज की जानकारी ली। जहां दुर्घटना में घायल हुए 51 वर्षीय एस नवीनाचार्य पिता रामाचार्य एवं 47 वर्षीय वी संतोष पिता श्री हरि प्राथमिक पूछताछ के दौरान मृतकों के नाम और परिजनों के कॉन्टेक्ट नंबरों की जानकारी दी। इसके बाद मृतकों के परिजनों से संपर्क कर घटना की सूचना दी।


### 7 मृत, 2 घायल

अधिकारिक जानकारी के मुताबिक इस भीषण सड़क दुर्घटना में तेलंगाना के हैदराबाद निवासी आनंद कंसारी, शशि कंसारी पिता त्रिभुवन कंसारी, रवि वैश्य पिता विश्वनाथन, टी वी प्रसाद, मल्लारेड्डी, बालकृष्ण श्री राम एवं राजू की मौत हो गई। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम सिविल अस्तपाल सिहोरा में कराया गया। वहीं इस घटना में दो लोग घायल हो गए जिनके नाम एस नवीनाचार्य एवं वी संतोष बताए गए है।

### ट्रक का टायर फटने से हादसा

पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह लगभग 9.00 बजे सिहोरा के ग्राम मोहला बरगी के पास हुआ। ट्रक का टायर एकाएक फटा जिस वजह से वह अनियंत्रित होकर कार को टक्कर मारते हुए गलत दिशा में पहुंच गया। वहां प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी टेंपो ट्रैवलर को टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एल 9105 जबलपुर से सीमेंट लेकर कटनी की ओर जा रहा था। सुबह लगभग 9 बजे सिहोरा के ग्राम मोहला बरगी के पास ट्रक का टायर अचानक फटा। वह एक कार को टक्कर मारते हुए गलत साइड में पहुंच गया।



प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर एपी 29 डब्ल्यू 1525 को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हासदे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और राहत बचाव का कार्य शुरू कर दिया।

### प्रयागराज से लौट रहे थे आंध्र प्रदेश-

पुलिस ने बताया कि ट्रैवलर बस में सवार लोग आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं जो प्रयागराज महाकुंभ में स्नान कर वापस अपने घर वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में ये हादसा हो गया। पुलिस का कहना है कि उक्त घटना जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर सिहोरा एनएच-30 के पास सुबह करीब 9 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि ट्रक गलत दिशा से हाइवे पर जा रहा था, जिससे यह दुर्घटना हुई।

### सभी मृतक रंगारेड्डी जिले के, उड़े परखच्चे-

ट्रैवलर सिहोरा के बरगी मोहला नहर के पास से आ रही थी, ट्रैवलर में करीब 15 लोग सवार थे। सड़क हादसे में मरे सभी लोग आंध्र प्रदेश के रंगारेड्डी जिले के रहने वाले थे। यह हादसा सिहोरा के पास बरगी मोहला के पास हुआ है। जिसने भी यह हादसा देखा उसकी रूह कांप गई। हादसा इतना भयंकर था कि ट्रेवल्स बस के परखच्चे उड़ गए। ट्रेवल्स बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुल की रैलिंग और ट्रक में फँसकर ट्रेवल्स बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसको देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भयानक था।

### कई लोग बस और कार में फंसे-

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि हादसे में ट्रेवल्स बस और कार में कई लोग बुरी तरह फंस गए। कार सवार लोगों को तो पुलिस ने जैसे तैसे बाहर निकाल लिया। लेकिन ट्रैवलर बस में फँसे लोगों को बाहर निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ट्रक सीमेंट से भरा हुआ था। जो कि गलत दिशा से जा रहा था। पुलिस का कहना है कि जाँच में यह बात भी सामने आ रही है कि ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड एल 9105 जबलपुर से कटनी की ओर जा रहा था।

### दोनों तरफ से लगा जाम-

हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पुलिस ने ट्रक, कार और ट्रेवल्स बस को सड़क से हटाने के लिए क्रेन बुलवाई। जिससे वाहनों को सड़क से हटाया गया। वहीं पुलिस ने सड़क पर दोनों ओर से लगी वाहनों की कतारों को एक-एक कर बाहर निकाला। हादसे के बाद ग्रामीणों की भी बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई थी।

### ग्रामीणों की मदद से घायलों को पहुंचाया

ग्राम मोहला के पास रानी अवंती बाई लोधी परियोजना नहर के पुल के उपर हुए हादसे के बाद मोहला और बरगी के युवाओं ने ट्रेवलर में फंसे घायलों को निकालने का हरसंभव प्रयास किया। बाद में क्रेन की मदद से ट्रेवलर में यात्रियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला है। बताया जाता है कि ट्रक और ट्रेवलर के बीच हुए एक्सीटेंड के समय पीछे चल रही एक लग्जरी कार किआ भी टेवलर से टकरा गई। किआ कार में बैठे यात्रियों को चोट आई है, जिन्हें उपचार के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया है। हादसे में किआ कार का अगला हिस्सा पूरी तहर क्षतिग्रस्त हो गया।

### घायलों को मेडीकल में किया रैफर

जबलपुर सिहोरा के पास नेशनल हाईवे पर आज सुबह लगभग 9 बजे ग्राम मोहला बरगी के बीच में नहर के पुल के पास टेंपो ट्रेवलर एवं ट्रक आमने- सामने से टकरा गए। जिसमें टेंपो ट्रेवलर में सवार आंध्र प्रदेश के 9 व्यक्तियों में से 7 की मृत्यु हो गई। घायल 2 लोगों को उपचार के लिये मेडीकल कॉलेज हास्पिटल भेजा गया है।


### सीएम डॉ. मोहन यादव ने जताई शोक संवेदना

सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा- जबलपुर जिले के सिहोरा में नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर प्रयागराज से वापस आ रही ट्रैवलर और ट्रक की भीषण सड़क दुर्घटना में आंध्र प्रदेश राज्य के तीर्थयात्रियों की असामयिक मृत्यु एवं घायल होने का समाचार अत्यंत ही दुखद है।

मेरी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि घायलों का समुचित उपचार एवं सभी मृतकों के परिजनों से संपर्क कर पार्थिव देह को पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति देने तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### कलेक्टर एसपी मौके पर पहुंचे



दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय मौके पर पहुंचे। प्रशासन एवं पुलिस के स्थानीय अधिकारी सूचना मिलते ही तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुँच चुके थे। मृत व्यक्तियों को सिहोरा अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि वे कुंभ स्नान कर वापस लौट रहे थे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है, वे डेड बॉडी लेने के लिए आंध्र प्रदेश से रवाना हो चुके है। दुर्घटना स्थल के बाद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सिविल अस्पताल सिहोरा भी गये।

### मेडीकल कॉलेज पहुँचे विधायक रोहाणी



सिहोरा के आगे नेशनल हाइवे पर मोहला-बरगी नहर पुल पर हुई सड़क दुर्घटना पर जबलपुर केंट के विधायक अशोक रोहाणी गहरा दुख जताया है और दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों के प्रति संवेदनायें व्यक्त की हैं। विधायक श्री रोहाणी ने मेडिकल कॉलेज पहुँचकर यहाँ उपचार के लिये भर्ती दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के हालचाल जाने। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधिकारियों से घायलों के चल रहे उपचार की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

---

## 63 सौ क्विंटल फर्जी धान मामला

# जांच की आंच में तपेगा वेयर हाउस संचालक

## किसानों ने दी जांच टीम को शिकायत, 4 किलो प्रति क्विंटल अतिरिक्त लिया गया धान

**हरिभूमि, जबलपुर।** मझौली की सेवा सहकारी समिति खांड़ के मॉ रेवा वेयर हाउस में हुई धान खरीदी में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। 63 सौ क्विंटल फर्जी धान खरीदी मामले में एक और मामला सामने आया है। खरीदी की जांच कर रही टीम को किसानों ने एक शिकायत भी दी है जिसमें कहा गया है कि वेयरहाउस संचालक नीतेश पटेल द्वारा 4 किलो प्रति क्विंटल के हिसाब से ज्यादा धान तौली गई है। इस शिकायत की पुष्टि भी हो चुकी है।

### ये है मामला-

मझौली के मॉ रेवा वेयर हाउस में सेवा सहकारी समिति खांड़ का धान खरीदी केन्द्र बनाया गया था। वेयरहाउस 3 जनवरी को फुल हो गया था, इसके बाद शुरू हुआ यहां पर धान का फर्जीवाड़ा। मॉ रेवा वेयर हाउस फुल होने के बाद मैंपिग में पिताश्री वेयर हाउस आया और खरीदी प्रभारी, समिति प्रबंधक तथा वेयर हाउस संचालक ने मिलकर 63 सौ क्विंटल फर्जी तरीके से धान चढ़ा दी। जिसकी जांच कलेक्टर द्वारा के आदेश पर की जा रही है। इस पूरे विषय में सबसे अहम पहलू यह है कि जिन किसानों ने अपनी धान बेची ही नहीं है, उनके खाते में भुगतान हो गया जबकि वास्तव में जिन किसानों द्वारा धान बेची गई है वह आज भी चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं।

हरिभूमि फालोअप



भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

63 सौ क्विंटल फर्जी धान खरीदी का मामला

इस बार भी हुआ धान खरीदी में व्यापक फर्जीवाड़ा

बाहर के मिलरों ने नहीं उठाई धान, दलालों को बेचा

### किसान मिले विधायक से-

किसानों का भुगतान नहीं होने के कारण वह दर-दर भटकने मजबूर नजर आ रहे हैं। मंगलवार को कुछ पीड़ित किसान क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई से भी मिलने पहुंचे जहां पर विधायक ने भी उन्हें आश्वासन दिया है, कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। हालांकि जांच जब होगी तब होगी परंतु वर्तमान में वह एक माह से अपने भुगतान के लिए भटक रहे हैं उसका क्या होगा ये कहा नहीं जा सकता है।

### अधिकारियों ने किया फोन उठाना बंद

जबलपुर में धान खरीदी में किसी प्रकार की कोई धांधली नहीं हुई है, इसको पूरा प्रशासन जोर-शोर से प्रसारित कर रहा था, परंतु खरीदी समाप्त होने के बाद हर रोज हो रहे खुलासों ने प्रशासन की नींद हराम कर दी है। नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक दिलीप किरार व खाद्य विभाग के संजय खरे, वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के प्रबंधक एसआर निमोदा ने तो फोन उठाना ही बंद कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इनकी ही मिलीभगत से पूरा खेल खेला जा रहा है। इसकी बानगी यह है कि मॉ रेवा वेयर हाउस फर्जी धान मामले को दबाने के लिए खाद्य विभाग के एक अधिकारी द्वारा 5 लाख रूपये लेने की बात भी की जा रही है। जिसने खरीदी प्रभारी, समिति प्रबंधक और वेयर हाउस संचालक को 15 दिन का समय था, गड़बड़ी ठीक करने को।

मझौली की विपणन समिति में भी हुआ फर्जीवाड़ा- सूत्रों का कहना है कि सहकारी समिति विपणन संघ मझौली में भी धान का व्यापक रूप से फर्जीवाड़ा किया गया है। यहां पर भी व्यापारियों द्वारा धान को बेचने के नाम से लगभग 5 हजार क्विंटल की फर्जी धान खरीद की गई है। जानकारों का कहना है कि यहां पर भी तत्काल जांच की जाए तो इसी प्रकार का खेल मिलेगा।

---

## शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर सक्सेना की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड़, संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी श्रीमती शिवाली सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सीएम



हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा में आज अधिकांश जिला अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुये सभी अनुपस्थित अधिकारियों के एक दिन के वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी अधिकारी से कहा कि अनुपस्थित सभी अधिकारियों के एक दिन के अवैतनिक अवकाश स्वीकृत कर जिला कोषालय अधिकारी को सूचित करें। साथ ही कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की निराकरण से जिले की रैंकिंग तय होती है, ऐसी स्थिति में अधिकारियों की लापरवाही व मनमर्जी बिल्कुल नहीं चलेगी। बैठक के दौरान उपार्जन से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसानों के भुगतान कराना सुनिश्चित करें जिसे सोसायटी में उपार्जित धान में कमी आई है वहां धान विक्रय करने वाले किसानों का भुगतान संबंधित सोसायटी करेगी। उपार्जन व्यवस्था को ठीक करने के लिये तगड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही एफआईआर भी करायें। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को पहचाने और उस दिशा में कार्य करें।

## सीएम हेल्प लाइन में लापरहवाही करने वाले अधिकारियों को निगमायुक्त की फटकार

**जबलपुर।** सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों की समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने तीखे तेवर दिखते हुए शिकायतों पर हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने बैठक में कहा कि सभी अधिकारी दो दिन के अंदर शिकातयों का अध्ययन करें और व्यक्तिगत रूप से सही कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आगे अब कोई लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। जिन अधिकारियों के द्वारा लापरवाही की जाती है, उन अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस बात की हिदायत आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही करने वाले अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।समीक्षा बैठक के दौरान पी.पी.टी. के माध्यम से अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने विभागवार प्रचलित एवं विचाराधीन शिकायतों की जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया। इसके उपरांत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा सभी अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा गया कि सी.एम. हेल्प लाइन में प्राप्त प्रकरणों पर तथ्य के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें और परीक्षण प्रमाण स्वरूप कार्यालय में

जन्मदिन उत्सव

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### महाराज जी की जयंती पर शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती आज

हरिभूमि सिहोरा।

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का 648 वां जन्मोत्सव आज बुधवार को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। सिहोरा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संत रविदास महाराज की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### पूजन व प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

सतधारा संत शिरोमणि गुरु रविदास सामाजिक चेतना संभागीय समिति द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 648 वें जन्मोत्सव समारोह पर श्री गुरु पूजन अर्चन, गुरुवाणी,प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं गुरु प्रसाद के साथ भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष डीएल चौधरी ने बताया कि विधायक सिहोरा संतोष बरकड़े के मुख्यातिथ्य,जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,जिला पंचायत सदस्य अंजलि गोलू पांडे,जिला सदस्य मोनू पुष्पराज बघेल,जनपद सदस्य अनिल चौधरी,सुषमा हर प्रसाद राय, मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता,पूर्व सरपंच आनंद जैन,महाकालेश्वर पुरी,अमृत लाल बौद्ध विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



### संत रविदास मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

संत रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर वार्ड नंबर एक नया मोहल्ला सिहोरा में स्थित संत रविदास मंदिर में केक काटा जाएगा प्रसाद वितरण के बाद दोपहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पार्षद प्रमोद चौधरी ने सभी सामाजिक जनों से मंदिर में आयोजित कार्यक्रम एवं शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### संत रविवदास ने विचारों से किया समरसता लाने का प्रयास

समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि श्रीनिवास राव (उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल), मुख्य वक्ता डॉ राजलक्ष्मी त्रिपाठी (प्राचार्य फाइन आर्ट कॉलेज) सारस्वत अतिथि प्रो. शिवकुमार व्यास, विशिष्ठ अतिथि युवराज आचार्य (अध्यक्ष, विश्व वैदिक फाउंडेशन नेपाल) अतिथि रविकरण साहू (अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड), समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन की उपस्थिति में आर्य समाज भवन में किया गया है। कार्यक्रम में पं रोहित दुबे, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, शरदचंद्र पालन, अभिमन्यु जैन, गंगाचरण मिश्रा, अनिल जैन गुड्डा, रामबाबू विश्वकर्मा, सुरेश पांडे, आभा साहू, डॉ विनोद श्रीवास्तव, संतोष राठौर, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, रविंद्रनाथ दुबे, मनोहर विश्वकर्मा, संजय पांडे, आदि बड़ी संख्या में जन उपस्थित थे।

### चैक बाउंस का परिवाद अपरिपक्व पाकर किया निरस्त

**जबलपुर**। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रुचि गोलस की अदालत ने चैक बाउंस का परिवाद अपरिपक्व पाकर निरस्त कर दिया। इसी के साथ गोठी दाई मंदिर, वीर सावरकर वार्ड निवासी सौरभ सिंह ठाकुर को राहत मिल गई। परिवादी अजय शर्मा का आरोप था कि सौरभ सिंह ठाकुर ने एक लाख 50 हजार का चैक कर्ज की अदायगी के लिए दिया था, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। लिहाजा, सूचना पत्र दिया गया। इसके बावजूद 15 दिन के भीतर भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया। इसीलिए परिवाद दायर किया गया। सौरभ के वकीलों ने दलील दी कि परिवाद समय से पूर्व दायर करने की त्रुटि की गई, इसलिए निरस्त किए जाने योग्य है। कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर परिवाद निरस्त कर दिया।

#### 17 फरवरी को ट्रायल कोर्ट के समक्ष करना होगा सरेंडर

## हाई कोर्ट ने भतीजी की शादी में शामिल होने दी अस्थाई जमानत



**जबलपुर**। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल की एकलपीठ ने भतीजी की शादी में शामिल होने जेल में बंद आवेदक को अस्थाई जमानत का लाभ देने का राहतकारी आदेश सुनाया है। यह सुविधा 12 से 16 फरवरी यानि पांच दिनों के लिए दी गई है। 17 फरवरी को आवेदक को ट्रायल कोर्ट के समक्ष सरेंडर करने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदक की भतीजी का विवाह 13 फरवरी को होना है।

आवेदक जबलपुर निवासी सोनू उर्फ सुरेश चौधरी की ओर से अधिवक्ता अंचन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदक डेढ़ वर्ष से जेल में है। उसे दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या दुष्प्रेरण के प्रकरण में चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी। चूंकि 10 फरवरी को भतीजी शिवानी चौधरी का विवाह चंद्रप्रकाश के साथ होना है, अतः बड़े पिता के नाते शादी समारोह में शामिल होने आवेदक को अस्थाई जमानत का लाभ दिया जाना अपेक्षित है। इस संबंध में शादी का कार्ड संलग्न है।

सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अस्थाई जमानत के आवेदन का विरोध किया गया। दलील दी गई कि यह वेरीफाइड नहीं है कि विवाह भतीजी का ही है। कोर्ट ने उभयपक्षों को सुनने के बाद पांच दिन की अस्थाई जमानत 30 हजार का निजी मुचलका ट्रायल कोर्ट में जमा करने की शर्त पर दे दी। 17 फरवरी को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने की भी शर्त लगाई। ऐसा न करने पर कार्रवाई होगी। यही नहीं दिया भतीजी के विवाह की बात असत्य निकली, तो भी कार्रवाई तय है।

### सीजे ने संवेदनशीलता का परिचय दिया

अधिवक्ता अंचन पांडे ने अवगत कराया कि यह मामला दो एकलपीठों के समक्ष निवेदन के बावजूद सुनवाई के लिए नहीं लग रहा था। लिहाजा, सीजे सुरेश कुमार कैत के समक्ष निवेदन किया गया। उन्होंने अविलंब सुनवाई की व्यवस्था दे दी।



## जनसुनवाई में आये 164 आवेदन

**जबलपुर**। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 164 आवेदन दिये। जिसमें 114 नये आवेदन हैं तथा 50 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर अवैध कब्जा हटाने, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति भुगतान, बंटवारा, सीमांकन, लड़ाई-झगड़ा, ड्रोन सर्वे में छूटे गये नाम जोड़ने में, संबंल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि भुगतान करने, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे।

## तेज चाल प्रतियोगिता 16 फरवरी को

**जबलपुर**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 43 वीं तेज चाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 16 फरवरी को किया गया है। यह प्रतियोगिता प्रातः 6.30 बजे रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान से शुरू होगी। तेज चाल प्रतियोगिता में बिजली कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों के अलावा उनके पति.पत्नी, माता पिता, सास.ससुर भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के महिला.पुरूषों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है और इन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने पर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बाहरी महिला व पुरूष प्रतिभागियों को भी भाग लेने का अवसर दिया गया है।

### वेतन विसंगति की शिकायत दूर करें

**कैट का आदेश**

**जबलपुर**। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, कैट ने रेलवे को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ता की वेतन विसंगति संबंधी शिकायत दूर करें। न्यायमूर्ति अखिल कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी है। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी नंदित कुमार शर्मा की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा व अंजना श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता गति शक्ति यूनिट में डिप्टी चीफ इंजीनियर के पद पर पदस्थ है। याचिकाकर्ता के साथ भर्ती हुए अन्य इंजीनियर का वेतनमान उनसे अधिक है, जबकि वरिष्ठता सूची में वे नीचे हैं। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में रेलवे को कई बार आवेदन दिया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसीलिए याचिका दायर की गई है।

# रेल मंडल खेलकूद में यांत्रिक एवं इंजीनियरिंग विभाग को मिली जीत

**जबलपुर**। अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला का आयोजन रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है. पहले क्रिकेट मैच में मुख्य अतिथि वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता कोचिंग स्वप्निल पाटिल ने खिलाड़ियों से मिलकर परिचय प्राप्त किया पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में मंगलवार को 2 मैच खेले गए इसमें पहले मैच में यांत्रिक विभाग में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने पहले फील्डिंग किया । यांत्रिक विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रन का टारगेट दिया जिसमें मोहम्मद नादिर ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 73 रन नाबाद बनाए। और सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग ने 91 रन बनाए। महमूद ने 63 रनों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की । यांत्रिक विभाग ने 15 रन से जीत हासिल की । इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोहम्मद नादिर रहे । और आज का दूसरा मैच इंजीनियरिंग वर्सेस टीआरएस (एनकेजे) के बीच खेला गया । जिसमें इंजीनियरिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 115 रन बनाए । इंजीनियरिंग की ओर से प्रदीप सिंह ने 39 रन बनाए। वहीं टीआरएस (एनकेजे) की टीम ने अच्छी शुरुआत की टीआरएस (एनकेजे) के अभिलाष ने नाबाद रहते हुए 30 रन बनाए और अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। इंजीनियरिंग ने यह मैच 16 रन से जीत लिया । इस मैच के मैन ऑफ द मैच आशीष रहे। आज के मैच के अंपायर रहे विक्रम जनसारी, कैलाश यादव, हसन अली, असलम अली, गुलाम गौस, अंतर विभागीय प्रतियोगिता में खेलकूद अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, सहायक कार्मिक अधिकारी शचीपति नंदन, मंडल खेलकूद सचिव सुबोध मुकुन्द गोसावी, रोशन यादव, रामदयाल सनोदिया, गणेश श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित थे।



### ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेन्स की प्रदेश स्तरीय

# टीम लीडर तैयार करना प्रशिक्षण कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य : एमडी

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेन्स कर्मियों की दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला मुख्यालय जबलपुर में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में प्रदेश के टी.एल.एम. उपसंभाग के 40 कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में लाइन कर्मियों को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क के साथ सहायक एवं समावेशी तरीके से कार्य करने के अलावा अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते हुये प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य ट्रांसमिशन कंपनी में नये टीम लीडर तैयार करना है, जो पावर सेक्टर में बदलती परिस्थितियां और बढ़ती चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि एम.पी. ट्रांसको को देश की सर्वश्रेष्ठ ट्रांसमिशन कंपनी बनाये रखने के लिये वर्तमान कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता है, इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशालाएं कर्मियों के आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ाने में सहायक हो रही है।

उन्होंने कहा कि सभी ट्रांसमिशन लाइन मैनटेनेन्स कर्मियों को बेयरहेंड मैनटेनेन्स कार्य के साथ-साथ हॉट लाइन मैनटेनेन्स की भी ट्रेनिंग भी लेना चाहिए, ताकि वो लाइन मैनटेनेन्स की सभी विधाओं में पारंगत हो सके। उन्होंने कर्मियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने एम.पी. ट्रांसको में प्रशिक्षण कार्यशालाओं के सतत संचालन के सूत्रधार अधीक्षण अभियंता सुनील यादव को उनकी उत्कृष्ट कार्य शैली के लिए सम्मानित किया।

### डॉ नरसिंह देवाचार्य जी का नगर आगमन कल



**सिहोरा**। आगामी 13 फरवरी गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे शिव मंदिर बाबाताल में पूज्य जगतगुरू रामरंगी द्वाराचार्य डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज श्री के प्रथम नगर संस्कारधानी जबलपुर आगमन के पहले भव्य स्वागत का कार्यक्रम सिहोरा में रखा गया है। महाराज श्री के सभी शिष्यों ने नगर के समस्त धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों तथा सनातनी बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**मझौली**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन कर उनको याद किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन परप्रकाश डाला। इस मौके पर राजेंद्र चौरसिया, दिनेश कांत चौबे, रमेश झरिया सोनी मुकेश सेन मनोरंजन कपिल झरिया आशीष तिवारी महेंद्र कोस्टा प्रभु दत्त दुबे मुंडा भाई जान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सदर से दिन दहाड़े और माढ़ोताल से रात में ई रिक्शा चोरी

**जबलपुर**। माढ़ोताल और केंट थाना क्षेत्रों में चोरी की दो वारदातें सामने आई है। माढ़ोताल में दीक्षित कालोनी में घर के सामने खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। वहीं केंट में दिन दहाड़े इंदौर स्वीटस के सामने मेन रोड सदर में खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीक्षित कालोनी माढ़ोताल निवासी 30 वर्षीय ई रिक्शा संचालक अभिषेक जैन गत रात लगभग 10 बजे अपना ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड टी 6819 को अपने घर के गेट के बाजू में खड़ा कर दिया था। दूसरे दिन सुबह लगभग 6 बजे उठकर देखा तो उसका ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसी प्रकार केंट में जीके हुसैन कम्पाउंड सदर निवासी 23 वर्षीय मोहम्मद आकिब ने ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड के 6723 ईदगाह तांगे खाना के पास सदर निवासी गुलाम हुसैन से किस्तों में खरीदा था। जिसकी किस्त 53 हजार रुपए उसने जमा कर दिए है और थोड़ी किस्त बाकी है। ई रिक्शा मोह. आकिब के पिता मोह. ईनुस चला रहे है। गत सुबह लगभग 11.30 पिता मोह. ईनुस ने ई रिक्शा लॉक कर इंदौर स्वीटस के सामने मेन रोड सदर में खड़ी करके घर आ गए थे। दोपहर लगभग 12.10 मोह. ईनुस जाकर देखे तो वहां खड़ा ई रिक्शा गायब था जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# शराब देने के लिए रुपए नहीं देने पर बदमाशों ने की मारपीट

**जबलपुर**। माढ़ोताल और सिहोरा थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने तीन युवकों के साथ मारपीट कर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभात नगर गली नंबर 1 माढ़ोताल निवासी मजदूर राकेश चौधरी के घर देर रात लगभग 1.15 बजे मोहल्लें का कपिल गिरानिया, राहुल गिरानिया और धनराज गिरानिया आए और घर के बाहर जोर जोर से चिल्लाने लगे, वह उठकर बाहर आया तो कपिल उससे शराब पीने के लिये रुपए की मांग करने लगा, उसने रुपए देने से मना किया तो राहुल गिरानिया, धनराज गिरानिया उसके साथ गाली गलोज करने लगे, उसकी पत्नी कल्लो बाई तथा पड़ौसी अंकित अहिरवार बीच बचाव करने आए तो कपिल ने राकेश और अंकित के सिर पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। राहुल एवं धनराज ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। इसी प्रकार सिहोरा में मिस्पा स्कूल के पास सिहोरा निवासी 31 वर्षीय घोड़ा बग्घी संचालक धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर गत रात लुधियाना मोहल्ला सिहोरा निवससी धर्मेंद्र पटेल के यहां बारात का ऑर्डर लेने गया था। रात लगभग 9 बजे लुधियाना मोहल्ला में अमित सिंह ठाकुर मिला जो अपराधिक प्रवृत्ति का है और उसने धर्मेंद्र सिंह से शराब पीने के लिए रुपए की मांग की, रुपए देने से मना करने पर गालीगलौज कर धर्मेंद्र को एक थप्पड़ मार दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### जुआ सट्टा के अवैध कारोबारियों की धरपकड़

**जबलपुर**। शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले २ आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले ६८ व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 7 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 8 गैरम्यादी, 36 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 13 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 347 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 21 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 3 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 3 चाकू जप्त किये गये ।

**श्रीमती नेहा बस्सी जी**- हाउबाग स्टेशन के पास निवासी हमारे सनातन परिवार के श्री सुनील बस्सी जी की धर्म पत्नी श्रीमती नेहा बस्सी जी का आज निधन हो गया है। आप श्री के के बस्सी, श्री वी के बस्सी, श्री उमेश बस्सी एवं श्री बंटी बस्सी की भाभी थी। अंतिम यात्रा आज सुबह 11.30 बजे बस्सी निवासी हाउबाग स्टेशन के पास से गुप्तेश्वर मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री प्रकाश गोडबोले**- बाजनामठ वृद्धाश्रम के पास निवासी श्री प्रकाश गोडबोले (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कविता जशनानी**- रामदर्शन अपार्टमेंट उल्हास नगर (महाराष्ट्र) निवासी श्री राजकुमार जशनानी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता जशनानी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शारदा प्रसाद**- पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री शारदा प्रसाद (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा बाई कलवानी**- झामनदास चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रामचंद्र कलवानी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा बाई कलवानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्योति रजक**- गली नं. 23, सदर निवासी श्री मनोज रजक की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति रजक (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार ठाकुर**- शीतलामाई भटनागर अस्पताल के पास निवासी श्री राजकुमार ठाकुर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रंजन शुक्ला**- अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट निवासी श्री रंजन शुक्ला (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती द्रोपती तिवारी**- कैलाश नगर सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री गया प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती तिवारी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आशीष कुमार चौबे**- न्यू रामनगर रामपुर निवासी श्रीराम चौबे के पुत्र श्री आशीष कुमार चौबे




(35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील साहू**- खेरमाई वार्ड नर्मदा मैदान निवासी श्री सुशील साहू (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ताराचंद चौधरी**- तिलहरी निवासी श्री ताराचंद चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश रैकवार**- दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री मुकेश रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामलखन प्रसाद गुप्ता**- अशोक नगर अधारताल निवासी श्री रामलखन प्रसाद गुप्ता (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोमनाथ त्रिपाठी**- कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सोमनाथ त्रिपाठी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती गीता तिवारी**- कुदवारी अमखेरा निवासी श्री ओपी तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती गीता तिवारी (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | ब्लेक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइजः- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ से भारत को रहना होगा सतर्क

दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। उनके इन फैसलों का अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया पर असर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की यात्रा पर हैं। 14 फरवरी को वे अमेरिका पहुंचने वाले हैं। इससे दो दिन पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील पर 25 और एल्युमिनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इसका असर भारत पर भी होगा। भारत भी अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम बेचता है, लेकिन हमारी हिस्सेदारी काफी कम है। स्टील के मामले में महज 6 और एल्युमिनियम में 2 फीसदी के आसपास है। अमेरिका अगर भारत को टैरिफ से छूट नहीं देता तो अमेरिकी बाजार में भारतीय मेटल कंपनियों की प्रतिस्पर्धा घट सकती है। साथ ही, भारतीय बाजार चीन के सस्ते स्टील और एल्युमिनियम से पट भी सकता है। चीन पहले भारतीय बाजार में काफी स्टील डंप कर रहा है। इसका सीधा असर हमारे व्यापार खाटे पर पड़ता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। वहां पर उनकी ट्रंप के साथ भी मुलाकात होगी। ऐसे में भारत की मेटल इंडस्ट्री को उम्मीद है कि ट्रंप भारत के स्टील और एल्युमिनियम एक्सपोर्ट को रियायत दे सकते हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भी भारत को छूट दी थी। अगर भारत को रियायत मिलती है, तो यहां से अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का एक्सपोर्ट बढ़ सकता है, जो भारतीय इकोनॉमी के लिए भारी बूस्टर साबित होगा, लेकिन यह अभी भविष्य के गर्भ में है कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका ने ऐसा ट्रैरिफ पहली बार लगाया हो। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी स्टील और एल्युमिनियम पर इंपोर्ट टैरिफ लगा दिया था, जिससे इन धातुओं की कीमतों में तेज उछाल आया था। इससे अमेरिका को काफी नुकसान भी हुआ था। अमेरिकी कंपनियों के लिए उत्पादन की लागत बढ़ गई थी, जो स्टील और एल्युमिनियम खरीदते थे और उनका उपयोग अपने उत्पाद बनाने में करते थे। असल में ट्रंप अपनी अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के तहत लोकल प्रोडक्शन और रोजगार को बढ़ावा देना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने इंपोर्ट पर टैरिफ लगाया है। इसके नुकसान भी हैं। कई आर्थिक जानकारों का मानना है कि टैरिफ लगाने से अमेरिका में स्टील और एल्युमिनियम महंगा हो जाएगा। इसकी कीमत आखिर में अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं को ही चुकानी होगी। वहीं टैरिफ बढ़ने से अमेरिकी सहयोगियों पर बुरा असर पड़ेगा। कनाडा, अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का सबसे बड़ा सप्लायर है। मैक्सिको स्टील का तीसरा सबसे बड़ा सप्लायर है। जापान और दक्षिण कोरिया भी अमेरिका को स्टील एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देश हैं। टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका के कई करीबी देश नाराज हो सकते हैं और बदले में इसी तरह का कदम उठा सकते हैं। कनाडा ने तो इसकी धमकी भी दे रखी है। असल में अमेरिका के निशाने पर चीन है। उसे ग्लोबल स्टील इंडस्ट्री की समस्याओं की जड़ माना जाता है। उसने भारी उत्पादन करके दुनियाभर के बाजारों को सस्ते स्टील से पाट रखा है। इससे कीमतें जमीन पर आ गई हैं और अमेरिका के साथ अन्य देशों में स्टील निर्माताओं को नुकसान हुआ है। अब अमेरिका ने ट्रैरिफ लगाया है तो वो अन्य देशों में अपने उत्पाद को डंप करेगा। खासकर भारत को इसे लेकर सतर्क रहना होगा, क्योंकि चीन के साथ पहले से ही हमारा व्यापार घाटा गंभीर अवस्था में है।

# अमेरिकी यात्रा के अनुभव होंगे महत्त्वपूर्ण



विमर्श

विकेश कुमार बडोला

> ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्त्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहले फ्रांस पहुंच चुके हैं। यहां दो दिन रुकने के बाद वे अगले दो दिनों के लिए अमेरिका जाएंगे। फ्रांस की यात्रा 'एआई एक्शन समिट' में उनके सह-अध्यक्ष की भूमिका के निर्वहन के लिए हो रही है। इस सम्मेलन में वे विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओज को संबोधित करेंगे। प्रौद्योगिकी के नवोन्नत रूप-स्वरूप आर्टिफीशियल इंटेलिजेंसी अर्थात कृत्रिम बौद्धिकता के आधार पर वैश्विक कार्यों के निस्तारण की दिशा में हुई प्रगति द्वारा जहां एक ओर वैश्विक सुविधा संपन्नता में वृद्धि हुई है, तो वहीं कृत्रिम बौद्धिकता पर समग्र गतिविधियों की निर्भरता के कारण यह चुनौतीपूर्ण समस्या के रूप में उभरी है। कुछेक वर्षों से इसी समस्या, बाधा और जटिलता के निवारण हेतु 'एआई एक्शन समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इस बार इसका आयोजनकर्ता देश फ्रांस है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ मोदी द्विपक्षीय व्यापार, अर्थव्यवस्था तथा अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर भी '2047 होराइजन रोडमैप' के अंतर्गत दोनों देशों की कार्यनीतिक साझीदारी की समीक्षा बैठक करेंगे। इस यात्रा में प्रधानमंत्री फ्रांस में भारत के प्रथम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन भी करेंगे। वे अंतरराष्ट्रीय तापन नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अतिरिक्त वे प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्धों में बलिदान हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के उद्देश्य से 'मजरग्यूज वार सिमेट्री' भी जाएंगे।

इसके बाद मोदी की महत्त्वपूर्ण अमेरिकी यात्रा प्रारंभ होगी। जनवरी में ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्त्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपने दल की चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था। यह दुनिया के सभी देशों के नेताओं के लिए एक प्रेरणादायी बात भी है कि वे जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने की दिशा में ही कार्य करें। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का वादा पूरा करने का अभियान दुनिया की राजनीति में बड़ी हलचल मचाये हुए है। जहां तक भारत और अमेरिका के आर्थिक-व्यापारिक संबंधों की बात है, तो ट्रंप द्वारा शुल्क वृद्धि नीति को क्रियान्वित किए जाने के बाद इनमें भारत के पक्ष में हानि का गणित बनता दिख रहा है। इसमें संदेह है कि ट्रंप अपने समकक्ष मोदी से पुरानी मित्रता के आलोक में भारत के साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को पहले की तरह बनाए रखने के लिए प्रेरित होंगे। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर निकाले जाने के बिंदु पर भी भारत की ओर से आपत्ति प्रकट किए जाने का कोई औचित्य नहीं होगा, क्योंकि अमेरिका ही नहीं बल्कि यह किसी भी देश का



अपना निर्णय, अपनी नीति और अपना अधिकार है कि वह अपने यहां अवैध ढंग से रह रहे लोगों को बाहर निकाले। इस संदर्भ में तो भारत को अमेरिका से प्रेरणा लेनी चाहिए और बांग्लादेशी व म्यामारी घुसपैठियों को बाहर करने का बड़ा अभियान चलाना चाहिए। भारत-अमेरिका के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में जो बहुमुखी संबंध हैं, निश्चित रूप में मोदी की इस यात्रा की समयावधि में उनमें सुव्यवस्था स्थापित होने की आशा है। शुल्क, व्यापार, अवैध आव्रजन, अमेरिका के विरोध में ब्रिक्स जैसी गुटसापेक्षता, इत्यादि विषयों पर ट्रंप अपनी नवनीतियों में मोदी के साथ मित्रता के आधार पर परिवर्तन नहीं करेंगे। मोदी को इस बिंदु का ध्यान रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को शक्तिशाली बनाने की दिशा में कुछ अनचाहे समझौते भी करने ही होंगे। इनमें पहला यही कि अमेरिकी शुल्क वृद्धिकारी नीतियों का कुछ समय के लिए पालन किया जाए और अवैध आव्रजन जैसे विषय पर अमेरिका का सहयोग करते हुए सभी अवैध भारतीय नागरिकों को अमेरिका से वापस बुला लिया जाए। इससे भारत के विरुद्ध अमेरिकी शुल्क वृद्धि नीति में कुछ सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। यह सुनिश्चित है कि मोदी इस यात्रा के बाद अमेरिका से किसी न किसी भारतीय हित की नीति को संवर्द्धन करके वापस लौटेंगे, किंतु इसके लिए ट्रंप प्रशासन की कुछ शर्तें भी होंगी, जिनका भारत को अनुसरण करना होगा। यदि अंतरराष्ट्रीय विषयों के संदर्भ में ट्रंप-मोदी की भेंट का निष्कर्ष निकालें तो इसके दुनिया के हित में दूरगामी कार्यबिंदु उभरते हुए दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण एशिया में भारत की स्वायत्तताओं के लिए ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की ही भांति उदार होंगे। हो सकता है कि आगामी कुछ दिनों में बांग्लादेश में अपदस्थ राष्ट्रपति शेख हसीना का पुनः सत्तारूढ़ होने का मार्ग प्रशस्त हो जाए या वहां पर आम चुनाव का वातावरण बन जाए और उसमें हसीना विजयी होकर वापस सत्ता प्राप्त कर लें। यदि ऐसा होता है, तो इस सत्ता के सकारात्मक संचालक के रूप में भारत व अमेरिका ही गोपनीय भूमिका में होंगे। पिछली बार ट्रंप जब सत्ता में थे तो उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सभा, यूनिसेफ, मानवाधिकार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, इत्यादि यूरोपीय देशों के प्रभाव वाली संस्थाओं के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों और नीतियों को दुनिया के स्वायत्त देशों के लिए आत्मघाती घोषित कर इनमें अमेरिकी योगदान को नगण्य स्तर तक सीमित कर दिया था। यूनिसेफ तो अमेरिका से अलग भी हो गया था।


देखा-देखी इजरायल ने भी इस प्रकरण में यूनिसेफ की सदस्यता त्याग दी। इस बार ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के अनुषंगी तंत्र अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से स्वयं को अलग कर दिया। इजरायल ने भी तुरंत इस संगठन की सदस्यता त्याग दी। इस संदर्भ में भारत को अमेरिका और इजरायल का आंतरिक दृष्टिकोण जानना-समझना होगा कि क्यों वे बाह्य रूप में जगभलाई के हेतु दिखाई देने वाले ऐसे तंत्रों व संगठनों का परित्याग कर रहे हैं, जो वास्तविकता में मध्य यूरोप, अफ्रीका, मध्य एशिया और दक्षिण-पश्चिम एशिया के मुसलिम बहुल देशों में मानवाधिकार के अंतर्गत मुद्रा से लेकर खाद्य सुरक्षा पहुंचा रहे हैं और बदले में ऐसे देशों के लोग अराजक, आतंकी और अवैध नागरिक बनकर विकसित व सभ्य देशों के सार्वजनिक जीवन को अशोभनीय और असुरक्षित बना रहे हैं। यह सच है कि भारत में बांग्लादेशी, म्यांमारी तथा अन्य देशों के अवैध नागरिकों द्वारा ऐसी ही नकारात्मक परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं। इस आधार पर ये लोग किसी भी दृष्टि से मानवाधिकार के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सुख-सुविधाएं प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हो सकते हैं। भारत को भी इस सत्य को समझना होगा। वर्तमान में अमेरिका से लेकर भारत तक ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु



# महर्षि दयानंद का संदेश आज के दौर में अधिक प्रासंगिक


हम महर्षि को पौराणिकता या किसी खास नजरिए से देखने के बजाय यदि वेदों और उपयोगिता के संदर्भ में विश्व मानवता के साथ जोड़ कर देखें तो पाएंगे कि दयानंद ने आज से 160 साल पहले जो विश्व मानवता को संदेश दिया था, वह आज के हिंसा और अराजकतावाद के उन्मादी दौर में कहीं अधिक प्रासंगिक जान पड़ता है। मैक्समूलर ही नहीं अनेक विदेशी विचारकों, साहित्यकारों, राजनेताओं, समाज सुधारकों ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि दयानंद जो भी कहते हैं, वह निष्पक्ष ही नहीं ज्ञान, सत्य, सर्व कल्याण को ध्यान में रखकर और तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होता है। आम तौर पर दयानंद को महज एक हिंदू समाज सुधारक के तौर पर समझकर उन्हें संकीर्ण बना देते हैं। जबकि महर्षि दयानंद हिंदू समाज सुधारक ही नहीं बल्कि वे तो सारी मानवता को एक ऐसी दिशा देने वाले थे जो सामाजिक रूप से सबल और उच्चता के शिखर पर पहुंचने वाली साबित हुई। जीवन, समाज, साहित्य, धर्म, संस्कृति, भाषा, मानव मूल्य, अध्यात्म, राजनीति, अर्थ, दर्शन, विज्ञान, व्याकरण, योग ध्यान सहित ऐसे सभी विषयों पर उनकी नजर गई जो मानव और समाज के लिए महत्वपूर्ण, उपयोगी और कल्याणकारी हो। 59 साल की विकट संघर्ष वाली जिंदगी में उन्होंने एक भी कार्य ऐसा नहीं किए जो किसी के लिए अनुचित, अहितकारी या अमर्यादित रहा हो। चाहे वह सांस्कृतिक चेतना की बात हो, राजनीति, समाज, दर्शन और शिक्षा की बात हो, तब भी केवल और केवल वेद ही सामने होते हैं। इसलिए दयानंद के किसी विचार, कार्य और व्यवहार पर किसी को काटने की जरूरत नहीं पड़ी। जिसने उनके कार्य, विचार और व्यवहार का विरोध किया, वह किसी न किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर ही किया। हम दयानंद के कार्यों और विचारों का मूल्यांकन करते वक्त यह भूल जाते हैं कि उन्होंने सत्य, न्याय, निष्पक्ष, व्यावहारिक और सर्वहित पर गौर करते हुए ही सारी बात कही और सारे कार्य किये। भले ही उन्हें इसके लिए जहर पीना पड़ा हो। वैसे तो उनके अनगिनत कार्य हैं लेकिन वैदिक गुरुकुलों की स्थापना, राष्ट्र निर्माण की चेतना, समाज कल्याण और स्वदेशी पर ही जोर देने, हिंदी को प्रमुखता, शुद्धिकरण, दलित, पिछड़े व नारी कल्याण, सच्चे वैदिक धर्म व अध्यात्म का प्रचार, सत्य, शुभ और शांति की स्थापना, शुद्ध आहार-विहार, गौ संरक्षण, वैदिक यज्ञों की फिर से स्थापना और योग साधना जैसे तमाम कार्यों को हम मौजूदा दौर में अधिक प्रासंगिक पाते हैं। मानव की भलाई जिसमें हो, दयानंद उस बात को उस कार्य को सबसे बेहतर और हितकारी मानते दिखाई पड़ते हैं। सत्यार्थ प्रकाश में जो भी उन्होंने लिखा, उसमें उनका अपने खुद के फायदे का कुछ भी नहीं है।

सारा का सारा ज्ञान और तथ्य मानव समाज के सुधार, सुख, शांति, आपसी प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता, न्याय, अहिंसा की स्थापना, सत्य की जीत और शुभत्व को ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत किया। दुराग्रह, आग्रह, स्वार्थ और पक्षधारिता को दूर-दूर तक दयानंद के जीवन में हम नहीं पाते हैं। महर्षि दयानंद की देन को हमें विस्तृत फलक पर देखना चाहिए, तभी हम उनका ठीक, सही और निष्पक्ष मूल्यांकन कर पाएंगे। मिसाल के तौर पर जब हम विज्ञान और अध्यात्म के क्षेत्र में उनका मूल्यांकन करें तो पाएंगे कि उन्होंने वेदों के आधार पर जो विश्व मानवता के हित में था, वहीं आगे बढ़ाया। विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं उनके जरिए वेदाधारित त्रैतवाद के जरिए समझा जा सकता है। दयानंद द्वारा मानवता, धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, समाज, भाषा, शिक्षा और वेद के लिए किए गए अनगिनत अवदानों और स्थापनाओं को जानने में भी दुनिया को सुविधा होगी।

वह स्वभाषा, स्वसंस्कृति, स्वधर्म, स्वराष्ट्र, स्वाभिमान, स्वगौरव, स्वशिक्षा, स्वतंत्रता और शाकाहार को समाज का आधार मानते थे। उनकी आंखों में सभी मानवों के लिए प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता और कल्याण के लिए स्थान था। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब-कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उतना ही दूसरे मत पंथों की भी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए,

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की

## अंतर्मन




### आज की पाती

**केजरीवाल की राजनीतिक परिपक्वता**

देश के लाखों-लाख लोग लगातार टकटकी लगाकर ताक लगाए बैठे थे कि दिल्ली विधानसभा में बड़ी पराजय के बाद अरविंद केजरीवाल क्या-क्या कहने और आरोप लगाने वाले हैं! उनसे बहुत नकारात्मक और तर्कहीन बातों-आरोपों की आशाएं व अपेक्षाएं लगा रखी थीं लाखों लोगों ने। परंतु अप्रत्याशित और आश्चर्यजनक रूप से केजरीवाल ने विनम्रता का प्रदर्शन करते हुए जनादेश का स्वागत कर डाला। मैं अधिकतर अवसरों पर केजरीवाल की कुछ नकारात्मक किस्म की राजनीति का विरोधी रहा हूं। मुझे भी केजरीवाल की ऐसी प्रतिक्रिया पर आश्चर्य हुआ। इस तरह का सकारात्मक रुख अपनाकर केजरीवाल यह संदेश देने में सफल रहे कि वो राजनीति में अब परिपक्व हो गए हैं।

*मनोज पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान और स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु समर्पित उनका जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### गंदगी की सफ़ाई कराएं



संगम के मुख्य नहान स्थान पर हर तरफ़ फैली अपरंपार गंदगी की सफ़ाई का इंतज़ाम तुरंत किया जाए। ये गंदगी स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों तरह से बहुत हानिकारक है। इससे महाकुंभ की पवित्र-पावन छवि भी दूषित और धूमिल हो रही है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई



स्वस्थ रहने के लिए एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई एक ऐसी चीज़ है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा।

**-नीरज चोपड़ा, भारतीय एथलीट**

### संसाधन खोजना अहम




अगले पांच वर्षों में दुनिया को केवल बैटरी उत्पादन की मांग को पूरा करने के लिए तांबे, लिथियम और कोबाल्ट की अधिक आवश्यकता होगी। जाहिर है, नई खदानें खोलना और अन्वेषण के माध्यम से अधिक संसाधन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने प्लास्टिक के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर दिया जोर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह संघीय स्तर पर कागज के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, क्योंकि वे ''टिकाऊ'' नहीं होते। उन्होंने कहा कि इसके बजाए प्लास्टिक के इस्तेमाल की तरफ बढ़ना चाहिए। ट्रंप ने संघीय खरीद नीतियों को पलटने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने वह नीति पलट दी है जिसके तहत कागज के स्ट्रॉ की खरीद को प्रोत्साहित किया जाता था और प्लास्टिक के स्ट्रॉ पर प्रतिबंध था। आदेश में संघीय एजेंसियों को कागज के स्ट्रॉ खरीदना बंद करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दफ्तरों के भीतर अब कागज के स्ट्रॉ उपलब्ध न कराए जाएं। ट्रंप लंबे समय से कागज से बने स्ट्रॉ के खिलाफ बोलते रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप ब्रांड वाले पुनः इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक स्ट्रॉ की बिक्री भी की गई थी। ट्रंप ने इस आदेश से पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन के फैसले को पलट दिया है जिसमें 2027 तक खाद्य सेवा संचालन, आयोजनों और पैकेजिंग से स्ट्रॉ सहित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक की संघीय खरीद को समाप्त करना और 2035 तक सभी संघीय संचालनों से समाप्त करना शामिल था।



## ऑफ बीट


# गर्म हो रही है समुद्र तल पर ठंडे पानी की परत

अंटार्कटिक में हमारे नए शोध से पता चलता है कि समुद्र तल पर ठंडे पानी की महत्वपूर्ण परत, जो दुनिया को घुमाती है और ज्यादातर वायुमंडलीय गर्मी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सोखने की समुद्र की क्षमता को बनाए रखने में मदद करती है, अब गर्म हो रही है और सिकुड़ रही है। इनमें से अधिकांश मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो अंटार्कटिक बर्फ की परतों को पिघला रहा है और इस संचलन को नियंत्रित करने वाली जटिल प्रणाली को बाधित कर रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है, जहां तक पिछले 30 वर्षों का संबंध है, देखे गए परिवर्तनों के लिए एक प्राकृतिक चक्र आंशिक रूप से जिम्मेदार हो सकता है। औद्योगिक युग की शुरुआत के बाद से मानव द्वारा उत्पादित अतिरिक्त गर्मी का 90% से अधिक और अतिरक्त कार्बन डाइआक्साइड का लगभग 30% समुद्र ने अवशोषित किया है। इसने पृथ्वी की सतह पर जहाँ हम रहते हैं, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को बहुत कम कर दिया है। वायुमंडल और महासागर के बीच गैसों और गर्मी का अधिकांश आदान-प्रदान दक्षिणी महासागर में अंटार्कटिका के आसपास पानी की जटिल ऊर्ध्वाधर गतिविधियों के माध्यम से होता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### शैले होटल महानंदा स्पा का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** शैले होटल्स लि. 530 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर महानंदा स्पा एंड रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करेगी। महानंदा स्पा एंड रिजॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ऋषिकेश में स्थित वेस्टिन रिजॉर्ट एंड स्पा, हिमालयाज (टीडब्ल्यूआरएस) के स्वामित्व वाली कंपनी है। शैले होटल्स लि. (सीएचएल) ने बयान में कहा कि कंपनी को इस सौदे के लिए निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गई है। ऋषिकेश स्थित वेस्टिन रिज़ॉर्ट एंड स्पा, हिमालयाज 141 कमरों वाला एक आलीशान रिज़ॉर्ट है।

### नाल्को के शुद्ध लाभ में तीन गुना इजाफा


**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को) का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 1,566.32 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।




कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान 470.61 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 40 प्रतिशत बढ़कर 4,761.31 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,397.87 करोड़ रुपये थी।

### सिन्जीन के एमडी और सीईओ हंट ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** जोनाथन हंट ने अन्य अवसरों की तलाश के लिए सिन्जीन इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक (सीईओ) पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है।



अनुबंध अनुसंधान, विकास और विनिर्माण संगठन (सीआरडीएमओ) ने एक बयान में कहा कि इसके बाद बोर्ड ने पीटर बैंस को सीईओ के रूप में नामित किया है। बयान में कहा गया कि दोनों परिवर्तन 10 फरवरी से प्रभावी होंगे।

### अपोलो हॉस्पिटल्स का लाभ 52 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 52 प्रतिशत बढ़कर 372 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।




अपोलो हॉस्पिटल्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 245 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 5,527 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 2023-24 इसी तिमाही में 4,851 करोड़ रुपये थी।

### श्रम मंत्रालय का फाउंडइट के साथ समझौता



**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने नौकरी पोर्टल फाउंडइट के साथ एक शुरुआती समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इस पहल का मकसद सालाना 10 लाख से अधिक रोजगार के बारे में जानकारी देकर नौकरी चाहने वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाना और विस्तार करना है। श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

# अदाणी को राहत? ट्रंप ने विदेशी रिश्वतखोरी कानून पर लगाई रोक

**न्याय मंत्रालय को आधी सदी पुराने कानून को रोकने का दिया निर्देश**

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें न्याय मंत्रालय को लगभग आधी सदी पुराने कानून पर रोकने लगाने और उसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी की जांच इसी कानून के तहत शुरू की गई थी।

ट्रंप ने 1977 के विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) के क्रियान्वयन पर रोक लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जो अमेरिकी कंपनियों तथा विदेशी कंपनियों को व्यापार करने के लिए विदेशी सरकारों के अधिकारियों को रिश्वत देने से रोकता है।

### अदाणी के खिलाफ अभियोग चलाया गया

राष्ट्रपति ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पामेला बॉन्डी को एफसीपीए के प्रवर्तन को रोकने का निर्देश दिया, जिसके तहत अमेरिकी न्याय मंत्रालय कुछ चर्चित मामलों की जांच कर रहा है। इसके तहत ही भारतीय उद्योगपति एवं अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर के खिलाफ अभियोग चलाया गया।



### भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का था मामला

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन नीत सरकार के अधीन न्याय मंत्रालय ने पिछले साल अदाणी पर सौर ऊर्जा ठेकों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 2,100 करोड़ रुपये) से अधिक की रिश्वत देने की योजना का कथित रूप से हिस्सा होने का आरोप लगाया था। अदाणी समूह ने हालांकि सभी आरोपों को खारिज किया है।

### एफसीपीए ने लगाया था आरोप

अभियोजकों ने पिछले वर्ष एफसीपीए का हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि यह बात उन अमेरिकी बैंकों और निवेशकों से छिपाई गई, जिनसे अदाणी समूह ने इस परियोजना के लिए अरबों डॉलर जुटाए थे। एफसीपीए विदेशी भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई करने की अनुमति देता है, जबकि उनका अमेरिकी निवेशकों या बाजारों से कुछ संबंध हो।

इस कानून पर ट्रंप का रोक लगाना और समीक्षा का आदेश देना अदाणी समूह के लिए राहत के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि छह महीने की समीक्षा अवधि के बाद न्याय मंत्रालय क्या रुख अपनाता है।

## यूरोपीय संघ अनुचित शुल्क का देगा जवाब

# यूरोपीय संघ ने अमेरिकी शुल्क के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई की दी चेतावनी

एजेंसी ▸▸| ब्रसेल्स

यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि इस्पात तथा एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क को लेकर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे 27 देशों के समूह को कड़े जवाबी कदम उठाने पड़ेंगे।

- 27 देशों के समूह को कड़े जवाबी कदम उठाने पड़ेंगे

वॉन डेर लेयेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाए जाने पर बयान में कहा, ''यूरोपीय संघ अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएगा।'' उन्होंने कहा, '' शुल्क, कर हैं... व्यापार के लिए बुरे, उपभोक्ताओं के लिए और भी बुरे हैं। यूरोपीय संघ पर अनुचित शुल्क का जवाब दिया जाएगा।'' वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इसके जवाब में इतनी ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



- ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाने का दिया गया जवाब
- अमेरिका कोई विकल्प नहीं छोड़ता, तो ईयू एक जूट होकर करेगा कार्रवाई

### दोनों पक्षों की समृद्धि को होगा नुकसानः जर्मनी चांसलर

इस बीच, यूरोपीय संघ की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने संसद को बताया कि '' यदि अमेरिका हमारे लिए कोई अन्य विकल्प नहीं छोड़ता है, तो यूरोपीय संघ एकजुट होकर प्रतिक्रिया देगा।'' उन्होंने कहा, '' अंततः व्यापार युद्धों से हमेशा दोनों पक्षों की समृद्धि को नुकसान होता है।''

### भारत के तेल व्यापार पर नहीं पड़ेगा असर : रूसी मंत्री

*रूस के प्रथम उप-ऊर्जा मंत्री पावेल सोरोकिन ने कहा है कि रूस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों का भारत के साथ रूस के तेल व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने इन प्रतिबंधों को 'गैरकानूनी' बताया। पिछले महीने अमेरिका ने रूस के ऊर्जा व्यापार के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाए थे। इन प्रतिबंधों में रूसी तेल उत्पादक गैजप्रोम नेफ्ट और सर्गुटनेफ्टेगास को लक्ष्य बनाया गया था और साथ ही रूसी तेल ले जाने वाले 183 जहाजों पर प्रतिबंध लगाया गया था।*

### ट्रंप ने पहले कार्यकाल में भी लगाया था शुल्क

ट्रंप ने विदेशी इस्पात और एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत कर लगाने की घोषणा की है। इससे स्थानीय उत्पादकों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से राहत मिलने की उम्मीद है जिससे वे अधिक कीमत वसूल सकेंगे। ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में भी इसी तरह के शुल्क लगाए थे, लेकिन इस कदम से अमेरिका के प्रमुख सहयोगियों के साथ संबंधों को नुकसान पहुंचा था।

### डाउनस्ट्रीम विनिर्माताओं की लागत बढ़ी

साथ ही इस्पात और एल्युमीनियम खरीदने वाले 'डाउनस्ट्रीम' विनिर्माताओं की लागत बढ़ गई थी। यूरोपीय संघ आयोग के उपाध्यक्ष मार्कोस शेफकोविक ने मंगलवार को कहा कि शुल्क ''आर्थिक रूप से प्रतिकूल हैं, विशेष रूप से हमारे व्यापक अंतर-अटलांटिक व्यापार व निवेश संबंधों के माध्यम से स्थापित गहन एकीकृत उत्पादन श्रृंखलाओं को देखते हुए।''

### हम बातचीत के लिए तैयारः ईयू

शेफकोविक ने पत्रकारों से कहा, '' हम अपने कर्मचारियों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं की रक्षा करेंगे। हमारे लिए यह आदर्श स्थिति नहीं है। हम रचनात्मक संवाद के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम बातचीत के लिए तैयार हैं और जहां संभव हो, पारस्परिक रूप से लाभकारी समाधान खोजने के लिए तैयार हैं।''शेफकोविक ने कहा, '' दोनों पक्षों के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है।''

# देश में 10 वर्ष में होंगे 10 लाख पंजीकृत स्टार्टअप : गोयल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि देश में उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों से अगले 10 वर्ष में सरकार द्वारा पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 10 लाख होने की उम्मीद है।

- सरकार ने उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने उठाए कदम

देश में वर्तमान में 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जबकि 2016 में इनकी संख्या 450 थी। सरकार ने नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत परिवेश बनाने के इरादे से 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी। सरकार की पात्रता शर्तों के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत इकाइयों को 'स्टार्टअप' के रूप में मान्यता दी जाती है। ये इकाइयां स्टार्टअप इंडिया कार्य योजना के तहत कर तथा गैर-कर प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। गोयल ने यहां भारत-इज़राइल व्यापार मंच की बैठक में कहा, '' हमारे पास दुनिया में तीसरा सबसे बड़े स्टार्टअप परिवेश है, जहां पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या नौ वर्षों में 450 से बढ़कर आज 1.57 लाख हो गई है।

### दोनों पक्ष नए रास्ते तलाश रहे

दोनों पक्ष दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। वे आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी सहयोग और निवेश के अवसरों के नए रास्ते तलाश रहे हैं।

### 1.4 अरब लोगों का विशाल बाजार है भारत

भारत 1.4 अरब लोगों का विशाल घरेलू बाजार प्रदान करता है।इज़राइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय इज़राइली व्यापार प्रतिनिधिमंडल, भारत-इज़राइल व्यापार मंच और भारत-इजराइल सीईओ मंच की बैठकों के लिए यहां आया हुआ है।

# सोने में सात दिन से जारी तेजी थमी, 200 रुपए की गिरावट

**वैश्विक बाजार में सुस्ती से स्टॉकिस्टों ने की बिकवाली**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोने में पिछले सात दिन से चली आ रही तेजी थम गई तथा वैश्विक बाजारों में सुस्ती के रुख के बीच स्टॉकिस्टों की बिकवाली के कारण इसकी कीमत मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई।

- सोना गिरावट के साथ 88,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन इसका भाव 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमत 900 रुपये टूटकर 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र का भाव 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के कांग्रेस के समक्ष बयान से पहले सोने की कीमतों में गिरावट आई है, जिसपर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के भविष्य के ब्याज दर में कटौती के बारे में जानकारी के लिए बारीकी से नजर रखी जाएगी।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।



### कॉमेक्स में सोना वायदा में गिरावट

वैश्विक स्तर पर, अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा गिरावट के साथ 2,933.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। दिन के कारोबार में, यह 34 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,968.39 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# कलाहरिधान ट्रेंड्ज पर सेबी ने लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एसएमई कंपनी कलाहरिधान ट्रेंड्ज और उसके प्रवर्तकों को खुलासा नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया।

कलाहरिधान ट्रेंड्ज लिमिटेड (केटीएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के लघु और मझोले उद्यम मंच 'एसएमई इमर्ज'' पर पिछले साल फरवरी में सूचीबद्ध किया गया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक अंतरिम आदेश एवं कारण बताओ नोटिस में कहा कि केटीएल के साथ उसके प्रवर्तकों- निरंजन डी अग्रवाल, आदित्य एन अग्रवाल और सुनीता निरंजन अग्रवाल को भी अगले आदेश तक बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। सेबी ने केटीएल और उसके प्रवर्तकों को यह बताने का भी निर्देश दिया कि उनके खिलाफ प्रतिबंध के उपयुक्त निर्देश क्यों नहीं जारी किए जाने चाहिए।




# ऊर्जा बदलाव का न्यायसंगत होना जरूरी : पुरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत ने 'ऊर्जा बदलाव' को लेकर गहरी समझ विकसित करने का आह्वान करते हुए मंगलवार को कहा कि प्रदूषणकारी जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ स्रोतों की तरफ रुख केवल वहीं करना चाहिए, जहां विकासशील देशों की ज़रूरतें पूरा करने के लिए सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यहां 'भारत ऊर्जा सप्ताह' (आईईड्ब्ल्यू) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ऊर्जा बदलाव का मतलब किसी भी ईंधन का पूर्ण रूप से प्रतिस्थापन न होकर एक ऊर्जा स्रोत की जगह दूसरे स्रोत को प्राथमिकता देना है। भारत जैसे विकासशील देश अपनी अधिकांश ऊर्जा मांग को कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों से पूरा करते हैं।

- 'भारत ऊर्जा सप्ताह' के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित



### तेल और गैस महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे

हालांकि, पुरी ने इस संकल्पना से असहमति जताते हुए कहा, ''नवीकरणीय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत बन जाने पर भी तेल एवं गैस न केवल बिजली उत्पादन में बल्कि ग्रिड, औद्योगिक हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण नवाचार को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।''

हालांकि, प्रदूषणकारी स्रोतों से मिलने वाले ईंधन से हटकर नवीकरणीय ऊर्जा की तरफ रुख करने का आह्वान किया जा रहा है लेकिन भारत का मानना है कि यह कदम अचानक नहीं उठाया जा सकता है। इसकी वजह यह है कि बदलाव की प्रक्रिया में तेल एवं गैस के साथ कोयला भी ऊर्जा की मांग पूरी करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# रुपया 63 पैसे की तेजी के साथ 86.82 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया 63 पैसे की तेजी के साथ 86.82 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह करीब दो साल में एक सत्र में दर्ज सबसे अधिक तेजी है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि 88 के स्तर के करीब पहुंचने के एक दिन बाद मंगलवार को हुई तीव्र बढ़त, विश्वव्यापी शुल्क युद्ध की चिंताओं के बीच अत्यधिक अस्थिर मुद्रा बाजार को दर्शाती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और कारोबार के दौरान 86.61 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छू गया। अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 86.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 63 पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को 87.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



# आईओसी 'स्वच्छ' रूसी तेल खरीद रही है : चेयरमैन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी रूस से 'स्वच्छ' कच्चा तेल खरीद रही है, जिससे अमेरिकी प्रतिबंधों का खतरा नहीं है।

- देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी है आईओसी

फरवरी, 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है, जिसकी खरीद कुल आयातित तेल के एक प्रतिशत से बढ़कर देश की कुल तेल खरीद का लगभग 40 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि मुख्यतः इसलिए हुई क्योंकि रूसी कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार किए जाने वाले अन्य तेल की तुलना में छूट पर उपलब्ध था तथा यूरोपीय देश मॉस्को से खरीदारी से परहेज कर रहे थे। भारत ऊर्जा सप्ताह के मौके पर, साहनी ने कहा कि प्रतिबंधों का देश की कच्चे तेल की उपलब्धता या ऊर्जा सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और अगर पड़ेगा तो यह बहुत मामूली होगा। मांग को पूरा करने के लिए दुनियाभर में पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत को तेल की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी रोसनेफ्ट पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। उन्होंने कहा कि रूस द्वारा उपयोग किए जाने वाले लगभग 600 टैंकर में से केवल 183 पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर भारतीय कंपनियां रूसी तेल के ऐसे अनुबंध पर विचार करेंगी जो स्वच्छ हों और जिसपर प्रतिबंध न लगे।

### रूसी तेल की खरीद डिलिवरी आधार पर

चेयरमैन साहनी ने कहा, ''हम रूसी तेल को डिलिवरी के आधार पर खरीदते हैं, जिसका मतलब है कि आपूर्तिकर्ता परिवहन की व्यवस्था करता है। हमें यह देखना होगा कि रूसी तेल ले जाने वाले टैंकरों पर प्रतिबंध न लगे और उनका उचित बीमा हो, क्योंकि कोई भी बंदरगाह बिना बीमा कवर के किसी भी जहाज को अनुमति नहीं देगा।''

**सिर्फ तेल बेचकर कमा लिए 6 हजार करोड़ रूपए से अधिक**

# बाबा रामदेव की पतंजलि को हुआ तगड़ा मुनाफा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली चीजें बनाने वाली बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए अपने नतीजों का ऐलान कर दिया है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तिमाही में पतंजलि का नेट प्रॉफिट 71.3 प्रतिशत बढ़कर 370.9 करोड़ रुपए हो गया। जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 216.5 करोड़ रुपए था। कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,103.13 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,910.70 करोड़ रुपए थी। वहीं इस तिमाही में कंपनी का इबिटाडा 57.1 प्रतिशत बढ़कर 540.5 करोड़ हो गया।

- अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,103 .13 करोड़ रुपए हो गई




### एक्सपोर्ट्स से भी की तगड़ी कमाई

पतंजलि फूड्स ने 1 नवंबर, 2024 को पतंजलि आयुर्वेद के होम और पर्सनल केयर बिजनेस को 1,100 करोड़ रुपए में खरीद लिया है और इसी के साथ डेंटल, स्किन, हेयर और होम केयर सेगमेंट में भी इसका दायरा बढ़ गया है। हालांकि, महंगाई और कच्चे माल की कीमत अधिक होने की वजह से तीसरी तिमाही में डिमांड में थोड़ी कमी भी देखी गई।

### सबसे ज्यादा मुनाफा खाना बनाने में प्रयोग होने वाले तेल से

फूड और अन्य एफएमसीजी सेगमेंट से कंपनी ने तीसरी तिमाही में 2,037.61 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल 2,498.62 करोड़ रुपए था। होम एंड पर्सनल केयर सेगमेंट से कंपनी का रेवेन्यू 420.36 करोड़ रुपए रहा। जबकि कंपनी को सबसे ज्यादा मुनाफा खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल से हुआ। तीसरी तिमाही में कंपनी ने एडिबल ऑयल से 6,7 कमा लिए 17.47 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल 5,482.64 करोड़ रुपए था।

### कंपनी ने कमाया रिकॉर्ड तोड़ मुनाफा

जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 344.1 करोड़ था। इबिटाडा मार्जिन पिछले साल की तिमाही से 4.4 प्रतिशत बढ़कर 5.9 प्रतिशत हो गया। इबिटाडा का मतलब आसान शब्दों में कंपनी को होने वाली प्रॉफिट जिस पर टैक्स वगैरह का खर्च देना अभी बाकी होता है।

# जीवनभर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ को लेकर कर रहे दुष्प्रचार: योगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार का जवाब देते हुए कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, जो एक ऐतिहासिक घटना है। भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर डुबकी लगाए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि महाकुंभ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं। लेकिन ये नकारात्मकता फैलाने वाले कौन लोग हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने जीवन भर सरकार की वीवीआईपी ट्रीटमेंट लिया है और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक रास्ता खोलने का प्रयास किया था। ये वही लोग हैं जो नकारात्मकता पैदा करके भारत और सनातन के विरोध में सदैव खड़े रहते हैं और दुष्प्रचार करने में मशगूल रहते हैं।

## माघ पूर्णमा पर 3 लाख श्रद्धालु करेंगे अमृत स्नान



## इस्कॉन के संस्थापक ध्वजवाहक श्रील प्रभुपाद को मिली विश्व गुरु की उपाधि

दुनियाभर में 'हरे कृष्णा' मूवमेंट के माध्यम से सनातन धर्म का प्रभाव बढ़ाने वाले इस्कान के संस्थापक स्वामी श्रील प्रभुपाद को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने 'विश्व गुरु' की उपाधि प्रदान की है। श्री निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंत्रोच्चार के बीच प्रभुपाद की प्रतिमा पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा करके विधि-विधान से पट्टाभिषेक किया गया। उक्त दुर्लभ पल के साक्षी अखाड़ा परिषद और इस्कान से जुड़े संतों के साथ उनके अनुयायी बने। हर कोई अभीभूत रहा। स्वामी कैलाशानंद गिरि ने कहा कि संगम तट पर चल रहे विशाल, भव्य, स्वच्छ और दिव्य महाकुंभ में प्रभुपाद को विश्व गुरु की उपाधि प्रदान करके हम सभी गौरवांवित हैं। उन्होंने अपनी विद्वता, त्याग और समर्पण के बल पर राधारानी से जोड़कर उनका जीवन स्तर सुधारने का अनूठा कार्य किया।



### प्रयागराज से शुरू की आध्यात्मिक यात्रा

अभय चरण डे अर्थात प्रभुपाद का जन्म कोलकाता में एक सितंबर 1896 को कोलकाता में हुआ। वह 1923 से 1936 तक प्रयागराज के साउथ मलाका मोहल्ला में रहे। हीवेट रोड में उनकी दवा की दुकान थी। उन्होंने रूप गौड़ीय मठ से जुड़कर आध्यात्मिक यात्रा शुरू की। 14 नवंबर 1977 को उन्होंने वृंदावन में अंतिम सांस ली।

## कानपुर स्टेशन पर लगभग 600 जवान तैनात

आरोपों की बौछार

### अखिलेश ने पूछा: ड्रोन डिजिटल इंडिया कहां है?



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ की व्यवस्था के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जो कि 144 साल बाद आया है, ये झूठा प्रचार किया गया। विकसित भारत की जो दूसरी तस्वीर देखी उसने न केवल हम लोगों को बल्कि सनातन धर्म के लोगों को तकलीफ पहुंचाई गई। लोग तकलीफ में रहे, परेशानी में रहे। ये पहली बार हुआ होगा कि लोग 300 किलोमीटर के जाम में फंस गए। केवल एक बल्कि दो-दो मुख्यमंत्री इन्हें लगाने पड़े कि कैसे जाम रोका जाए। इसके साथ-साथ इन्हीं संगठन के लोगों को जब लगा कि वो व्यवस्था नहीं बना सकती तो इतने दिनों के बाद इनके भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील है कि वो मदद के लिए आएं। आप ट्रैफिक नहीं संभाला पाया। हर शहर में कहा गया कि कोई निकले नहीं, सब बॉर्डर सील हुए हैं। अखिलेश ने कहा कि चांद पर पहुंचने का क्या फायदा जब जमीन की समस्या नहीं दिखती। वो ड्रोन कहां हैं, जो डिजिटल इंडिया की बात कही गई, वो कहां हैं।

### भगदड़ पर योगी ने एडीजी भानु को लताड़ा हो सकते हैं सस्पेंड

महाकुंभ में हुई भगदड़ और जाम पर सीएम योगी ने एडीजी प्रयागराज और एडीजी ट्रैफिक की क्लास लगाई। सीएम ने दोनों अफसरों को सस्पेंड करने की चेतावनी तक दी। योगी ने प्रयागराज एडीजी भानु भास्कर से कहा- महाकुंभ मेले में आप ही सारी व्यवस्थाएं संभाल रहे थे। जैसे ही भगदड़ हुई आपने दूसरे अफसरों को आगे कर दिया। वहीं, एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण से सीएम ने कहा- जब वीकेंड पर दिल्ली एनसीआर में पिकनिक स्पॉटों पर भीड़ हो जाती है, तो आपको अंदेशा नहीं था।

### महाकुंभ माघ पूर्णिमा अमृत स्नान को तैयार:कानपुर से 500 बसें और 50 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रहीं

आज बुधवार को माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में अमृत स्नान के लिए कानपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रवास शुरू हो गया है। रोडवेज प्रशासन ने 500 से अधिक बसों की व्यवस्था की है, जबकि रेलवे 50 मेला स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। अनुमान है कि सेंट्रल और गोविंदपुरी स्टेशन से करीब तीन लाख श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए हर 20 मिनट पर ट्रेन और झकरकटी से हर 10 मिनट पर बस की सेवाएं उपलब्ध होंगी। रोडवेज के आरएम अनिल कुमार के अनुसार, सोमवार को ही 89 बसें प्रयागराज रूट पर चलीं। भीड़ बढ़ने पर अनुबंधित बसें भी चलाई जाएंगी। बसों की संख्या बढ़ाने के लिए लखनऊ, झांसी और दिल्ली-मेरठ रूट की बस सेवाएं कम कर दी गई हैं। एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जानकारी दी। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर 3, 4 और 5 से चलेंगी।

### नाफेड ने 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन वितरित किया

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए केंद्र सरकार की विशेष योजना के तहत सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की पहल पर नेफेड (नाफेड) के माध्यम से आटा, दाल, चावल और अन्य आवश्यक वस्तुएं श्रद्धालुओं को सस्ती दरों पर वितरित की जा रही हैं। श्रद्धालु व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से भी राशन मंगवा सकते हैं। अब तक 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन वितरित किया जा चुका है और यह वितरण कार्य 20 मोबाइल वैन के माध्यम से पूरे महाकुंभनगर और प्रयागराज में निरंतर जारी है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री की परेशानी न हो, इसके लिए मोबाइल वैन के माध्यम से राशन की डिलीवरी की जा रही है।

### ढाबे पर 400 में आलू पराठा 500 रुपए में दी दाल फ्राई

हाईवे पर जब कई किलोमीटर लंबा जाम लगा तो ढाबे वाले मुंहमांगा दाम वसूलने लगे। 400 रुपए में आलू पराठा तो 500 में दाल फ्राई बेचने लगे। मथुरा से निजी वाहन से प्रयागराज पहुंचे 70 वर्षीय विनय किशोर बताते हैं, मैंने अपने जीवन में ऐसा जाम नहीं देखा। फतेहपुर से प्रयागराज के बीच तमाम ढाबों में उन्हें भोजन नहीं मिला। जहां मिला भी तो वहां आलू के एक पराठे के लिए 400 रुपए उन्हें चुकाने पड़े। चाय भी 50 रुपए में एक कप मिली।

## खबर संक्षेप

### लॉटरी पर सरकार नहीं वसूल सकती टैक्स


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपने एक बड़े फैसले में साफ किया कि लॉटरी पर



टैक्स लगाने का अधिकार केवल राज्य सरकारों का होगा। केंद्र सरकार को इस पर कर लगाने का कोई अधिकार नहीं होगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस फैसले को सुनाते हुए केंद्र सरकार के लॉटरी डिस्ट्रीब्यूटर्स पर सर्विस टैक्स लगाने के प्रयास को असंवैधानिक घोषित कर दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि संविधान के अंतर्गत सट्टेबाजी और जुआ के रूप में लॉटरी पूरी तरह से राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आती है।

### एल्विश और पूर्व मंत्री के बेटे पर एफआईआर!

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने मंगलवार सुबह



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा है कि राजस्थान पुलिस की तरफ से यूट्यूबर एल्विश यादव को कोई सुरक्षा नहीं दी गई। एल्विश ने कोई पुराना वीडियो तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। ये एक प्रोपेगेंडा है, जिस पर हम एक्शन लेंगे। जल्द ही एल्विश यादव और उसके साथ गाड़ी में बैठे पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और फिर कानून के मुताबिक उन पर कार्रवाई होगी। एल्विश 8 फरवरी को गाना रिकॉर्ड करने के लिए जयपुर आए थे।

भारत मछली के उत्पादन में दूसरे स्थान पर

## जिज्ञासा की शांत- स्पीकर बोले मैं मछली नहीं खाता... शाकाहारी हूं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान अपने खाने-पीने को लेकर बयान दिया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी की एक टिप्पणी के जवाब में उन्होंने कहा कि वह मछली नहीं खाते और शाकाहारी हैं। रूड़ी सदन में मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न पूछ रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में 95 करोड़ लोग मछली खाते हैं और एक करोड़ लोग मछली का उत्पादन करते हैं। भाजपा सांसद ने आगे कहा कि अध्यक्षजी, पता नहीं आप मछली खाते हैं या नही। इस पर बिरला ने कहा कि मैं नहीं खाता। मैं शाकाहारी हूं। राजीव प्रताप रूड़ी के पूरक प्रश्न का उत्तर मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पिछले एक दशक में मछली की पैदावार 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। भारत मछली के उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है।

### 2023-24 में 184 लाख टन मछली उत्पादन



राजीव प्रताप रूड़ी ने कहा कि वर्ष 2013-14 में 95.7 लाख टन मछली का उत्पादन था, जो 2023-24 में 184.02 लाख टन उत्पादन हो गया। अंतरदेशीय मछली उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। अंतरदेशीय मछली उत्पादन 2013-14 में 61.36 लाख टन था जो 2023-24 में 139.07 लाख टन हो गया। उन्होंने कहा कि तीन महीने तक मछलियों के प्रजनन का समय होता है। इस दौरान उत्पादन नहीं होने के कारण इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को प्रति माह 4500 रुपए देने का प्रावधान है। इसके वितरण में कुछ कठिनाई इसलिए आती है, क्योंकि इसमें 1500 रुपए राज्य की हिस्सेदारी होती है और 1500 लाभार्थी स्वयं देता है। इनके शेयर राशि समय पर नहीं आने के कारण इनके वितरण में कुछ दिक्कतें आईं, जिसे दूर किया जाएगा।

आप की टूट और खुद के पार्टी छोड़ने पर बोले सीएम मान

# आम आदमी पार्टी की टूट के दावे करने वाले खुद के विधायक गिनें और बताएं कितने हैं?

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

*भगवंत मान ने कहा कि आपको पता है कि दिल्ली में भाजपा की तरफ से कितना पैसा और गुंडागर्दी चली। हमे हर 3 से 4 घंटे में चुनाव आयोग के पास जाना पड़ता था। अब रिजल्ट आ गया है, जिसे हमने स्वीकार किया है। पंजाब में तो हमने कई चुनाव लड़ लिए, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।*

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुलाई थी। यह मीटिंग दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुई, जहां सारे विधायकों को लेकर खुद सीएम भगवंत मान पहुंचे। इस मीटिंग को लेकर कयास थे कि पार्टी टूटने का डर है। इसके चलते केजरीवाल अलर्ट मोड पर आ गए हैं और विधायकों को बुलाया गया है। इस बीच खुद भगवंत मान ने मीटिंग से निकलने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने पार्टी में टूट और खुद के छोड़कर जाने की चर्चाओं को भी खारिज किया। भगवंत मान ने कांग्रेस के दावे को लेकर कहा कि वे लोग अपने विधायकों की गिनती करें। एक बार देखें कि दिल्ली में उनके कितने विधायक हैं।भगवंत मान ने कहा कि बाजवा तो पौने तीन साल से पंजाब में ऐसे ही दावे कर रहे हैं। उनकी आदत है और वे ऐसी बातें पहले भी करते रहे हैं।

विधायकों के टूटने के दावे पर भगवंत मान ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता लालच में बिकने वाले नहीं हैं। खुद के ही आम आदमी पार्टी छोड़ने के दावे को लेकर भगवंत मान ने कहा कि उनको बोलने दीजिए। वहां ये कल्चर है कि कोई छोड़ जाता है और कोई लौट आता है। हमने तो यह पार्टी खून-पसीना एक करके खड़ी की है। हम धर्म, गुंडागर्दी और पैसे बांटने की राजनीति नहीं करते। भगवंत मान ने कहा कि आपको पता है कि दिल्ली में भाजपा की तरफ से कितना पैसा और गुंडागर्दी चली। हम हर तीन से 4 घंटे में चुनाव आयोग के पास जाना पड़ता था। अब रिजल्ट आ गया है, जिसे हमने स्वीकार किया है। पंजाब में तो हमने कई चुनाव लड़ लिए, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।

1 पंजाब के सीएम ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

2 मान का आरोप- भाजपा ने दिल्ली में जमकर पैसा खर्च किया

### विधायकों की 6-6 पेंशन लेने की नीति खत्म की



पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में आते ही हमने विधायकों की 6-6 पेंशन लेने की नीति खत्म की। अब सभी को एक पेंशन मिलती है। उन्होंने कहा कि यह मीटिंग हमारी नियमित प्रैक्टिस का हिस्सा थी। इसमें कुछ भी खास नहीं है। महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए देने पर उन्होंने कहा कि हम हर गारंटी पूरी करेंगे। जो वादे हमारे मेनिफेस्टो में नहीं थे, हम वे भी पूरे कर रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में एक दशक तक शासन करने वाली आप को पांच फरवरी के दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ा झटका लगा और वह 70 में से केवल 22 सीट ही जीत पाई। भाजपा की जीत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में आप का शासन खत्म हो गया, जिससे पार्टी के भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

### भाजपा पर मान ने साधा निशाना

भगवंत मान ने कहा कि तीन साल के अंदर हमने पंजाब हमने हजारों लोगों को नौकरियां दीं। मान ने कहा कि तीन साल में हम 50 हजार से ज्यादा नौकरी दे चुके हैं। वह भी बिना भ्रष्टाचार के। एक घर में 2-3 नौकरियां भी मिली हैं। दिल्ली चुनाव में पार्टी की हार पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी ने पैसे बांटे। बीजेपी ने गुंडागर्दी की। मान ने कहा कि चुनाव में हार जीत चलती रहती है। बता दें कि आज दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सभी मंत्रियों और विधायकों-सांसदों के साथ बैठक की। मीटिंग में पंजाब आप संगठन के मंत्री भी शामिल थे।

### आरपी सिंह बोले- केजरीवाल को पंजाब जाना चाहिए

भाजपा नेता आरपी सिंह ने भी केजरीवाल की ओर से दिल्ली में पंजाब विधायकों की बैठक पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बैठक के लिए पंजाब जाना चाहिए था। पंजाब की हालत अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल घबराहट में बैठकें ले रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में भी अरविंद केजरीवाल की पार्टी की छुट्टी जल्द होने वाली है।

### पंजाब में 117 सीटों में से आप के पास हैं 94 विधायक

जानकारी के अनुसार, मौजूदा समय में पंजाब में आम आदमी पार्टी के 94 विधायक है। पंजाब में विधायकों की कुल संख्या 117 है। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भारी बहुमत के साथ सरकार बनाई थी। केजरीवाल के भरोसेमंद माने जाने वाले भगवंत को मुख्यमंत्री बनाया गया था।

करीब आधा दर्जन एफआईआर, लोग कड़ी से कड़ी सजा देने की कर रहे मांग

# माता-पिता पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गंदगी से भरा रणवीर इलाहाबादिया चौतरफा घिरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के दौरान माता-पिता को लेकर की गई अश्लील टिप्पणी की वजह से यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया चौतरफा विवादों में घिर गया हैं। इस मामले में मुंबई पुलिस ने उन्हें समन जारी किया है और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। वहीं इंदौर में भी उसके खिलाफ एफआईआर हुई है। इसके अलावा, असम पुलिस भी इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुंबई में उनके घर पहुंची। देशभर में पुलिस में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं और यह विवाद संसद तक पहुंच चुका है। मुंबई पुलिस और असम पुलिस जांच कर रही है। वहीं, तमाम राजनीतिक दलों के नेता इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इसे डिजिटल क्रिएटर्स की जवाबदेही से जोड़ा जा रहा है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी इस मुद्दे को संसद में उठाने की तैयारी कर रही हैं।



### मुंह काला करके गधे पर बिठाओ: मुकेश खन्ना



*महाभारत में भीष्म की भूमिका निभाने वाले मुकेश खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर रणवीर इलाहाबादिया की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान न दे ये सुनिश्चित करने के लिए इन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। मेरे पास ऐसे लोगों के लिए एक सजा है। इनका मुंह काला करके गधे पर बिठा कर शहर भर में घुमाओ। एक्टर ने लिखा, यह जानकर दुख हुआ कि रणवीर इलाहाबादिया जैसे यूट्यूबर ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में ऐसा स्टेटमेंट दिया है। उनका स्टेटमेंट माता-पिता और सेक्स से जुड़ा हुआ था। उनके इस स्टेटमेंट की वजह से पूरा देश इस वक्त गुस्से में है। यह ये दर्शाता है कि हमने हमारे देश के युवाओं को फ्रीडम ऑफ स्पीच का दुरुपयोग करने की स्वतंत्रता दी हुई है। खन्ना ने आगे लिखा, यह पहली बार नहीं है जब किसी ने सीमा पार की हो।*

### शाह को पत्र लिखकर प्रतिबंध लगाने की मांग

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो बैन के लिए गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर बैन की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि इस तरह के शो देश के युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं। महिला आयोग ने भी इलाहाबादिया, समय रैना और अन्य को समन भेजा है। सभी को 17 फरवरी को एनसीडब्ल्यू कार्यालय बुलाया गया है। इंदौर में भी रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ शिकायत की गई है। सुबह, मुंबई के वर्सोवा में मंगलवार को यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया के घर 5

### अब तक क्या हुआ है?

- विवाद के बाद मुंबई और असम और इंदौर में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।
- कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले पर संज्ञान लेने की अपील की।
- विवादित वीडियो को यूट्यूब से हटा दिया गया है।
- शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगी।
- गायक बी प्राक ने इस विवाद के कारण रणवीर के शो पर जाने से इनकार कर दिया।
- राजपूत करणी सेना जैसे संगठनों ने इस टिप्पणी की निंदा की और इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताया।
- संसदीय स्थाई समिति में होगी शिकायत।

दिल्ली के मुख्यमंत्री की तलाश

# भाजपा अध्यक्ष ने की दस विधायकों से वन टू वन चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में सरकार बनाने की तैयारियों में जुटी है। मुख्यमंत्री की तलाश तेजी से हो रही है। हालांकि अभी तक मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली भाजपा के 10 नवनिर्वाचित विधायकों ने मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है।

इन विधायकों ने जेपी नड्डा से मुलाकात के लिए समय मांगा था, जिस पर उन्हें मंगलवार का समय दिया गया था। सूत्रों की मानें तो, भाजपा ने दिल्ली का चुनाव कैसे जीता और आगे की रणनीति क्या होगी, बैठक में इस पर चर्चा हुई।



प्रत्येक विधायक को 10 मिनट का समय दिया गया था। नड्डा ने मंगलवार को सभी 10 विधायकों के साथ वन टू वन मीटिंग की। मुलाकात करने वाले भाजपा विधायकों में अनिल शर्मा, शिखा रॉय, सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, अरविंदर सिंह, अजय महावर, रेखा गुप्ता, डॉ. अनिल गोयल शामिल थे।

इस योग में स्नान, दान आदि धार्मिक कार्य करने से विशेष फल प्राप्त होता है

# अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में आज मनाई जाएगी माघी पूर्णिमा

हरिभूमि, जबलपुर

माघ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा का विशिष्ट महत्व है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार बुधवार को अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में मनाई जाएगी। जोकि शुभता का प्रतीक है। इस योग में स्नान, दान आदि धार्मिक कार्य करने से विशेष फल प्राप्त होता है। माघी पूर्णिमा को डांडा रोपिणी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन शहर में अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित करने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन देवतागण पृथ्वी पर आते हैं। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है।

**खास बातें**

- माघी पूर्णिमा को डांडा रोपिणी पूर्णिमा भी कहा जाता है
- इस दिन शहर में अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित करने का विधान है
- इस दिन देवतागण पृथ्वी पर आते हैं

## श्रद्धालु करेंगे पूजन पाठ

माघ पूर्णिमा पर होली का डांडा गाड़ने की भी परंपरा है, जो होली उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। विभिन्न क्षेत्रों में शुभ, लाभ और अमृत के चौघड़िया में होली के डांडे और गड्ढे का पूजन किया जाता है, तो वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मोक्षदायिनी गंगा, नर्मदा नदी के तट पर पहुंचकर स्नान करेंगे। पर्व-त्योहारों पर स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस वर्ष की माघी पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन पवित्र नदियों में स्नान के लिए पहुंचेंगे। इस दिन संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती भी मनाई जाएगी।

### सत्यनारायण की कथा कराने से मिलता है पुण्य लाभ

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 27 योगों में शोभन योग विशिष्ट श्रेणी में आता है। इस योग के स्वामी बृहस्पति हैं। देवगुरु के स्वामित्व वाली यह पूर्णिमा तिथि भगवान विष्णु से संबद्ध है। इस दिन घर-परिवार में सुख शांति व समृद्धि के लिए भगवान सत्यनारायण की कथा कराने का महत्व है। भगवान विष्णु के मंदिर में चंदन व फल अर्पित करने से भी कृपा प्राप्त होती है। पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी, भगवान शिव, चंद्रमा और भगवान विष्णु की पूजा करने का विधान है।



# प्रयागराज से लौटे श्रद्धालु भी करेंगे नर्मदा स्नान

**जबलपुर।** बुधवार की सुबह से ही नर्मदा तटों में माघ पूर्णिमा पर स्नानार्थियों की भीड़ लगेगी। माघ पूर्णिमा पर नर्मदा स्नान का पुण्य लाभ अर्जित करने तड़के चार बजे से ही पुण्य सलिला जीवनदायिनी माँ रेवा के तट पर स्नान ध्यान पूजन करने के लिय बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगेंगे। रविदास जयंती होने के कारण नर्मदा के गौरीघाट मार्ग पर स्थित रविदास आश्रम में भी भारी भीड़भाड़ नजर आएगी। इस कारण गौरीघाट रेलवे क्रासिंग से माँ नर्मदा के पावन तट गौरीघाट तक भीड़ का दबाव बढ़ने से यातायात में असुविधा हो सकती है। पूर्णिमा एवं अमावस्या पर वैसे ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धा व आस्था के साथ नर्मदा मे डुबकी लगाने जाते हैं। माघ महीने की स्नानदान पूर्णिमा के विशेष महत्व को समझने वाले श्रद्धालु खासतौर पर नर्मदा स्नान करने पहुंचेंगे। गौरीघाट के अलावा तिलवाराघाट, भेड़ाघाट और लम्हेटाघाट में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान करने पहुंचते हैं। इस साल प्रयागराज महाकुंभ को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह है आज बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज पहुंच रहे है वहीं जो लोग राजमार्ग में जाम में फसकर प्रयागराज नहीं जा पाए लौट पड़े वे नर्मदा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

## नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा व कल्पवासियों की विदाई आज



**जबलपुर।** जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में पिछले 10 वर्षों से निःशुल्क माघ मास कल्पवास का आयोजन आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। जिसमे भक्तों को रहना एवं भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहती है आज 30 वे दिन आश्रम में हवन यज्ञ की आहुति दी गई सभी कल्पवासियों ने हवन कर लाभ लिया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार सुबह 7:00 से 463 वी नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा भेड़ाघाट में संपन्न होगी विशाल भंडारे के साथ बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा एक माह से चल रहा निशुल्क कल्पवास में कल्पवासियों की विदाई एवं छप्पन भोग का आयोजन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे पप्पू चौबे श्याम मनोहर पटेल डॉ शिव शंकर पटेल विशाल पड्या सुरेश विश्वकर्मा मोहित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## संत अलॉयसियस महाविद्यालय के कैडेट्स ने शहर का नाम रोशन किया

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय के एन.सी.सी कैडट्स ने गणतंत्र दिवस परेड, 2025 दिल्ली में शामिल होकर शहर को गौरवान्वित किया इस परेड में महाविद्यालय के 2 छात्राओं व 1 छात्र ने भाग लिया। जिसमें सृष्टि मिश्रा, भारती वर्मा तथा आयुष चौहान थे। कैडेट कैप्टन सृष्टि मिश्रा ने अखिल भारतीय बेस्ट कैडट प्रतियोगिता में रजत पदक और मास्टर ऑफ सेरेमनी जैसी उपलब्धि हासिल कर जबलपुर शहर का नाम रोशन किया। कैडेट्स को माननीय मुख्यमंत्री पदक से भी सम्मानित किया गया। कैडेट कैप्टन सृष्टि मिश्रा को मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की ओर से 75000/- तथा एडीजी मध्यप्रदेश छत्तीसगढ की ओर से 25000/- नगद पुरूस्कार प्राप्त हुआ। कैडेट भारती वर्मा कर्तव्यपथ पर मार्च किया।

# समाज सुधारक और युग प्रवर्तक थे संत रविदास

**जबलपुर।** संत रविदास बहुत बड़े समाज सुधारक और युग प्रवर्तक थे। वे आत्मज्ञानी थे। उनकी शिक्षा सामाजिक समरसता और सौहार्द से परिपूर्ण है और वर्तमान परिदृश्य में प्रासंगिक एवं अनुकरणीय है। उपर्युक्त उद्गार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बलिराम अहिरवार (सहायक प्राध्यापक हिंदी, शास. मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय, जबलपुर) के द्वारा व्यक्त किए गए।

संत अलॉयसियस महाविद्यालय, जबलपुर के हिंदी विभाग द्वारा संत रविदास जयंती आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री मयंक प्रकाश द्विवेदी ने संत रविदास का संक्षिप्त जीवनवृत्त प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बलिराम अहिरवार ने



अपने संदेश में संत रविदास के जीवन दर्शन और सामाजिक चेतना को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर 'संत, रविदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व' पर एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतियोगिता में 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान सुप्रिया चौहान बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर, रिद्धि उज्जैनी बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर एवं लादेन रहीम खान बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यार्थियों के पोस्टरों को सराहा गया एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पोस्टर प्रदर्शिनी में निर्णायकों की भूमिका डॉ. फेमिना सोबिन एवं श्री वीरेन्द्र चुटेलकर द्वारा निभाई गई।हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामेन्द्र प्रसाद ओझा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि ₹संत रविदास ने अपनी वाणियों के माध्यम से जीवन मूल्यों का मार्ग प्रशस्त किया है। हम उनके चरण चिन्हों पर चलकर, उनकी वाणियों को आत्मसात करके मानवता का कल्याण कर सकते हैं।₹ कार्यक्रम संयोजन डॉ. रीना थॉमस एवं मंच संचालन सुश्री मानशी राय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एलिना फिलिप, डॉ. विश्वास पटेल, डॉ. मंजू मारिया सोलोमन, डॉ. तुहिना जौहरी, डॉ. रीता चौहान, डॉ. रेणु मारकंडे, सुश्री शिवांगी द्विवेदी की उपस्थिति सराहनीय रही।



## सैन्य अस्पताल में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में आयुष क्लिनिक, सैन्य अस्पताल जबलपुर में एक आयुर्वेद चिकित्सा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध आयुर्वेदिक सिद्ध विशेषज्ञ डॉ. केशवन वासु ने भाग लिया। शारीरिक दर्द प्रबंधन, रीढ़ की समस्याएं, खेल चोटें, बांझपन, चिंता और अवसाद के विशेषज्ञ डॉ. केशवन ने अपने ज्ञान और अनुभव को उपस्थित लोगों के साथ साझा किया। इस चिकित्सा शिविर में बहुत संख्या में व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें अधिकारीगण, सेवारत सैनिक, उनके परिवार और बच्चे शामिल थे। सभी सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को से इस शिविर से काफी जानकारी मिली, जिससे आयुर्वेद और हर्बल दवाओं के प्रति बढ़ती रुचि और विश्वास का पता चलता है। शिविर के प्रतिभागियों को डॉ. केशवन द्वारा मुफ्त परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं, जिससे उन्हें उनके विशेष ज्ञान और उपचार विधियों से लाभ प्राप्त हुआ। डॉ. केशवन को उनके अमूल्य योगदान और शिविर के संचालन के लिए समय निकालने के लिए हार्दिक धन्यवाद और एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता समग्र स्वास्थ्य प्रथाओं और सैन्य समुदाय की समग्र भलाई में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका को पुनः स्थापित करती है।

## मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने विभिन्न संवर्ग के 71 कार्मिकों को दी उच्च वेतनमान की सौगात

जबलपुर । पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्मिकों को शीघ्रलेखक, कार्यालय सहायक, परीक्षण सहायक एवं सुरक्षा सैनिक संवर्ग के कुल 71 कार्मिकों को 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करते हुए आदेश जारी किए गए ।कंपनी द्वारा जारी आदेश में शीघ्रलेखक के पद का 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ पाने वाले कार्मिकों में रजनीश कुमार खम्परिया एवं हीरा लाल कुशवाहा सहित कुल 06 कार्मिक शामिल है, कार्यालय सहायक पद का 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ पाने वाले कार्मिकों में विनीत कुमार पाण्डेय एवं शंकर प्रसाद अग्निहोत्री सहित कुल 40 कार्मिक शामिल है, परीक्षण सहायक के पद का 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ पाने वाले कार्मिकों में हरि सिंह मरावी एवं देश राज सिंह सहित कुल 12 कार्मिक शामिल है, सुरक्षा सैनिक पद का 35 वर्षीय समयमान वेतनमान का लाभ पाने वाले कार्मिकों में करण सिंह लोधी एवं विनोद कुमार श्रीवास्तव सहित 13 कार्मिक शामिल है ।



## महिला आरक्षक रंजना ने जीता गोल्ड मैडल

**हरिभूमि, जबलपुर।** अलवर राजस्थान में 6 फरवरी से 8 फरवरी तक 44वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 गेम्स आयोजित किए गए। उक्त स्पर्धा में भाग लेते हुये 3 इवेंट- हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट थ्रों में गोल्ड मैडिल जीत कर लौटी जिला जबलपुर में पदस्थ महिला आरक्षक रंजना शर्मा को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी गई।



## महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजन एसयूवी की लांचिंग आज

**जबलपुर।** महिंद्रा BE 6 और XEV 9E का लॉन्च इवेंट 12 फरवरी को स्टार ऑटोमोबाइल्स एम.पी. लिमिटेड, नागपुर रोड, त्रिपुरी चौक, गढ़ा, जबलपुर में 5 बजे से आयोजित किया जा रहा है। लॉन्चिंग में स्टार ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर दुष्यंत सिंह व रेवत सिंह, सीईओ ललित किशोर, जनरल मैनेजर शैलेंद्र पांडेय,महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ स्टार ऑटोमोबाइल्स परिवार उपस्थित रहेंगे।

# यूनिपोल हादसे को लेकर प्रशासन संवेदनहीन

**जन संगठनों ने लगाया आरोप, दिया अंतिम नोटिस**

**जबलपुर।** इलाहाबाद बैंक (सिविल लाइन्स) के पास हुए यूनिपोल हादसे में एक मौत होने के बावजूद भी जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, तथा नगर निगम प्रशासन ने अभी तक एडवरटाइजिंग एंजेसी पर कोई कार्रवाई नहीं की है, जबकि इस घटना को 3 सप्ताह का समय बीत रहा है। जन संगठनों ने आरोप लगाया है कि हादसे में फैक्ट्री से सेवानिवृत्त एक गरीब कर्मचारी की मौत हुई इस कारण प्रशासन गंभीर नहीं है, कोई नेता या बड़े घर के व्यक्ति की मौत होती तो हायतौबा मच जाती। आउटडोर मीडिया विज्ञापन नियम 2017 के कंडिका 18 (1) अ में स्पष्ट निर्देश है कि हादसे के लिए एंजेसी जिम्मेदार रहेगी, जब डीआयजी तथा पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में लाया गया तब आश्वासन दिया गया कि एंजेसी पर एफआईआर दायर होगी।

नगर निगम ने बताया था कि एंजेसी को 24 घंटे का नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। एंजेसी का जवाब भी 21 जनवरी को आ गया है, उसे अब 3 सप्ताह बीत गए, फिर भी नगर निगम ने चुप्पी साधी है, जबकि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रेडक्रास से भी 50 हजार नहीं मिलें.मृतक के आश्रितों को रेडक्रास से 50 हजार देंगे, इस आश्वासन का भी अभी तक पालन नहीं किया।

डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, केसी सोनी, माया कुशवाहा, उमा दाहिया, आदियों ने इस मुद्दे पर अंतिम नोटिस देकर सड़क आंदोलन की घोषणा की है।

**आम सूचना**

मै अपनी पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्णरूप से अधिकृत होकर आम जनता को यह सूचित करता हूं कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा श्रीमति सुरभि जैन को अचल सम्पति जो कि मोजा चेरीताल नजूल ब्लाक नं 8, नजूल प्लाट नं 4/6, नटबाबा की गली, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, स्थित सम्पति कुल प्लाट क्षेत्रफल 384 वर्गफुट तहसील व जिला जबलपुर स्थित अचल सम्पति को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है सम्पति के वर्तमान मालिक व काबिज निखिल कुमार जैन है उक्त सम्पति सम्पति उनके द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.2.2016 क्रमांक एमपी 182552016ए 1072934 के द्वारा विक्रेता सरिता जैन से क्रय किया था यह कि उक्त वर्णित सम्पति से सबधित मूल लिंक विक्रय पत्र दिनांक 22.5.2008 दस्तावेज क्रमांक 367 जो कि श्रीमति रेखा सोनी के नाम पर है तथा मूल लिंक विक्रय पत्र दिनांक 15.4.2013 दस्तावेज क्रमांक 131 जो कि श्रीमति सरिता जैन के नाम पर है कही गुम हो चुके है जिसकी विधिवत सूचना सबधित थाना मे दी जा चुकी है तथा बहुत खोजने पर उक्त दोनो मूल लिंक विक्रय पत्र प्राप्त नही हो रहे है अतः इस आम सूचना के माध्यम से सभी व्यक्तियो / संस्था / अन्य शासकीय संस्थाओ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उपरोक्त वर्णित सम्पति के क्रय विक्रय से आपति है, उक्त सम्पति मे अपना हित रखता है सम्पति से सबंधित ऋण संव्यवहार से जिसे आपति हो तथा उक्त गुम हुये दोनो मूल लिंक विक्रय पत्र से हितवद्ध हो तो आज दिवस से 07 दिवस के अंदर मुझे मय दस्तावेजो के साथ लिखित आपति प्रस्तुत कर सूचित करें अन्यथा सात दिवस बीतने के पश्चात कोई आपति मान्य नही होगी तथा श्रीमति सुरभि जैन को उक्त वर्णित सम्पति क्रय करने हेतु ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी ।

जबलपुर, दिनांक 06.2.2025

भवदीय- हर्षित पटेल (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या. एवं निवास 1790, जेईएस स्कूल के बाजू मे न्यू शोभापुर कालोनी, व्हीएफजे रोड, जबलपुर
मो नं 9893333246

# एकात्म मानववाद ने दिया जीवन का दर्शन

## पुण्यतिथि पर पं. दीनदयाल को भाजपा ने किया नमन

जबलपुर।

एकात्म मानववाद के प्रणेता, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चिंतक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्वर्गीय पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई । इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दीनदयाल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे सादर नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर के सभी 967 बूथों पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके अलावा सभी 18 मण्डलों में आजीवन सहयोग निधि का समर्पण



किया गया। नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर और जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित विधायक अशोक रोहाणी, विनोद गोंटिया, सीए अखिलेश जैन, कमलेश अग्रवाल, रविकिरण साहू, अश्विनी परांजपे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं आदि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने-अपने विचार रखे। नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा में राष्ट्रवाद बसता था। उनके चिंतन में त्याग झलकता था। एकात्म मानववाद के प्रणेता ने जो दिशा हमें दिखाई है उसी के कारण आज हम इस दशा में हैं। उनके संकल्पों को साकार करने प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्पित है। उनके बताए मार्ग का अनुशरण करना हमारे लिए प्रतिबद्धता है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का डुमना विमानतल पर स्वागत

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नगर आगमन पर उनका डुमना विमानतल पर स्वागत किया गया. इस दौरान नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, ग्रामीण अध्यक्ष निलेश जैन टीकाराम कोष्टा पूर्व प्रदेश प्रवक्ता विवेक अवस्थी अमरीश मिश्रा राजेश यादव शिवकुमार चौबे प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी पी पी पटेल अजय रावत पंकज पटेल सिद्धांत जैन प्रवेंद्र चौहान विवेक भोसले आदि ने पुष्कर से स्वागत किया तदोपरांत प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अगले कार्यक्रम मंडल शाहपुरा डिंडोरी अमरकंटक अनूपपुर कांग्रेस कार्यक्रम के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुए ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम काशवी महरचंदानी पति सुमित मेहरचंदानी, निवासी म.नं. 1049, लेखा नगर, लोहिया पुल के पास, सुभाष चंद बैनर्जी वॉर्ड, पचपेढ़ी, जबलपुर, (म.प्र.) का शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करती हूँ कि:-यह कि मेरा नाम पुराना नाम कोमल शीतलानी है, जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। मेरा वर्तमान नाम काशवी महरचंदानी है जो कि मेरे आधारकार्ड एवं पेनकार्ड में दर्ज है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम काशवी महरचंदानी के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

पुराना नाम- कोमल शीतलानी
नया नाम- काशवी महरचंदानी

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्री संजय कुमार वर्मा पिता स्व. पुरूषोत्तम लाल वर्मा निवासी म.नं. 17, नंदन बिहार कॉलोनी, त्रिमूर्ति नगर जबलपुर वालों की सम्पत्ति जे.डी.ए. स्कीम नं.9 का प्लॉट नं. 132/132-A रकवा 2975 वर्गफुट पर निर्मित मकान है यह कि मेरे पक्षकार के छोटे भाई डॉ. राजय वर्मा के द्वारा उक्त सम्पत्ति पर जबलपुर विकास प्राधिकरण को भ्रमित कर अपना नाम दर्ज करवा लिया है, जिसके विरूद्ध मेरे पक्षकार विधिवत कानूनी कार्यवाही करने जा रहे हैं एवं मेरे पक्षकार निर्विवादित रूप से उक्त संपत्ति पर काबिज हैं आम जनता को सूचित किया जाता है कि डॉ. राजय वर्मा से उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई सम्व्यवहार ना करें अन्यथा वह सारे सम्व्यवहार शून्य व अमान्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगे।

सुमेध वैद्य, अधिवक्ता
(ऑफिस ऑफ)
अमित साहनी, अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
1991, राइटटाउन, एम.एल.बी स्कूल रोड, जबलपुर
दिनांक-11.02.2025 मोबा. 9329887339

प्रयागराज में गंगा, युमना और सरस्वती नदी के संगम तट पर दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महाकुंभ चल रहा है। महाकुंभ में नागा साधु सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र हैं। सनातन धर्म में नागा साधुओं को धर्म का रक्षक माना जाता है। नागा साधुओं को 12 वर्षों की कठोर तपस्या करनी पड़ती है।

# नागा साधुओं के शव को नहीं जलाया जाता है, जानिए आखिर कैसे किया जाता है अंतिम संस्कार

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

नागा साधु भगवान शिव के वैरागी स्वरूप की पूजा करते हैं। महाकुंभ में देशभर से नागा साधु पहुचे हैं, जो लोगों के लिए सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र हैं। नागा साधु, बिना कपड़े के, शरीर पर भस्म और लंबी जटाओं की वजह से भीड़ में सबसे अलग नजर आते हैं। आज हम अपनी इस खबर में बताएंगे कि नागा साधुओ का अंतिम संस्कार कैसे किया जाता है?

## जीवित रहते ही कर देते हैं पिंडदान

नागा साधु जिंदा रहते ही खुद अपना पिंडदान और अंतिम संस्कार कर देते हैं। ऐसे में उनके अंतिम संस्कार को लेकर भी कई सवाल किए जाते हैं। हिन्दू धर्म में जन्म से लेकर मृत्यु तक संस्कारों का पालन होता है, जिनमें अंतिम संस्कार भी प्रमुख है। आम लोगों की अंत्येष्टि दाह संस्कार करके होती है, लेकिन नागा साधु का अंत कैसे होता है।



## दी जाती है समाधि

नागा साधुओं का दाह संस्कार नहीं किया जाता है। हालांकि, उनकी मृत्यु के बाद नागा साधु की समाधि लगाई जाती है। वह चाहे भू-समाधि हो या फिर जल समाधि हो। उनका दाह संस्कार नहीं किया जाता। नागा की चिता को आग नहीं दी जाती है, क्योंकि नागा साधु पहले ही अपने जीवन को नष्ट कर चुका होता है और पिंडदान कर चुका होता है। इसके बाद ही वह नागा साधु बनता है।



## ऐसे दी जाती है अंतिम विदाई

नागा साधु को समाधि देने से पहले स्नान कराया जाता है। इसके बाद मंत्रोच्चारण किया जाता है और उन्हें समाधि दी जाती है। नागा साधु की मृत्यु होने पर उनके शव पर भस्म लगाई जाती है। इसके बाद भगवा रंग का वस्त्र उनके पर डाला जाता है। समाधि बनाने के बाद उस जगह पर सनातन निशान बनाया जाता है ताकि लोग उस जगह को गंदा न करें। नागा साधु को पूरे मान-सम्मान के साथ विदा किया जाता है।

## नागा साधु बनने के लिए करती होती है कठिन तपस्या

नागा साधु बनने के लिए 12 वर्ष कठिन तपस्या करनी पड़ती है। नागा साधुओं का जीवन बेहद ही जटिल होता है। बताया जाता है कि किसी भी इंसान को नागा साधु बनने में 12 साल का लंबा समय लगता है। नागा साधु बनने के बाद वह गांव या शहर की भीड़भाड़ भरी जिंदगी को त्याग देते हैं और रहने के लिए पहाड़ों पर जंगलों में चले जाते हैं। उनका ठिकाना उस जगह पर होता है, जहां कोई भी न आता जाता हो। अखाड़ों में नागा साधु को अनुशासन और संगठित जीवन जीने की शिक्षा दी जाती है।

# सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर की वापसी में अब बचे गिनती के दिन

**वॉशिंगटन।** सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्दी ही धरती पर लौट सकते हैं। आठ महीने से ज्यादा का समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर बिता चुके दोनों अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में अमेरिकी एजेंसी नासा ने जानकारी दी है। नासा की ओर से कहा गया है कि सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर 19 मार्च को वापस लौटेंगे। इससे पहले अप्रैल की शुरुआत में उनकी वापसी की बात कही गई थी। अब पूर्व निर्धारित इस तारीख से दो सप्ताह पहले ही उनकी वापसी हो सकती है। सुनीता और बुच अगर 19 मार्च को लौटते हैं तो वह अंतरिक्ष में कुल 286 दिन बिताएंगे।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर जून, 2024 से आईएसएस पर फंसे हुए हैं। वह आठ दिन के मिशन पर गए थे लेकिन विमान में खराबी के चलते आठ महीने से स्पेस में फंसे है। नासा अब दोनों की वापसी 19 मार्च को कराने की सोच रहा है। स्पेसएक्स के क्रू -10 मिशन में बदलाव के



## क्रू-10 से वापस आएंगी सुनीता

नासा के नियमों के अनुसार क्रू-9 को ISS पर तब तक रुकना होगा जब तक क्रू-10 नहीं पहुंच जाता है। इससे नई टीम को कामकाज समझने में मदद मिलती है और काम बिना रुकावट के चलता रहता है। क्रू-10 के लिए नए ड्रेगन कैप्सूल का इस्तेमाल करके नासा जल्दी उसका लॉन्च करना चाहता है। इससे विलियम्स और विल्मोर तय समय से पहले धरती पर लौट सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स से दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने की अपील की थी। ट्रपं का कहना है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री बाइडेन प्रशासन ने अंतरिक्ष में छोड़ दिए गए हैं। नासा ने कहा है कि अंतरिक्ष यात्री 'फंसे' नहीं हैं और स्पेसएक्स की मार्च में उन्हें वापस लाने की योजना है।**5 जून को गए थे सुनीता और बुच :** सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 5 जून, 2024 को स्टारलाइनर क्रू फ्लाइट टेस्ट के तहत अंतरिक्ष में गए थे। यह स्टारलाइनर का पहला मानव मिशन था लेकिन प्रोपल्शन सिस्टम की समस्याओं और हीलियम लीक के कारण उनकी वापसी कई बार टाली जा चुकी है। विलियम्स और विल्मोर की वापसी की नई तारीख 19 मार्च है।



# जेटस्ट्रीम तकनीक से बची मरीज की जान

**वानाडोंगरी।** शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एसएमएचआरसी) नागपुर में परिधीय धमनी रोग याने पेरिफेरल आर्टरी डिसीज से पीड़ित 61 वर्षीय पुरुष मरीज का सफल इलाज कर उसकी जान बचाई हैं। इस जटिल बीमारी के इलाज में अत्याधुनिक जेटस्ट्रीम डायरेक्शनल एथरेक्टॉमी तकनीक का उपयोग किया गया। जबलपुर संभाग के छिंदवाड़ा निवासी 61 वर्षीय मरीज को दाए पैर में तेज दर्द, सूजन और पैर के काले पड़ने की समस्या हुई थी। मरीज को इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. निकुंज चौधरी की देखरेख में भर्ती किया गया।एंजियोग्राफी में पाया गया कि मरीज के पैर के कई धमनियों में खून जम गया था और रक्त प्रवाह पूरी तरह बंद हो गया है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर थी और यदि तुरंत इलाज न किया जाता तो मरीज का पैर काटने की नौबत आ सकती थी।

## 45 करोड़ सूर्य को अकेले निगल सकता है ये ब्लैक होल

**वॉशिंगटन।** हमारा ब्रह्मांड जब 1.2 अरब वर्ष पुराना था, तब जुड़वा-पालि वाला जेट अविश्वसनीय रूप से कम से कम 2 लाख प्रकाश वर्ष तक फैला हुआ था जो इसे आकाशगंगा की चौड़ाई से दोगुना लंबा बनाता है। शोधकर्ता एनीक ग्लैडेमैन्स ने एक बयान में कहा, 'दिलचस्प बात यह है कि इस विशाल रेडियो जेट को शक्ति देने वाले क्वासर में अन्य क्वासरों की तुलना में अत्यधिक ब्लैक होल द्रव्यमान नहीं है। इससे यह संकेत मिलता है कि प्रारंभिक ब्रह्मांड में ऐसे शक्तिशाली जेट उत्पन्न करने के लिए आपको असाधारण रूप से विशाल ब्लैक होल या अभिवृद्धि दर की आवश्यकता नहीं है।




# टीकेएम ऊर्जा सप्ताह में कर रहा भागीदारी

**जबलपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 11 से 14 फरवरी के दौरान आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अपनी भागीदारी दर्ज की। इंडिया एनर्जी वीक – (भारत ऊर्जा सप्ताह, आईईडब्ल्यू) 2025 ऊर्जा आत्मनिर्भरता को साकार करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यावहारिक और स्केलेबल स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है। स्वदेशी हरित ऊर्जा से संचालित निरंतर जारी रहने वाली गतिशीलता समाधान प्रदान करने पर विशेष ध्यान देते हुए, टीकेएम ने अपने बहु-मार्ग दृष्टिकोण के अनुरूप विभिन्न वैकल्पिक पावरट्रेन प्रदर्शित किए।

टॉप 10 में ये हैं शामिल

# साइंस ने खोज निकाली दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला

एजेंसी ▶▶| लंदन

क्या आपके मन में खूबसूरती को लेकर कभी ये सवाल आया है।. क्या खूबसूरती का कोई वैज्ञानिक पैमाना होता है? तो आपको बता दें कि इसका जवाब हां है। साइंस ने इसका जवाब ढूंढ लिया है। प्राचीन ग्रीक गणना गोल्डन रेशियो (1.618 - फाई) को सुंदरता का मापदंड मानती है। इसी सिद्धांत के आधार पर कंप्यूटर मैपिंग तकनीक से दुनिया की 10 सबसे खूबसूरत महिलाओं की लिस्ट तैयार की गई है। इस लिस्ट को लंदन के मशहूर कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. जूलियन डी सिल्वा ने तैयार किया। उन्होंने 1980 के दशक से लेकर आज तक की सबसे फेमस सुपरमॉडल्स की सुंदरता को परखा। खास बात यह है कि इन सभी मॉडलों को उनके करियर के पीक पर जांचा गया। जिससे इस विश्लेषण के रिजल्ट को सटीक भी माना जा रहा।

### 1. केट मॉस - 94.14%



इस लिस्ट में नंबर एक पर ब्रिटिश सुपरमॉडल केट मॉस हैं। उनके चेहरे के हर हिस्से को गोल्डन रेशियो के तहत परखा गया। उनका स्कोर 94.14% आया। डॉ. जूलियन डी सिल्वा के अनुसार, केट मॉस ब्रिटिश फैशन इंडस्ट्री की पहचान रही हैं। 1993 में उनके पहले वोग कवर के बाद वे ग्लोबल सेंसेशन बन गईं।

### 2. सिंडी क्रॉफर्ड - 93.87%

इस लिस्ट में अमेरिकन सुपरमॉडल सिंडी क्रॉफर्ड 93.87% स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। 1980 के दशक से लेकर 90 के दशक तक वे सुपरमॉडल इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहीं। अगर उनके होंठ और आइब्रो के स्कोर बेहतर होते तो वे पहले नंबर पर होतीं। हाई स्कोरः ठोड़ी (99.6%), आंखों की पोजिशन (99.4%), माथा (98.6%) कम स्कोरः होंठ (84%), आइब्रो (86.2%)।



### 3. गिजेल बुंडचेन - 93.11%



ब्राजीलियन सुपरमॉडल गिजेल बुंडचेन 93.11% स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर हैं। गिजेल 2000 के दशक की सबसे चर्चित सुपरमॉडल थीं और विक्टोरिया सीक्रेट की प्रमुख चेहरे में शामिल थीं। हाई स्कोरः नाक और होंठ के बीच की दूरी (99.4%), चेहरे की बनावट (97.9%) कम स्कोरः होंठ (89%)।

### 4. जॉर्डन डन - 91.39%

ब्रिटिश मॉडल जॉर्डन डन वर्तमान दौर की सबसे खूबसूरत सुपरमॉडल मानी गईं, जिनका स्कोर 91.39% है। डॉ. डी सिल्वा के अनुसार वे नई जेनरेशन की सबसे बेहतरीन मॉडल हैं।



### 5. विनी हार्लो - 91.03%



विनी हार्लो विटिलिगो नाम के स्किन डिजीज से प्रभावित हैं। फिर भी साइंस के अनुसार 91.03% के स्कोर के साथ पांचवें नंबर पर हैं। उनकी यह उपलब्धि बताती है कि सुंदरता सिर्फ पारंपरिक मानकों तक सीमित नहीं होती।



### 6. केंडल जेनर - 91.0%

सबसे ज्यादा कमाने वाली सुपरमॉडल केंडल जेनर 91% के स्कोर के साथ छठे नंबर पर हैं। फोर्ब्स के मुताबिक केंडल दुनिया की सबसे अधिक कमाई करने वाली मॉडल हैं। हाई स्कोरः जवाइन (96.4%), आंखों की पोजिशन (97.5%) कम स्कोरः ठोड़ी (88%), चेहरे की बनावट (87.1%)।




### 7. लियू वेन - 90.98%

चीन की सुपरमॉडल लियू वेन इस लिस्ट में 90.98% स्कोर के साथ 7वें नंबर पर हैं। वे पहली चीनी सुपरमॉडल हैं जिन्होंने विक्टोरिया सीक्रेट फैशन शो में भाग लिया। हाई स्कोरः नाक (94.9%), आंखों की पोजिशन (95.1%), ठोड़ी (96.3%) कम स्कोरः आइब्रो (82.4%)।

### 8. कारा डेलवीन - 89.97%

ब्रिटिश सुपरमॉडल कारा डेलवीन 89.97% के स्कोर के साथ 8वें नंबर पर हैं। उन्होंने मॉडलिंग के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। हाई स्कोरः होंठ (98.5%), आइब्रो (94%) कम स्कोरः जालाइन (86%), ठोड़ी (83.6%)।

### 9. एमिली राताजकोवस्की - 89.37%



अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस एमिली राताजकोवस्की 89.37% के स्कोर के साथ 9वें नंबर पर रहीं. उनकी नाक लगभग परफेक्ट मानी गई है। लेकिन जालाइन और आइब्रो के स्कोर ने उन्हें पीछे कर दिया। हाई स्कोरः नाक (99.56%), होंठ (98.17%) कम स्कोरः आइब्रो (79%), जालाइन (76.8%)।



### 10. नाओमी कैंपबेल - 89.26%

90 के दशक की सबसे बड़ी सुपरमॉडल्स में से एक नाओमी कैंपबेल 89.26% के स्कोर के साथ इस लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। 30 साल बाद भी वे ग्लैमर इंडस्ट्री की एक जानीमानी शख्सियत बनी हुई हैं।

# 15000 में किराए पर मिलती हैं बीवियां, वह भी भारत में

**नई दिल्ली।** थाईलैंड में हाल ही में रेंटल वाइफ यानी किराए की पत्नी का चलन बढ़ रहा है। वहां आने वाले पर्यटकों के लिए युवा महिलाएं किराए की पत्नी बन रही हैं। लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि यह प्रथा कई सालों से भारत में भी चल रही है। यह अमानवीय प्रथा मध्य प्रदेश राज्य में हो रही है। राज्य के शिवपुरी जिले के गांवों में यह विचित्र प्रथा कई सालों से चल रही है। 'धड़ीचा' के नाम से जानी जाने वाली इस प्रथा में महिलाएं एक महीने से लेकर एक साल तक के लिए पुरुषों को किराए पर पत्नी के रूप में दी जाती हैं। इस धड़ीचा प्रथा के तहत साल में एक बार परिवार की युवा महिलाएं और पत्नियां बाजार में किराए पर दी जाती हैं। यह प्रथा कई दशकों से चल रही है, जिसमें गांव के अमीर पुरुष, जिन्हें शादी के लिए महिलाएं नहीं मिलतीं, नीलामी में किराए की पत्नियां खरीदते हैं।

आवश्यकता


आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़किया, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 09034329258 (रायपुर /09 /फरवरी25)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर /21 /फरवरी25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** – कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु** – व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** – मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5776



मंगल सेनाचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए**
1.चिकित्सा,इलाज-4
5.पैतृक संपत्ति-4
8.बलवा,क्रांति-3
9.निम्न-2
11.सुअर,शूकर-3
12.चौबीसवें तीर्थंकर-4
14.केश-2
15.मुनाफा,अर्जित-3
17.मैदे की रोटी-2
19.मनोहर,आकर्षक-5
22.अनासक्ति,निर्विकारता-5
25.पानी,नीर-2
26.सूखा,दुष्काल-3
27.कांटा,कंटक-2
28.शांति,ध्वनिहीनता-4
30.तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31.लाख,गोंद-2
33.मधुक,महुआ-3
35.हृदयगति,स्पंदन-4
36.अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2.पंख,पराया-2
3.राम का एक नाम-4
4.संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5.वियोग,जुदाई-3
6.गलत का विलोम-2
7.एकांतता,अकेलापन-4
10.मरियल,निर्बल-4
13.'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16.मक्खन-3
17.रिश्ता-2
18.लाश-3
20.माला का मोती-3
21.यमराज-2
22.ललाट-2
23.ताप वर्धक-3
24.विदिर्ण-2.2
25.पानी का बहना-5
26.जुर्म,गुनाह-4
28.रसहीनता-4
29.प्रणाम,नमस्कार-3
32.लड़ी,श्रृंखला-2
34.दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 5775 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5786

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5785 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## चुनाव के मद्देनजर तीन आदतन अपराधी किए गए जिलाबदर



**धमतरी।** नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धमतरी नम्रता गांधी ने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के तीन बदमाशों को आगामी एक वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। बदमाशों का नाम हेमंत पांडेय, विशाल बंजारे, चेतन मंडावी है।

## प्रदेश के 10 निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षक इधर से उधर

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत 10 निरीक्षकों के तबादले किए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सूची के मुताबिक निरीक्षक रामनारायण सिंह भदोरिया को पुलिस मुख्यालय से उज्जैन, शिवकुमार यादव नीमच से शाजापुर, कमल सिंह ठाकुर छतरपुर से टीकमगढ़, राजू सिंह बघेल झाबुआ से सीहोर, प्रशांत कुमार यादव पुलिस मुख्यालय से अशोकनगर, अनिल कैथवास पुलिस मुख्यालय से उज्जैन, पंकज कुमार शुक्ला सतना से टीकमगढ़, चंद्र प्रकाश सिंह चौहान विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय से गुना, विक्रम चौहान लोकायुक्त संगठन से बुरहानपुर, हरि सिंह परमार आअवि पुलिस मुख्यालय से सीहोर नवीन पदस्थापना की गई है।

### मुख्यमंत्री का रीवा दौरा स्थगित, वीसी के जरिए अधिकारियों से समुचित व्यवस्था कराने को कहा

# प्रयागराज पहुंच मार्ग पर स्थिति सामान्य होने के एक-दो दिन बाद ही जाएं श्रद्धालु: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### रीवांचल में रास्ता क्लियर होने पर ही आगे बढ़ें

रीवा क्षेत्र में प्रयागराज महाकुंभ के यात्रियों के अचानक पहुंचने से हुए जाम व दो दिन से चल रही व्यवस्था का जायजा लेने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को रीवा जाने वाले थे, किंतु उनका कार्यक्रम अचानक स्थगित हो गया, हालांकि उन्होंने सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिया कि जो भी हो, सभी तरह की व्यवस्था कराएं। किसी भी यात्री को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रयागराज का जो क्षेत्र मध्यप्रदेश से सटा हुआ है, विशेष रूप से रीवांचल इलाका, यहां से अन्य राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में महाकुंभ पहुंच रहे हैं। इसलिए वाहनों के आवागमन से सड़कों पर यातायात का कुछ दबाव बना हुआ है। राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन सभी श्रद्धालुओं के संपर्क में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकुंभ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं से अपील की है कि स्थिति सामान्य होने तक वे एक-दो दिन इस मार्ग से आगे बढ़ने से बचें। महाकुंभ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा है, उससे व्यवस्थाओं को बनाने में चुनौतियां सामने आ रही हैं। इनसे निपटने के लिए मप्र सरकार पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि सीमा क्षेत्रों में जहां भी जाम है, वहां यात्रियों के लिए पानी, भोजन और आवास व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो।



### पहले पूछताछ करें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में मप्र से प्रयागराज जाने वाले सभी यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि श्रद्धालु महाकुंभ जाने से पहले पूछताछ कर सुनिश्चित कर लें, कि आगे का रास्ता क्लीयर है या नहीं। यदि जाम की स्थितियां न हो, तभी आगे बढ़ें।*

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने की चाय-नाश्ते की व्यवस्था



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मैहर में महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को चाय-नाश्ते की व्यवस्था कर सेवा की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं मण्डल अध्यक्ष विकास तिवारी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं की मदद करें: पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से अपील की है कि कुंभ मेले में जा रहे एवं वहां से लौट रहे नागरिक जिसमें, बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग भीड़ होने से जाम में फंसे हैं। उन्हें खाने-पीने सहित अन्य समस्याओं का सामाना करना पड़ा रहा है। उनकी हर संभव मदद करें। पटवारी ने कहा, यह हम सभी का दायित्व है कि श्रद्धालुओं का सहयोग करें।

### ट्रैफिक जाम:एसपी-आईजी को निर्देश

एमपी यूपी बार्डर में प्रयागराज जाने और आने वालों की अपार भीड़ है। स्थिति यह है कि यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रदेश के रीवा सतना कटनी सहित कई जिलों में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। सबसे खराब स्थिति एमपी और यूपी के बार्डर चकघाट में बनी हुई है। प्रदेश स्तर पर यातायात की मॉनिटरिंग करने वाली विंग पीटीआरआई ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के संबंध में संबंधित रेंज और जिलों के आईजी एसपी को दिशा निर्देश जारी किए हैं। वहीं थाना पुलिस और यातायात के अधिकारियों के साथ समन्वय कर यातायात व्यवस्था की बहाली और वाहन चालकों की मदद के लिए कहा है। इधर, डीजीपी कैलाश मकवाना भी दो दिन पूर्व यूपी के डीजीपी से यातायात व्यवस्था को लेकर बात कर चुके हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले भाजपा अध्यक्ष



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने नई दिल्ली में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की।

## इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को शीघ्र क्रियान्वित करें: मंत्री सिंह

तीन चरणों में किया जाएगा क्रियान्वयन, प्रथम चरण फरवरी अंत तक होगा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मध्यप्रदेश में सड़क और भवन परियोजनाओं के सुचारू संचालन और पारदर्शी निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीएमएस) के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री सिंह ने कहा कि आईपीएमएस के प्रथम चरण को फरवरी 2025 के अंत तक, द्वितीय चरण को मई 2025 तक और तृतीय चरण को जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट मार्च 2025 में सचिवालय स्तर पर आईपीएमएस के माध्यम से ही संसाधित किया जाए।



पिछले वर्ष लोक निर्माण विभाग का कार्य भार संभालने के बाद मंत्री सिंह ने इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम को प्राथमिकता पर लागू करने के निर्देश दिए थे।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विशेष

## पं. दीनदयाल का आर्थिक चिंतन और समर्थ समाज का निर्माण

व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी, एकात्म मानव दर्शन तथा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चरणों में कोटिशः नमन। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऐसे ऋषि-राजनेता रहे, जिन्होंने राजनैतिक चिंतन के लिए एकात्म मानवदर्शन का सूत्र दिया और शासन की नीतियां बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। दीनदयाल जी जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र जीवन दर्शन के दृष्टा हैं। पंडित जी द्वारा लगाए गए जनसंघ के पौधे का विस्तार विचार के रूप में देश ही नहीं दुनिया में भी हुआ है। उन्होंने एक ऐसी राजनैतिक धारा निर्मित की जिसका लक्ष्य राष्ट्र निर्माण है। उनका मानना था कि राजनीति सत्ता के लिए नहीं अपितु समाज की सेवा के लिए हो, स्वतंत्रता के साथ भारत राष्ट्र की यात्रा भारतीय दर्शन के अनुरूप होनी चाहिए। पंडित जी ने भारत के भविष्य की कल्पना वेदों में वर्णित चार पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के आधार पर की थी। यह चारों पुरुषार्थ मन, बुद्धि, आत्मा और शरीर के संतुलन से संभव है। इससे ही एक आदर्श समाज और आदर्श राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। पहला पुरुषार्थ धर्म है जिसमें शिक्षा, संस्कार और व्यवस्था है तो दूसरे अर्थ में साधन, संपन्नता और वैभव आता है। अर्थ उपार्जन सही तरीके से हो, इसके लिये पंडित दीनदयाल जी ने मानव धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस तरह धर्मानुकूल, अर्थात उचित मार्ग से अर्थ उपार्जन करने का मार्ग प्रशस्त किया। तीसरा पुरुषार्थ है काम, जिसमें मन की समस्त कामनाएं शामिल हैं। मनुष्य को संतुलित, समयानुकूल और सकारात्मक स्वरूप में कार्य करना चाहिए। चौथा पुरुषार्थ है मोक्ष, अर्थात संतोष की परम स्थिति। उनके विकास का आधार एकात्म मानव दर्शन है। उन्होंने विकास की दिशा को भारतीय संस्कृति के एकात्म मानवदर्शन के मूल में खोजा। यही एकात्म भाव व्यष्टि से समष्टि की रचना करता है। यही पंडित दीनदयाल जी के विकास का व्यापक पक्ष है, सार्वभौम है, प्रासंगिक है। इसमें श्रीकृष्ण के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा से लेकर आज के ग्लोबलाइज्ड युग का समावेश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पं. दीनदयाल की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। दीनदयाल का कहना था कि जब तक अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति का कल्याण नहीं हो जाता तब तक विकास सही अर्थों में संभव नहीं है। इसी भाव को धरातल पर उतारते हुए मध्यप्रदेश में 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इससे प्रदेश के हर अंचल, हर क्षेत्र के लोगों की आवश्यकता, क्षमता, मेधा और दक्षता को अवसर मिलेगा। प्रदेश का हर व्यक्ति इससे जुड़ेगा और विकास की धारा में शामिल होगा। यह समिट एक तरफ जहां प्रदेश के कोने-कोने से और गांव-गांव से लोगों को उद्योग से जोड़ेगी वहीं विश्व पटल पर उनके उत्पादों को पहचान दिलाएगी। इसके लिए हमने यूके, जर्मनी और जापान की यात्रा की है। हैदराबाद, कोयंबटूर तथा मुंबई में रोड-शो कर उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया है। क्षेत्रीय से लेकर ग्लोबल स्तर तक उद्योग के लिए किया गया यह पहला नवाचार है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रहे हैं। यह समिट दीनदयाल के स्वदेशी और विकेन्द्रीकरण के चिंतन को सार्थक करेगी।

ब्लॉग



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश


उद्योग लगाने के लिए सुगमता (ईओडीबी)इकोसिस्टम को बेहतर बनाने में मध्य प्रदेश लगातार अग्रणी रहा है। अपने प्रगतिशील सुधारों और कुशल शासन के लिए पहचाने जाने वाले राज्य को बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (बीआरएपी) 2022 रैंकिंग में 'शीर्ष उपलब्धि प्राप्तकर्ताओं' में स्थान दिया गया है। यह पहल मध्यप्रदेश की व्यापार के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

# मध्यप्रदेश में उद्योग लगाना बेहद आसान यहां हर एक जरूरी सुविधाएं हैं मौजूद





**मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है**

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया है। यह विधेयक 5 विभागों द्वारा प्रशासित 8 राज्य अधिनियमों में 64 प्रावधानों को अपराधमुक्त करता है। इसका उद्देश्य राज्य में जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता को और बढ़ाना है। इसके अलावा अनुपालन बोझ कम करने के लिए विनियमों को सुव्यवस्थित करना:37 विभागों में 2,483 अनुपालनों को कम किया गया। कानूनी सुधार:920 पुराने अधिनियमों को निरस्त किया गया और 67 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया, जिससे एक सरलीकृत नियामक ढांचा सुनिश्चित किया गया।

**व्यावसायिक संचालन में होती है सुगमता**

उद्योग स्वीकृतियां:मध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अधिनियम 2023 के तहत तीन वर्षों के लिए 22 स्वीकृतियों/निरीक्षणों से 340 से अधिक उद्योगों को छूट प्रदान की गई। समझी गई स्वीकृतियों के तहत 30 दिनों के भीतर 11 लाख से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई की गई, '30 दिनों में अपना व्यवसाय शुरू करें' पहल के तहत 20,000 से अधिकआवेदन स्वीकृत माने गए।




**साइबर तहसील**

यह सभी 55 जिलों में कागज रहित, ऑनलाइन भूमि उत्परिवर्तन और रिकॉर्ड सुधार को सक्षम बनाता है।राजस्व केस प्रबंधन प्रणाली (आरसीएमएस) के माध्यम से 18.95 लाख से अधिक मामलों का समाधान करते हुए राजस्व सेवाओं को सुव्यवस्थित करता है।

**लेबर केस प्रबंधन प्रणाली**

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने श्रम संबंधी विवादों के समाधान के लिए देश में 'लेबर केस प्रबंधन प्रणाली' लागू की है।



**समर्पित एकल खिड़की प्रणाली**

एक मजबूत एकल खिड़की प्रणाली (सिंगल विंडो सिस्टम) संचालित करता है जो 13 विभागों में 54 सेवाएं प्रदान करता है, जिससे निर्बाध अनुमोदन और स्वीकृतियां सुगम होती हैं। यह राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) और इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक (आईआईएलबी) के साथ एकीकृत है, जो राष्ट्रीय ढांचे के साथ संरेखित है और निवेशकों के लिए पहुंच को बढ़ाता है।

**बुनियादी ढांचा योजना के लिए जियो पोर्टल**

राज्य का भू-स्थानिक गेटवे पर्यावरण, कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों के लिए 250 से अधिकजीआईएस परतें, सैटेलाइट इमेजरी और उपकरण प्रदान करता है, जिससे कुशल बुनियादी ढांचा योजना और अंतर विश्लेषण सक्षम होता है।

**क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन (आरआईसी) राज्य की क्षेत्रीय औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करते हैं, निवेशकों को आकर्षित करते हैं और समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं।



**भूमि आवंटन एवं सुधार**

समय अनुकूलन:भूमि आवंटन प्रक्रिया की समय सीमा को 59 दिनों से घटाकर 29 दिन कर दिया गया है, आशय पत्र (एलओआई) और आवंटन पत्र (एलओए) जारी करने के लिए एक समझी गई अनुमोदन तंत्र की शुरुआत की गई है।

D-19274/24

# ऑस्ट्रेलिया के तीन सहित अन्य देशों के कई स्टार खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। इसके लिए सभी टीमों ने अपने दल का ऐलान कर दिया है। काफी समय के बाद पाकिस्तान में किसी बड़े टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट टीम अपने मुकाबले दुबई में खेलने वाली है। जैसे-जैसे ये टूर्नामेंट नजदीक आ रहा है कई खिलाड़ी अलग-अलग वजहों से अपनी-अपनी टीम



## ऑस्ट्रेलिया के 3 खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के 3 प्रमुख खिलाड़ी कप्तान पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ये टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। कमिंस और हेजलवुड चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। वहीं, स्टोइनिस ने सभी को चौंकाते हुए अचानक वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अभी तक ये भी तय नहीं हुआ है कि टीम का कप्तान कौन होगा। हालांकि अभी ऑस्ट्रेलिया की टीम में बदलाव होना है। तेज गेंदबाजी का सारा दारोमदार मिचेल स्टार्क के कंधों पर होगा।

## दक्षिण अफ्रीका से बाहर हुए 2 खिलाड़ी

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनके अलावा टीम का एक और तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी भी चोटिल होने के कारण यह टूर्नामेंट नहीं खेलेगा। ये दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। तेम्बा बावुमा की टीम कगिसो रबाडा और मार्को येंसन पर पूरे टूर्नामेंट में निर्भर रहेगी। हालांकि, लुंगी एनगिडी की वापसी से टीम को फायदा जरूर पहुंचेगा।



## इंग्लैंड के जेकेब बेथल टीम से बाहर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज जैकेब बेथेल भी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। कप्तान जोस बटलर ने इसकी पुष्टि की है। बेथेल को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है। यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ पहले वनडे में टीम का हिस्सा था। हालांकि, वह दूसरा मुकाबला नहीं खेले थे। बेथेल की जगह टॉम बैंटन की इंग्लैंड की टीम में वापसी हुई है। वह दुबई में इंटरनेशनल टी-20 लीग खेल रहे थे। उनके बल्ले से 2 शतक भी निकले थे।

## पाकिस्तान के सैम अयूब भी बाहर

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए सभी प्रारूप में सैम अयूब खूब रन बना रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान उन्हें फील्डिंग करते हुए टखने में चोट आई और वह अपनी सरजमीं पर होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए। अयूब को 3 जनवरी को चोट आई थी और उस समय से उन्हें ठीक होने में 10 हफ्तों का समय लगेगा। फखर जमान और बाबर आजम अब सलामी बल्लेबाज के रूप में नजर आ रहे हैं।

---

भारत बनाम इंग्लैंड, तीसरा वनडे : नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज दोपहर 1.30 बजे से

# सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया आज इंग्लैंड को क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ आज बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेली जा रही 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला आज दोपहर 1.30 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम ने शुरुआती 2 मैचों को जीतकर वनडे सीरीज में अजेय बढ़त बनाई हुई है।

जहां तक जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल करने के लिए तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से भी उसकी टीम की परेशानियां बढ़ गई हैं। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। जो रूट ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है लेकिन उन्हें दूसरी तरफ से सहयोग नहीं मिला है। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया है लेकिन अगर इंग्लैंड को जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## कोहली के लिए अग्निपरीक्षा है यह मैच



इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

रोहित इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 7 मुकाबले खेले हैं और इसकी 7 पारियों में 50.57 की औसत से 354 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन है। विराट कोहली ने यहां 9 मैच में 246 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के लिए केविन पीटरसन और जो रूट ने इस मैदान पर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन (90) बनाए हैं।

### इन गेंदबाजों ने झटके हैं सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 10 विकेट लिए हैं। उन्होंने यहां 6 वनडे मुकाबले खेले थे और उनकी औसत 15.60 की रही थी। उन्होंने 3.04 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी। भारत के सक्रिय गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज के नाम सबसे ज्यादा 5 मैच में 8 विकेट है। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 3 मैच में 4 विकेट झटके हैं।

## रवीना और सर्विन ने जीता स्वर्ण, सभी नौ खिलाड़ियों ने तोड़ा पिछला रिकॉर्ड

**देहरादून।** अभूतपूर्व नतीजे में मंगलवर को यहां राष्ट्रीय खेलों की महिला 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा पूरी करने वाली सभी नौ प्रतिभागियों ने 26 साल पहले बने खेलों के रिकॉर्ड समय से बेहतर प्रदर्शन किया। स्पर्धा में 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया लेकिन दो स्पर्धा को पूरा नहीं कर पाए। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने अपनी प्रविष्टि भेजी थी लेकिन उन्होंने स्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया। मणिपुर में 1999 के बाद इस स्पर्धा की राष्ट्रीय खेलों में वापसी हुई है। पिछले साल 20 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली हरियाणा की रवीना ने 45.52 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

**कार्यालय शासकीय रानीदुर्गावती नर्सिंग महाविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)**
Ph-0761-293433 E-mail govt.rdconjbp@gmail.com
क्रमांक/नर्सिंग महा./स्था./2025/ जबलपुर/ दिनांक /02/2025

**निविदा आमंत्रण**

शासकीय रानी दुर्गावती नर्सिंग महाविद्यालय जबलपुर के छात्रावास में निवासरत छात्राओं की भोजन व्यवस्था हेतु मेस संचालन वास्ते निर्धारित शर्तों के अधीन सीलबंद निविदायें निर्धारित मीनू के आधार पर आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 17.02.2025 तक महाविद्यालय कार्यालय में स्वीकार की जा सकेगी। इच्छुक फर्म / व्यक्ति उक्त दिनांक तक निर्धारित मीनू के आधार पर दर संस्था कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 18.02.2025 को समिति के समक्ष समय दोपहर 2.00 बजे खोली जावेगी। निविदा से संबंधित शर्ते एवं मीनू कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते है।

प्राचार्य
शासकीय रानीदुर्गावती नर्सिंग महाविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला मंडला म.प्र.**
क्रमांक/पुअ/मंडला/र.नि./एमटी/144/2025 दिनांक 05/02/2025

पुलिस वाहनों की अनुपयोगी सामग्री जैसे कंडम मोटर पार्टस, टायर, ट्यूब एवं बैटरी की खुली नीलामी दिनांक 21/02/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 11.00 बजे पुलिस लाईन परिसर में की जावेगी "नीलामी की शर्ते वाहन शाखा पुलिस लाईन मण्डला या मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाईट www.mppolice.gov.in पर देखी जा सकती है"।

कंडम मोटर पार्टस, टायर, ट्यूब एवं बैटरी के लिए प्रतिभूति राशि 5000.00 (पांच हजार रुपए मात्र) प्रतिभूति राशि बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक मण्डला के नाम देय होगा जो दिनांक 19/02/2025 के 16:00 बजे तक पुलिस लाईन मण्डला में जमा करना होगा बाद में प्राप्त बैंक ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किये जायेगें।

G-22909/24 पुलिस अधीक्षक मण्डला

**भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित**
(म.प्र. सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल- 462024, म.प्र. (भारत)
Ph. 0755-2478250, 51, 53, Fax : 0755-2450898
E-mail : bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com
क्रमांक/970/भोदुसं/प्रशा./25 दिनांक : 11.02.2025

**जाहिर सूचना**

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा समूह-2 उपसमूह-4 के अंतर्गत आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 के परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 13.02.2025 को किया जाना है। उक्त दस्तावेज सत्यापन की सूचना चयनित अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है, साथ ही भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की वेबसाइट **www.sanchibhopal.com** एवं एमपीसीडीएफ की वेबसाइट **www.sanchidairy.com** पर भी दस्तावेज सत्यापन की सूचना अपलोड कर संबंधितों को सूचित किया जा चुका है।

अत: प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन में वेबसाइट पर अपलोड जीवन वृत्त (बायोडाटा) को दो प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर आपके द्वारा आवेदित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र/ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिक/विकलांग प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन, फोटोयुक्त आईडी आदि दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान/सत्यापन कराने हेतु **दिनांक 13.02.2025 को प्रात: 11.00 बजे** एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. में स्थित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र, आईएसबीटी के सामने, हबीबगंज, भोपाल में उक्त वांछित मूल दस्तावेजों, उनकी छायाप्रतियों (दो सेट) एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (दो प्रति) सहित स्वयं उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने की स्थिति में आपकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

म.प्र. माध्यम/118781/2025 प्रभारी प्रशासन



## हाई कोर्ट ने कलेक्टर से शपथ पत्र पर मांगा जवाब

# नायब तहसीलदार ने किस आधार पर दे दिया स्टे

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने नायब तहसीलदार द्वारा स्टे आर्डर जारी किए जाने को चुनौती के प्रकरण में कलेक्टर जबलपुर से शपथ पत्र पर जवाब मांग लिया है। इस सिलसिले में कलेक्टर के अलावा नायब तहसीलदार शहपुरा सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं।

हाई कोर्ट ने सवाल किया है कि एक जमीन पर दावा सिविल वाद कोर्ट में लंबित होने के बावजूद अनावेदक के हक में स्टे आर्डर कैसे जारी कर दिया गया। चूंकि मामला बेहद गंभीर है अतः कलेक्टर हर हाल में चार सप्ताह में हलफिया जवाब की प्रस्तुति सुनिश्चित करें। यह नियम-कायदे की हद लांघने का प्रकरण है। यदि कलेक्टर ने समय पर जवाब नहीं दिया तो वे कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। यदि नायब तहसीलदार ने पद का दुरुपयोग करते हुए स्टे आर्डर जारी किया है तो उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई, यह भी कोर्ट को अवगत कराना होगा। जवाब न पेश करने पर कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने तैयार रहना होगा।



याचिकाकर्ता रोहन लाल मेहरा की ओर से अधिवक्ता सचिन जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता और मदन लाल, लखन लाल के बीच गांव की एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसे लेकर मदन लाल ने सिविल कोर्ट में दावा पेश किया। साथ ही स्टे आर्डर की अंतरिम राहत चाही थी। जिसे सिविल कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। बाद अभी भी सिविल कोर्ट में लंबित है। यह मामला संज्ञान में आने के बावजूद नायब तहसीलदार द्वारा मदन लाल, लखन लाल के आवेदन पर स्टे आर्डर पारित कर दिया।

## रेलवे अधिकारी विनोद कोरी को फिर से नहीं मिला जमानत का लाभ

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे कार्मिक विभाग के अधिकारी विनोद कोरी पर उनकी सहकर्मी महिला ने आरोप लगाया था कि उक्त अधिकारी ने उनके साथ दुष्कर्म किया और बाद में ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया मामले की रिपोर्ट बरेला थाने में की गई थी जिस पर बरेला पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विनोद कोरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । विनोद कोरी द्वारा पूर्व में एक जमानत याचिका माननीय उच्च न्यायालय में दायर की गई थी जिसमें माननीय न्यायालय ने उन्हें जमानत का लाभ दिया था जमानत मिलने के बाद विनोद कोरी पर पीड़िता ने दबाव बनाने डराने धमकाने और उसका पीछा करने के आरोप लगाए गए थे और इसी आधार पर उच्च न्यायालय में जमानत याचिका निरस्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर माननीय न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए विनोद कोरी को पूर्व में दी गई जमानत को निरस्त कर दिया था। इसके साथ ही न्यायालय ने विनोद कोरी को इस बात की स्वतंत्रता दी थी कि पीड़िता के बयान एवं परीक्षण के बाद जमानत याचिका फिर से दायर की जा सकती है इसी स्वतंत्रता का लाभ उठाते हुए विनोद कोरी द्वारा फिर से माननीय उच्च न्यायालय में एक जमानत याचिका दायर की। पीड़िता के अधिवक्ता निखिल भट्ट ने न्यायालय के सामने तर्क दिया कि चूंकि परीक्षण पूर्ण रूप से खत्म नहीं हुआ है अतः अभी विनोद कोरी को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए, एडवोकेट निखिल भट्ट ने न्यायालय को इस बात से भी अवगत कराया कि विनोद कोरी द्वारा पूर्व में भी जमानत पर छूटने के बाद पीड़िता को धमकाया गया था इसलिए न्याय और पीड़िता के हित में उन्हें इस स्टेज पर जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए उच्च न्यायालय ने एडवोकेट भट्ट की दलीलों से सहमत हुए विनोद कोरी को इस बार भी जमानत का लाभ देने से इनकार कर दिया।

## अगस्त 24 से नहीं हो रहा ठेकेदारों को भुगतान

# कमीशन लाओ, भुगतान पाओ...

- वित्त अधिकारी प्रशांत गोंटिया पर 8 प्रतिशत कमीशन का लगा आरोप
- निगम के ठेकेदार बैठे धरने पर



हरिभूमि जबलपुर।

**नगर पालिक निगम के सत्ता पक्ष जनप्रतिनिधि कितना ही दावा करें परंतु वर्तमान में सच्चाई यही है कि यहां पर जमकर कमीशन का खेल खेला जा रहा है, यह खेल अधिकारियों तक ही सीमित है या उच्च स्तर है ये फिलहाल कहना मुश्किल है परंतु जिस प्रकार के आरोप लग रहे हैं उससे तो यही लगता है कि यह उच्च स्तर पर भी पहुंच गया है।**

दरअसल निगम परिसर में धरना पर बैठे निगम के ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि उनको अगस्त 2024 से अब तक दो बार धरना प्रदर्शन के बाद महज 20% ही भुगतान हो पाया है। जब भी पैसे मांगने जाते हैं तो कहा जाता है कि निगम की माली हालत ठीक नहीं है, इसलिए भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। लगभग 40 करोड़ रूपये का भुगतान अभी तक बकाया है।

धरना प्रदर्शन कर रहे ठेकेदार अभिषेक सोनकर ने निगम के वित्त अधिकारी प्रशांत गोंटिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम में लगभग 150 ठेकेदार कार्यरत हैं। जिसमें लगभग सौ-सवा सौ ठेकेदार का भुगतान रूका हुआ है। जबकि कुछ ठेकेदार ऐसे हैं जिन्हें सप्ताह में दो बार भी भुगतान हो रहा है। जब से प्रशांत गोंटिया ने वित्त अधिकारी का प्रभार संभाला है तब से ही प्रत्येक भुगतान पर 8 प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। अगर कमीशन नहीं देते हैं वह माली हालत का बहाना बना कर भुगतान रोके हुए हैं।

### हर माह करोड़ों का भुगतान

*कहा जाता है कि नगर निगम में हर माह करोड़ों रूपये का भुगतान होता है, अगर ठेकेदार जिस प्रकार से आरोप लगा रहे हैं, उससे तो यही प्रतीत होता है की वित्त अधिकारी के पास हर माह लाखों रूपये का कमीशन पहुंच रहा है। ऐसे में निगम की माली हालत ठीक नहीं होने की बात बेमानी लगती है। एक अधिकारी जब निगम से इतना कमीशन पा रहा है तो बाकी अन्य भी उसी श्रेणी में शामिल होगें। जिससे हर माह करोड़ों रूपये तो अधिकारियों के यहां पर कमीशन के रूप में पहुंच रहा है।*

### क्या निगमायुक्त करेगी कार्यवाही

निगम परिसर में धरने पर बैठे ठेकेदार खुलेआम वित्त अधिकारी पर 8 फीसदी लेने का आरोप लगा रहे हैं, ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या निगमायुक्त प्रीति यादव इस विषय को जांच में लेकर कोई कार्यवाही करेगीं। क्योंकि जब तक प्रशासनिक स्तर पर जांच नहीं होगी तो इस प्रकार के आरोप लगते ही रहेगें। अगर ठेकेदार सही हैं तो अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए, और अधिकारी सही साबित होता है तो ठेकेदारों पर कार्यवाही करना चाहिए। जिससे भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय कहे जाने वाले निगम का यह धब्बा दूर सके।


## पिस्टल, रिवाल्वर व तीन कट्टे और छह कारतूस जप्त

# तीन बदमाश अवैध हथियारों के साथ पकड़ाए

हरिभूमि, जबलपुर।

क्राईम ब्रांच की टीम ने गढ़ा व पनागर पुलिस के साथ मिलकर तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक रिवाल्वर व तीन कट्टा व छह कारतूस जप्त किये है। आरोपियों में एक विधि विवादित बालक भी शामिल है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त हथियारों के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्राईम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर गढ़ा पुलिस के साथ मिलकर देवताल गॉर्डन के पास दबिश दी। जहां तालाब के किनारे दो लड़के संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम



एवं उम्र 17 वर्ष 8 माह बतायी तथा दूसरे ने अपना नाम माजिद मूसा उम्र 18 वर्ष निवासी सूपाताल गढा बताया। तलाशी लेने पर 17 वर्षिय किशोर कमर में एक देशी रिवाल्वर एवं 2 कारतूस तथा माजिद मूसा कमर मे एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस तथा पिठ्ठु बैग में देशी 2 कट्टा एवं 2 कारतूस रखे मिला। दोनों के कब्जे देशी 1 रिवाल्वर, 3 कट्टा तथा 5 कारतूस जप्त किये गये। इसी प्रकार पनागर पुलिस के साथ मिलकर क्राईम ब्रांच की टीम ने द्वारिका परिसर में दबिश दी। जहां से पुलिस ने जितेन्द्र यादव उम्र 38 वर्ष निवासी भरदा द्वारिका परिसर के सामने पनागर को हिरासत में लिया। जिसके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल व एक कारतूस बरामद किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त अवैध हथियारों के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

## फार्मर रजिस्ट्री और आधार लिंकिंग के कार्य में बरती लापरवाही

# 44 पटवारियों का कटेगा एक दिन का वेतन, आदेश जारी

**जबलपुर।** फार्मर रजिस्ट्री और आरओआर से आधार लिंक करने के कार्य में लापरवाही बरतने पर शहपुरा तहसील में पदस्थ 44 पटवारियों का काम नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर एक दिन का वेतन काटा जायेगा। तहसीलदार शहपुरा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया हैं। सभी पटवारियों का 10 फरवरी का वेतन काटने के आदेश दिये गये हैं। फार्मर रजिस्ट्री और आरओआर से आधार लिंक करने के कार्य में लापरवाही बरतने वाले इन पटवारियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही उनके कार्यों की समीक्षा के बाद की गई है। सर्किल पीठासीन अधिकारियों द्वारा की गई समीक्षा में सभी 44 पटवारियों का यह कार्य निम्न स्तर का पाया गया था। जिन पटवारियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है उनमें अभिषेक साहू, अखिलेश कुमार, बलराम सिंह, चन्द्र शेखर चौधरी, गजेन्द्र राठौर, श्रीमती माधुरी ठाकुर, श्रीमती प्रीति राजपूत, रघुवीर सिंह ठाकुर, श्रीमती रेखा शुक्ला, सचिन नायक, सुश्री विधि साहू, विद्याचरण खरे, विजय कुमार, विनय गजभिये, विवेक शुक्ला, आदर्श परिहार, अखिलेश पटैल, अनमोल यादव, अर्पित जादौन, बृजेश मालवीय, जवाहर लाल कुशराम, जूड अनंत कुजूर, मनजीत सिंह, प्रतीत तिवारी, राजेश तिवारी, शुभम विश्वकर्मा, शुभेन्द्र पटैल, वीरेन्द्र यादव, श्रीमती कीर्ति रघुवंशी, अभिनव देव, अनिल अठैय, श्रीमती दीपिका नामदेव, केशरी प्रसाद, श्रीमती किरण पाठक, श्रीमती मीना कामें, राजेन्द्र ठाकुर, राम किशोर त्यागी, श्रीमती संध्या नायक, शिवेन्द्र उरकड़े, सुनील ठाकुर, तरूण नागले विजय कुमार चौधरी और सनिल पटैल शामिल है।

# नए प्रवेश नियमों के कारण कॉलेजों में नर्सिंग कोर्सेस की 18 हजार सीटें खाली

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसलिंग (एमपीपीएनआरसी) द्वारा सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग प्रक्रिया अपनाई है। नर्सिंग के कोर्स जैसे बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, पीबीएससी, एमएससी नर्सिंग, एएनएम की कुल 21,762 सीटों में से 18,078 सीटें खाली रह गईं। बीएससी नर्सिंग में 7,963 और जीएनएम में 8,219 सीटें अब भी खाली हैं।



सरकारी कॉलेजों में कुछ सीटें भरी गईं, लेकिन निजी कॉलेजों में ज्यादातर सीटें खाली हैं। कॉलेजों का कहना है कि प्रवेश नियम जल्दबाजी में तैयार किए गए हैं, जिससे छात्रों को पर्याप्त अवसर नहीं मिला है। एमपीएनआरसी ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) के नियमों में बदलाव कर जीएनएम नर्सिंग में प्रवेश के लिए विज्ञान (बायोलॉजी) विषय अनिवार्य कर दिया है। इस कारण अन्य संकायों के छात्र प्रवेश नहीं ले सके, जिससे सीटें खाली रह गईं।

नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि 2023-24 का सत्र शून्य कर दिया गया था, जिससे संस्थानों को आर्थिक और शैक्षणिक नुकसान हुआ। अब 2024-25 में भी प्रवेश न होने से कई कॉलेज बंद होने की कगार पर हैं। एसोसिएशन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़ाने की मांग की है।

# विक्टोरिया में लगी हाईटेक ईको मशीन, अब फ्री में होगी दिल के रोगियों की जांच

**जबलपुर।** एमपी के जबलपुर स्थित जिला अस्पताल विक्टोरिया में हृद्य रोगियों के लिए मार्डन ईको मशीन से जांच शुरु हो गई है। इसके लिए अब मरीजों को मेडिकल अस्पताल के चक्कर नहीं लगाना होगें, यह सुविधा विक्टोरिया में फ्री में उपलब्ध होगी।इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर संजय मिश्रा ने बताया कि माइंड्रे कंपनी की यह हाई क्वालिटी की मशीन हृदय की विस्तृत जांच में सक्षम है। इससे विशेष रूप से सर्जरी से पहले ईको की आवश्यकता वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। जो पहले इस जांच के लिए मेडिकल कॉलेज जाने को मजबूर थे। मशीन की एक विशेष खूबी यह है कि इसमें लगे विशेष प्रॉब की मदद से नवजात व छोटे बच्चों के जन्मजात हृदय रोगों की भी जांच की जा सकेगी।

यह सुविधा अस्पताल के आईसीयू व पीआईसीयू में भर्ती बच्चों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी। इस नई सुविधा से न केवल मरीजों का समय और पैसा बचेगा बल्कि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी मिल सकेंगी। यह कदम जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण सुधार है। जो आम जनता को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। 2डी इको मशीन हार्ट की संरचना व कार्यप्रणाली की जांच करने के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अल्ट्रासाउंड स्कैनर है।

# कार को टक्कर मारकर लोडिंग वाहन से भिड़ा ट्रक

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत ग्राम कालादेही के पास एनएच 34 रोड में एक आईसर ट्रक ने एक कार को टक्कर मारते हुए एक लोडिंग वाहन पिकअप को भी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार में सवार एक बच्चा घायल हो गया और कार व लोडिंग वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोरमपेट तिलंगाना निवासी 43 वर्षीय ट्रांसपोर्ट संचालन लक्ष्मण रेड्डी गत दिवस अपनी कार क्रमांक टीएस 08 एच यू 7007 से अपनी पत्नी निरोशा, बच्चे शेशांत रेड्डी, देवेन्द्र रेड्डी, साला नवीन रेड्डी के साथ प्रयागराज महाकुम्भ से स्नान कर अपने घर वापस आ रहे थे जैसे ही ग्राम कालादेही के पास एन एच 34 रोड में पहुँचे, तभी पीछे से आ रहे आईसर ट्रक क्रमांक के ए 40 बी 1506 के चालक ने उसकी कार में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे उसके बच्चे देवेन्द्र रेड्डी को पैर में चोटे आ गयी और कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं कार में टक्कर मारने के बाद आरोपी वाहन चालक ने लोडिंग वाहन पिकअप क्रमांक एमएच 12 एस एक्स 5349 में भी टक्कर मार दी, जिससे पिकअप वाहन पलट गया और क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पिकअप वाहन चालक बाल बाल बच गया। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## तापमान बढ़ने से मौसम में गर्माहट

# पश्चिमी विक्षोभ से फिर चढ़ा पारा

हरिभूमि जबलपुर।

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से अब दिन और रात का पारा बढ़ने लगा है। पिछले दो दिनों के मुकाबले रात का पारा औसत से ऊपर चला गया है। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल आसमान साफ है। बादल निकल गए हैं, कोई सिस्टम अभी नहीं है। लिहाजा, मौसम का मिजाज ऐसे ही चलेगा। पश्चिमी विक्षोप आने के बाद अगर बारिश हुई तो ही ठण्ड लौटेगी, वरना धीरे-धीरे मौसम गर्मी की ओर बढ़ेगा। फिलहाल उत्तरी हवाओं के कारण तापमान ज्यादा उछाल नहीं ले पा रहा है, लेकिन दिन में तेज धूप हो रही है और हवा में नमी घटती जा रही है, जिससे दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक दिन में दिन में तेज धूप वातावरण में गर्माहट बढ़ा रही हैं। रात में जरूर उत्तरी हवाएं ठंडक बना देती हैं। मौसम कार्यालय के मुताबिक अभी गर्मी के



तेवर ऐसे ही चलेंगे। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 13.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 82 प्रतिशत और सायं काल 45 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.44 मिनिट पर हुआ जबकि सूर्यास्त शाम 6.04 मिनिट पर हुआ। उत्तरी पूर्वी हवाएं हवायें 4 से 5 कि लो मी ट र प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 7.8 डिग्री तापमान कल्याणपुर (शहडोल) दमोह जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240